फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 327 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 28 जून, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



Choice has an upside to it

It is a little acknowledged fact that raising animals for food requires massive amounts of land, food, energy, and water.

Foods you must never ever have with tea

Who doesn't love a cup of *chai* with their favourite tea-time snack? But, you must choose what you put into your body, wisely!

# अठारहवीं लोकसभा का एजेण्डा निर्धारित हुआ सदन के पहले ही दिन

## आमने-सामने टकराव की रणनीति बना ली है, सरकार व विपक्ष ने

- हालांकि, परम्परा के अनुसार, राष्ट्रपति द्वारा दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में प्रस्तुत अभिभाषण पर बहस करके धन्यवाद प्रस्ताव पारित करना पहली प्राथमिकता होती है। पर, इस बार विपक्ष स्थगन प्रस्ताव लाना चाहता है, और आम जनता की सबसे बड़ी चिंता, ''नीट'' परीक्षा में पेपर लीक का मसला उठाना चाहता है।
- विपक्ष, तकनीकी दृष्टि बड़ी होशियारी से अभिभाषण का बायकॉट नहीं कर रहा है, बल्कि जनता को सबसे ज्यादा चुभने वाले मुद्दे पर सदन में बहस चाहता है।
- विपक्ष का कहना है कि, नीट पर बहस की उनकी मांग नहीं मानी गई तो वो सदन की कार्यवाही नहीं चलने देंगे। विपक्ष, अपनी इस रणनीति से लोकसभा का एजेण्डा सैट करना चाहता है।
- विपक्ष, सोमवार को संसद परिसर में लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर धरने पर भी बैठेगा।
- धरना सरकार द्वारा, ई.डी., सी.बी.आई. आदि जाँच एजेन्सियों का विपक्ष के नेताओं के खिलाफ खुला उपयोग करने के विरोध में आयोजित किया गया है। दिल्ली के मु.मंत्री केजरीवाल, झारखंड के मु.मंत्री हेमन्त सोरेन तथा, प.बंगाल के तीन कैबिनेट मंत्रियों की गिरफ्तारी सरकार की इस प्रतिशोध की रणनीति का उदाहरण है।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 जून। मोदी सरकार और विपक्षी इण्डिया गठबंधन के बीच टकराव 18वीं लोकसभा की सबसे उल्लेखनीय बात है।

संसद के दोनों सदनों के लिए एजेण्डा है, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, लेकिन विपक्ष एक स्थगन प्रस्ताव रखकर मांग करेगा कि, नीट के अति महत्वपूर्ण और वर्तमान मुद्दे पर तुरंत बहस होनी चाहिए, जिसने देश को हिलाकर रख दिया है और लाखों छात्रों के भविष्य को खतरे में डाल दिया है।

कल शुक्रवार है, जब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा होनी है।

विपक्ष यह स्पष्ट करेगा कि, वो राष्ट्रपति के अभिभाषण का बायकॉट नहीं कर रहा है, लेकिन, वो सोमवार को इस पर बहस करना चाहता है।

माना जा रहा है कि, यदि नीट पर बहस की अनुमति नहीं दी गई तो विपक्ष सदन में भारी हंगामा कर सकता है। विपक्ष दोनों सदनों में स्थगन की स्थिति पैदा कर देगा और सदन का कामकाज नहीं होने देगा।

आज शाम मल्लिकार्जुन खड़गे के निवास पर हुई विपक्षी इण्डिया गठबंधन की बैठक में विपक्षी नेताओं ने तय किया कि, संसद में नीट का मुद्दा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

स्पष्ट है कि, विपक्ष अपना एजैण्डा सैट करना चाहता है और इस बात को अधिक बड़ा पॉइन्ट बनाना चाहता है कि, जो मुद्दे आम आदमी को प्रभावित करते हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाना चाहिए।

यह सब भविष्य के कथानक को कन्ट्रोल और मॉनिटर करने का भी प्रयास है।

लेकिन बात यहीं खत्म नहीं होती। सोमवार को विपक्षी दल संसद भवन परिसर में महात्मा गाँधी की प्रतिमा के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की

कोटा, 27 जून (निसं)। कोचिंग सिटी में एक छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

यह कोचिंग छात्र मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी की तैयारी करने के लिए झारखंड से कोटा आकर दादाबाड़ी थाना इलाके में रह रहा था और 12वीं की पढ़ाई के साथ मेडिकल एंट्रेंस की तैयारी भी निजी कोचिंग संस्थान से कर रहा था। सुबह जब छात्र ने परिजनों का फोन नहीं उठाया तो परिजनों ने हॉस्टल मालिक को फोन किया। हॉस्टल मालिक द्वारा भी खटखटाने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने

- झारखंड का 17वर्षीय ऋषित अग्रवाल 12वीं के साथ नीट-यू.जी. की भी तैयारी कर रहा था।

छात्र के शव को फंदे से उतार कर एम.बी.एस. अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया।

दादाबाड़ी थाना अधिकारी नरेश मीणा ने बताया कि, 17 वर्ष का ऋषित अग्रवाल झारखण्ड के देवघर का निवासी था। एफ.एस.एल. टीम ने भी कमरे की जांच पड़ताल की है। इसके संबंध में उसके परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। परिजन झारखण्ड से कोटा के लिए रवाना हो गए हैं।

थाना अधिकारी ने बताया कि, प्रथम दृष्टया किसी तरह का कोई सुसाइड नोट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# स्पीकर ओम बिड़ला के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने भी ''एमरजैन्सी'' को भारत के प्रजातंत्र व संविधान का सबसे काला अध्याय बताया

## अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति ने कहा, भारत के संविधान व प्रजातंत्र पर देश के अन्दर एवं बाहर से लगातार हमले हो रहे हैं

- जैसा कि विदित ही है, राष्ट्रपति का अभिभाषण, सरकार तैयार करती है तथा यह सरकार की सोच व मन्तव्य का सूचक होता है।
- राष्ट्रपति ने विपक्ष की प्रतिस्पर्धा करने की सोच पर टिप्पणी की और कहा, प्रतिस्पर्धात्मक सोच के कारण, देश में प्रजातंत्र कमज़ोर पड़ता है।
- ''पिछले कई दशकों से अस्थिर सरकारों का दौर सा आया था देश में, और इस कारण से आर्थिक व समाजिक सुधार व अन्य आवश्यक निर्णय नहीं लिये जा सके थे।
- पर, अब जनता ने अपनी स्पष्ट राय व्यक्त करते हुए, अस्थिर सरकारों की स्थिति पर रोक लगा दी है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 जून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तीसरी बार एन.डी.ए. की सरकार बनने के बाद नई लोकसभा को दिए गए अपने पहले संबोधन में 25 जून 1975 को आपातकाल लगाए जाने को लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताया तथा कहा कि यह संविधान पर प्रत्यक्ष हमला था। यह स्पष्ट संकेत है कि सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा ने प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के साथ टकराव का रास्ता चुना है, बजाय देश के सम्मख मौजूद चुनौतियों पर आम राय बनाने के।

राष्ट्रपति ने कहा कि अब प्रयास किए जा रहे हैं कि संविधान को जनमानस का एक अंग बताया जा रहा है ऐसा लगता है कि यह लोकसभा चुनाव के दौरान और शपथ ग्रहण के दौरान इंडिया गठबंधन द्वारा संविधान का मुद्दा उठाने पर भाजपा को जवाब दे।

राष्ट्रपति का भाषण मौजूदा सरकार द्वारा तैयार किया जाता है और राष्ट्रपति मुर्मू अभिभाषण मोदी सरकार के इरादों की अभिव्यक्ति है। एक दिन पहले लोकसभा स्पीकर ने आपातकाल के खिलाफ दो मिनट का मौन रखवाया था। इससे जाहिर है कि मोदी सरकार ने विपक्ष के प्रति आक्रामक रूख अपनाया है।

राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में कहा कि, कुछ माह में भारत बतौर गणतंत्र 75 वर्ष पूरे कर लेगा। देश के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका के विदेश मंत्री ने भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर चिंता जताई?

## विदेश मंत्री ने 2023 की धार्मिक स्वतंत्रता की रिपोर्ट जारी करते हुए तीखी टिप्पणियां कीं, भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों की स्थिति के बारे में

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 जून। भारत में धर्मान्तरण विरोधी कानूनों, हेट स्पीच तथा अल्पसंख्यक समुदायों के घरों और पूजा स्थलों के विध्वंस के बढ़ते मामलों पर अमेरिका ने एक बार फिर चिंता जतायी है।

भाजपा नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के अभी तीन हफ्ते पहले ही सत्ता में लौटी हैं, लेकिन इस दौरान साम्प्रदायिक मोर्चे पर भारत का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा। इस अवधि में मॉब लिंचिंग, हिंसा और कथित हेट क्राइम्स के कई प्रकरण सामने आए। जैसी कि खबर मिली है, छत्तीसगढ़ में दो अलग-अलग घटनाओं में चार जनों, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक और गुजरात में एक जने की अकारण हत्या कर दी गई।

बकरीद पर देश के कई हिस्सों में मुसलमानों को निशाना बनाने और साम्प्रदायिक असंतोष की खबरे थीं।

- रिपोर्ट के अनुसार, भारत में साम्प्रदायिक हिंसा मुसलमानों पर, ईसाइयों पर, सिखों पर, दलितों पर, यहूदियों पर, आदिवासियों पर, अनुपात से कही ज्यादा भारी पड़ती है।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने वर्ष 2023 की रिलीजस फ्रीडम रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि भारत के ईसाई समुदाय ने बताया था कि भारत में स्थानीय पुलिस समर्पित लोगों की भीड़ ने धर्मान्तरण गतिविधियों का आरोप लगाते हुए उनकी प्रार्थना में व्यवधान उत्पन्न किया अथवा उग्र भीड़ जब उन पर हमला कर रही थी, तब पुलिस मूक दर्शक बने खड़ी रही। बाद में पुलिस ने धर्मान्तरण के आरोपों में पीड़ितों को गिरफ्तार किया। रिपोर्ट में मणिपुर की जातीय हिंसा का भी जिक्र है और उसमें समान नागरिक आचार संहिता, धर्मान्तरण को प्रतिबंधित करने वाले कानूनों और नए आपराधिक कानूनों सहित प्रधानमंत्री के लीगल फ्रेमवर्क को लेकर आलोचनात्मक विचार हैं।

मई माह में भी, भारत ने यूएस कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) की ऐसी ही एक रिपोर्ट को खारिज़ कर दिया था, इस रिपोर्ट में भाजपा पर ''भेदभावपूर्ण राष्ट्रवादी नीतियां पुनः लागू करने'' का आरोप लगाया था और आरोप लगाया था पार्टी पक्षपाती राजनीतिक एजेन्डा लागू करने वाली है''। यूएससीआईआरएफ ने यह भी आरोप लगाया था कि भारत सरकार ''साम्प्रदायिक हिंसा'' से निपटने में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महिला शिक्षक को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ दिया जाए

जयपुर, 27 जून (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने फरवरी, 1992 में नियुक्त हुए महिला शिक्षक को राहत देते हुए शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि, उसके सेवाकाल की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से कर समस्त सेवा परिलाभ दिए जाएं। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश संतोष की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

- राजस्थान हाई कोर्ट ने फरवरी 1999 में नियुक्त महिला शिक्षक संतोष की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि, याचिकाकर्ता संतोष की नियुक्ति फरवरी, 1992 में हुई थी। इसके बावजूद भी शिक्षा विभाग ने 31 दिसंबर के बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को ग्रीष्मावकाश का वेतन नहीं दिए जाने का निर्देश दिया था। जिसके चलते याचिकाकर्ता की सेवा में ब्रेक माना गया और उसे एक जुलाई से सेवा में नियमित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'क्या ओ.एम.आर. शीट के बारे में शिकायत करने के लिए कोई समय सीमा है'

## सुप्रीम कोर्ट ने नैशनल टैस्टिंग एजेन्सी को नोटिस जारी कर पूछा

- जस्टिस मनोज मिश्रा और एस.वी.एन. भट्टी की वकेशन बैंच ने एक लर्निंग ऐप ज़ायलम लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर यह नोटिस दिया है। यह याचिका 8 जुलाई को सुनी जाने वाली याचिकाओं के साथ ही सुनी जाएगी।
- बैंच ने लर्निंग ऐप द्वारा आर्टिकल 32 के तहत याचिका दायर करने पर भी सवाल किया। यह आर्टिकल मौलिक अधिकारों से संबंधित है। बैंच ने पूछा कि, इस मामले में लर्निंग ऐप के कौनसे मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है।
- एन.टी.ए. द्वारा नीट-यू.जी. परिक्षार्थियों का ओ.एम.आर. शीट अपलोड़ की गई है, पर, कई परिक्षार्थियों को उनकी ओ.एम.आर. शीट नहीं मिली है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 जून। सुप्रीम कोर्ट में गुरूवार को एक याचिका पर नैशनल टैस्टिंग एजेन्सी (एन.टी.ए.) से जवाब मांगा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 5 मई 2024 को जो नीट-यू.जी. 2024 की परीक्षा आयोजित की गई थी उसके लिए प्रयुक्त ओ.एम.आर. शीट में अंकों के गणना असंगत की गई है।

न्यायाधीश मनोज मिश्रा व न्यायाधीश एस.वी.एन. भट्टी की अवकाशकालीन बैंच ने एन.टी.ए. को नोटिस जारी किया और उससे जवाब मांगा है कि नीट-यू.जी. 2024 की परीक्षा से संबंधित ओ.एम.आर. शीट पर दर्ज अंकों की गणना को लेकर शिकायतें देने की एक समय सीमा निर्धारित की जाए। अदालत ने इस याचिका को भी पहले से इस मसले पर लम्बित याचिकाओं के साथ संलग्न कर दिया, जिन पर अब आगामी सुनवाई 8 जुलाई 2024 को होगी।

कोर्ट ने संक्षिप्त आदेश में कहा कि क्या ''हम यह जानना चाहते हैं कि ओ.एम.आर. शीट्स उपलब्ध कराने के लिए कोई निश्चित सीमा निर्धारित की हुई है। फिलहाल हम इसे टैग करेंगे। एन.टी.ए. ने इस पर निर्देश ले।''

मामले की सुनवाई के शुरुआत में ही न्यायाधीश मिश्रा ने याचिकाकर्ता ज़ाइलम लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड-लर्निंग ऐप की तरफ से कोर्ट में उपस्थित वरिष्ठ वकील आर. बसंत से पूछा कि वे आर्टिकल 32, जो मूलभूत अधिकारों की सुरक्षा के लिए है का उपयोग कर शीर्ष अदालत में कैसे पहुँचे। मौलिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी ने ओम बिड़ला से भेंट की

नयी दिल्ली, 27 जून (वार्ता)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को सदन के अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की।

राहुल गांधी के साथ विपक्षी दलों का एक प्रतिनिधिमंडल भी था। गांधी की बिरला से यह भेंट लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में हुई। इस दौरान विपक्ष के कई अन्य सांसद भी मौजूद रहे। इन सांसदों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद की सुप्रिया सुले, समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव, राष्ट्रीय जनता दल की मीसा भारती, द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी, रिपब्लिकन सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी, और कांग्रेस के गौरव गगोई, के. सुरेश, के. सी. वेणुगोपाल और शशि थरुर तथा अन्य विपक्षी दलों के सदस्य शामिल रहे।

- नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से राहुल गांधी ने ओम बिड़ला से भेंट की, उनके साथ विपक्षी सांसदों का प्रतिनिधिमण्डल भी था।

लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद गांधी की बिरला के साथ पहली शिष्टाचार भेंट थी।

# आडवाणी को एम्स से छुट्टी मिली

नई दिल्ली, 27 जून। वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवानी को गुरुवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें बुधवार रात दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। इससे पहले अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि, भाजपा के दिग्गज नेता की हालत स्थिर है और विशेषज्ञों की एक टीम उनकी जांच कर रही है। 96

- 96 वर्षीय पूर्व उप प्रधानमंत्री को बुधवार रात करीब 10.30 बजे दिल्ली एम्स के प्राइवेट वार्ड में भर्ती कराया गया था।

वर्षीय पूर्व उप प्रधानमंत्री को बुधवार रात करीब 10.30 बजे दिल्ली एम्स के पुराने प्राइवेट वार्ड में भर्ती कराया गया।

गौरतलब है कि, आडवानी उम्र संबंधित समस्याओं का सामना कर रहे हैं और आमतौर पर डॉक्टर उनका घर पर ही जांच करते हैं, लेकिन बुधवार रात उन्होंने पेशाब में संक्रमण की शिकायत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हम जो वादा करते हैं उसको पूरा भी करते हैं- मुख्यमंत्री भजनलाल

## 88 लाख से अधिक पैन्शनरों के बैंक खातों में 1037 करोड़ रूपए से अधिक की राशि सीधी हस्तांतरित, मु.मंत्री ने लाभार्थियों से संवाद किया

- मुख्यमंत्री ने बताया कि, राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्ष पैन्शन योजना को एक हजार रूपए से बढ़ाकर 1150 रूपए कर दिया है तथा इसमें चरणबद्ध तरीके से वृद्धि की जाएगी। संकल्प पत्र का हर वादा पूरा किया जाएगा।
- पैन्शन राशि बढ़ाए जाने पर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।
- कार्यक्रम का आयोजन झुंझुनूं के केशव उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के खेल मैदान में आयोजित हुआ था। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर पैन्शन राशि हस्तांतरित की।

झुंझुनूं, 27 जून (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, सभ्य एवं विकसित समाज सभी वर्गों के विकास के लिए संवेदनशील रहता है। सामाजिक सुरक्षा के रूप में पेंशन जरूरतमंद को आर्थिक संबल देती है, साथ ही उन्हें मुख्य धारा से जोड़े रखती है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का दायरा बढ़ाने के साथ ही पेंशन राशि में भी बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि, वृद्धजन, एकल नारी, दिव्यांगजनों सहित सभी वर्गों के उत्थान के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्पित है तथा इनके सामाजिक सुरक्षा के आवरण को कमजोर नहीं होने देगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर केशव उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के खेल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धि की राशि हस्तान्तरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बटन दबाकर प्रदेश के 88 लाख से अधिक पेंशनरों के बैंक खातों में 1 हजार 37 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तान्तरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, लघु एवं सीमांत वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना के जरिए जरूरतमंदों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। इस कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री ने खेल मैदान में अशोक के पौधे का रोपण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, राज्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*झुंझुनूं में राज्य स्तरीय सामाजिक सुरक्षा पैंशन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत व पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को गदा भेंट की।*

## विचार बिन्दु

आपत्ति काल में हमारी अजीब-अजीब लोगों से पहचान हो जाती है, जो अन्यथा संभव नहीं। –शेक्सपीयर

# एंटी पेपर लीक कानून लागू, क्या लीक प्रूफ परीक्षा की गारंटी होगी?

पेपर लीक और परीक्षाओं में भारी गड़बड़ी को लेकर देश भर में संकट छाया हुआ है। कई परीक्षायें रद्द हो गई हैं। कई रद्द होने की कगार पर हैं। करोड़ों छात्रों का भविष्य दांव पर है, भविष्य अंधकार मय है। अधिकांश शासन वर्ग के लोग लक्ष्मी के पीछे अंधी दौड़ दौड़ रहे हैं, बौराये हुये हैं। नदियों पर बने पुल बनते समय ही टूट जावें। इन्हें क्या लेना देना? नकली दवायें, नकली खाद्य पदार्थ आदि की खबरें पढ़कर जीने से ही डर लग रहा है। रिश्वत का बोल बाला है। कैसा है मेरा लोकतंत्र यहाँ विष भी नकली बिकता है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग का उच्च कर्मचारी ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो तो आप क्या कहेंगे। लोकतंत्र के तीनों पायों पर भी ईमानदारी पर संदेह है। घरों में रद्दी से भी अधिक नोटों की गड्डियां मिली हैं, जिन्हें गिनने पर मशीन की कमर ही टूट जाती है। सरकारें हमने चुनी हैं, सोचा था जनता की सेवा होगी, काम होगा, किन्तु वे तो जनता का ही गला घोट रहे हैं। जनता हर जगह ठगी जा रही है। लीक पेपर से पास होने वाले डॉक्टर से क्या आप सही इलाज की सोच सकते हैं? ऐसा करना क्या किसी लोकतंत्र देश के नागरिक को शोभा देता है? आदमी अपना ईमान ही बेच चुका है। जानवर शायद ज्यादा वफादार है। वर्तमान में पेपर लीक व परीक्षाओं में होने वाली गडबडियों को देखकर यह समझ में आ रहा है कि हम सुधरना ही नहीं चाहते। कानून कितने ही बनें, कुछ नहीं होने वाला है। आप कितनी ही जांच करा लें, जनता का विश्वास तो कहीं खो चुका है। केन्द्र सरकार, लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम 2024 लेकर आई है, क्या उपरोक्त देश की परिस्थितियों में नया कानून कुछ कर पायेगा? जब हम सुधरना ही नहीं चाहते। पूरे देश की स्थिति यही है। आंकडों में कहते हैं, राजस्थान सबसे आगे है। नीट 2021, लाइब्रेरियन भर्ती परीक्षा, वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा, स्वास्थ्य सहायक संविदा भर्ती परीक्षा, पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा, कोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा आदि आदि गिनते जाओ, अन्तहीन मामला है। कोर्ट में कई मामले लम्बित हैं, जल्दी निर्णित हो जावें, उम्मीद कम ही है। देशभर में शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग पेपर लीक के मामले में आगे हैं, वे भी नियोजित रूप में।

नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी (NTA) नीट नेट जैसी नेशनल स्तर की 15 भर्ती परीक्षायें करा रही हैं। इनकी कार्य प्रणाली संदेह व सवालों के घेरे में है। नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी (एनटीए) ने सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा को स्थगित कर दिया है, जिनके कारण गम्भीर सवाल पैदा हो गये हैं।

इस समय सबसे अधिक चर्चा में एनटीए द्वारा कराई जाने वाली नीट की मेडिकल प्रवेश परीक्षा। यूजीसी नेट 18 जून को होनी थी वह 19 जून को रद्द कर दी गई। इसमें 9,08,580 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इसमें सफल अभ्यर्थी असिस्टेन्ट प्रोफेसर, जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिये पात्र होते हैं। स्थगित करने का कारण शिक्षा मंत्री ने कहा कि टेलीग्राम पर पर्चा आ गया था। मूल पत्र से मिलाया तो वह सही पाया गया।

विभिन्न परीक्षाओं में कई अनियमिततायें पाई गईं। कई मामलों में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया। कई केन्द्रों पर अनिवार्य दो सीसीटीवी केमरे काम नहीं कर रहे थे (बंद थे)। कुछ जगह प्रश्न पत्र रखने वाले स्ट्रोंग रूम खुले मिले। कहीं सुरक्षा कर्मचारी नहीं मिले।

राजनीतिक पार्टियों ने एनडीए सरकार व शिक्षा मंत्री को घेरने की योजना बना रखी है किन्तु इससे क्या होगा? सभी पार्टियां एक आवाज में बोलती हैं दोषी को सजा दो। सुप्रीम कोर्ट बहुत तत्परता से समीक्षा कर रही है। गुनाहगारों के चेहरों की नकाब हट रही हैं, सजा होगी ही, किन्तु यह भी समस्या का निदान तो नहीं है। सरकार के पास एक ही इलाज है, नया कड़ा कानून बनाया जावे ताकि गुनाहगार बच नहीं पायें। संकल्प अच्छा है किन्तु क्या सफलता मिल पायेगी?

उपरोक्त विचारधारा से प्रेरित होकर केन्द्र सरकार एक नया कानून लेकर आई है। इसका नाम है सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधन की रोकथाम) अधिनियम, 2024 इसका उद्देश्य है धोखाधडी पर अंकुश लगाना और सार्वजनिक परीक्षाओं की शुचिता को अक्षुण्ण बनाये रखना। अतः यह अधिनियम सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकेगा तथा इससे संबंधित या इससे आनुबंगिक विषयों का उपबंध करेगा। इसका कार्य क्षेत्र काफी व्यापक रखा गया है। इस विधेयक के तहत् कोई जमानत नहीं होगी, कोई समझौता नहीं होगा और अपराध संज्ञेय होगा। इस कानून को संसद ने 6 फरवरी 2024 को पारित किया है और 9 फरवरी 2024 को राज्य सभा ने पारित किया है। केन्द्र सरकार की अधिसूचना जो भारत के गजट में प्रकाशित हुई है यह कानून के अनुसार 21 जून, 2024 से लागू हो चुका है। इसके द्वारा सरकार परीक्षाओं में धोखाधडी व गडबडियों को रोकने का संकल्प है। इस केस द्वारा गुनाहगारों को Unfair Means के आधार पर 3 साल से 5 साल की सजा और 10 लाख रूपये का जुर्माना इग्हा लगाये जाने की व्यवस्था है।

**कैसा है मेरा लोकतंत्र, यहाँ विष भी नकली बिकता है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग का उच्च कर्मचारी ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो तो आप क्या कहेंगे। लोकतंत्र के तीनों पायों पर भी ईमानदारी पर संदेह है। घरों में रद्दी से भी अधिक नोटों की गड्डियां मिली हैं, जिन्हें गिनने पर मशीन की कमर ही टूट जाती है।**

इस अधिनियम का उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकना और दण्डित करना है। अनुचित गतिविधियों में प्रश्न पत्र लीक करना, उत्तर पुस्तिकाओं में छेड़छाड करना, बैठने की व्यवस्था में हेराफेरी करना, पैसे के लाभ के लिये धोखाधडी करने के लिये फर्जी वेब साईट बनाना और फर्जी परीक्षा आयोजित करना आदि हैं।

परीक्षा संचालन के संबंध में कोई संगठित अपराध करते पाया जावे तो उसे 10 वर्ष की कैद व कम से कम एक करोड़ रूपये का जुर्माना भरना होगा। यह भी प्रावधान रखा है कि जब तक नई भारतीय दण्ड संहिता लागू रहेगी।

धारा 2(k) में "Public Examination" सार्वजनिक परीक्षा को परिभाषित किया गया है। इसके अनुसार अनुसूची में दी गई पब्लिक एग्जामिनेशन ऑथोरिटी द्वारा संचालित होने वाली परीक्षायें आवेंगी।

इस अधिनियम 2024 में यह भी व्यवस्था है कि यदि जांच के दौरान यह पता चलता है कि अपराध में सरकारी कर्मचारी शामिल है या उसकी सहमति से अपराध हुआ है तो उसे न्यूनतम 3 वर्ष और अधिकतम 10 वर्ष की सजा हो सकती है साथ ही एक करोड़ रूपये का जुर्माना भी देय होगा।

वर्तमान में जो केसेज पेपर लीक के हैं, उन पर यह कानून लागू नहीं होगा, क्योंकि आपराधिक कानून Prospective रूप से ही लागू होता है।

सार्वजनिक परीक्षा से तात्पर्य है जिनका उल्लेख विधेयक की अनुसूची में दिया है, जैसे संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, राष्ट्रीय परीक्षण सजेन्सी, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान और भर्ती के लिये केन्द्र सरकार के विभाग और सम्बद्ध कार्यालय।

सार्वजनिक परीक्षाओं से संबंधित अपराध में शामिल हैं प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी तक अनाधिकृत पहुंच या लीक। सार्वजनिक परीक्षा में उम्मीदवार की सहायता करना कम्प्यूटर नेटवर्क या संसाधनों से छेड़छाड़ करना, मेरिट सूची या रैंक को शॉर्ट लिस्ट करना, नकली परीक्षा आयोजित करना नकली एडमिट कार्ड या ऑफर लेटर जारी करना।

नीट सूची परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर और गड़बडियों को देखते हुये, प्रतिदिन नये नये खुलासे हो रहे हैं। इसके तार बिहार के बाद महाराष्ट्र से भी जुडते दिखाई दे रहे हैं। सीबीआई ने इन अनियमितताओं और गड़बडियों को लेकर, शिक्षा मंत्रालय से मिली जानकारी के आधार पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करा दी है और जांच भी प्रारम्भ हो चुकी है। यह एफआईआर आईपीसी की धारा 120बी व धारा 420 व अन्य धाराओं के तहत् है, क्योंकि नया कानून 21 जून 2024 से लागू हुआ है। मामले में गिरफ्तारी भी हुई हैं। 4 व्यक्तियों तीन टीचर हैं, जिनके विरूद्ध एफआईआर हैं। कई लोगों के नाम आ चुके हैं, जिन्होंने मुख्य भूमिकायें अदा की हैं। धांधली के तार पाँच राज्यों में फैले हुये मिले हैं। मुख्य लोगों में कुछ फरार हैं। मनीष की तलाश है। आशुतोष, संजीव मुखिया, प्रभात रंजन, यतिन यादव व सिकन्दर यादवेन्दु आदि मुख्य भूमिकाओं में हैं। कहा जाता है कि 20 परीक्षार्थी होटल में ठहराये गये थे। मनीष को छत पर पेपर जलाते हुये देखा गया है। गिरफ्तारियां भी हुई हैं।

सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित व्यवहार और प्रश्न पत्र) लीक से निपटने के लिये नया कानून अनुसूचित किया गया है, इसका उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकना और दण्डित करना है। पेपर लीक कैसे हो सकता है? कितने लोगों की इस काम में आवश्यकता है। पेपर की कापी कहां से मिलेगी। पैसों का लेनदेन कैसे होगा। पेपर असली है इसकी गारंटी कौन देगा। प्रश्नों के जवाब कौन एक्सपर्ट तैयार करायेगा। परीक्षार्थियों की तलाश कैसे होगी आदि-आदि कई प्रश्न हैं। एनटीए ने परीक्षा में गड़बड़ी में बिहार के 17 व गुजरात के 30 छात्राओं की परीक्षा में बाहर किये जाने का नोटिस दिया है। जिनका उत्तर इस नये कानून में खोजना कठिन लगता है। पेपर लीक मामले में एक नहीं अनेक लोगों की भूमिकायें हैं। इसमें परीक्षार्थी स्वयं और उनके मां-बाप भी हैं। नया कानून आधा अधूरा लगता है। इसमें अनेक संशोधनों की आवश्यकता है अथवा पेपर लीक के केसों के निर्णयों के बाद उन केसों के अनुभवों के आधार पर नया कानून लाया जाना चाहिये। पेपर लीक के मामलों में स्पेशियल कोर्ट के मजिस्ट्रेट भी प्रशिक्षित हों, जिनके पास अपना स्वतंत्र स्टाफ हो और इन्वेस्टिगेटिंग टीम हो तथा केसों का निर्णय अधिक से अधिक 3 माह में होना चाहिये। ध्यान रहे न्याय को सस्ता, सुलभ व त्वरित होना ही चाहिये। संविधान में अनुच्छेद 21 की जो व्याख्या एजा्ब व्लेम की की है वह चरितार्थ होनी चाहिये।

एनआईए का गठन इसलिये किया था ताकि प्रवेश परीक्षाओं को दोषमुक्त हो सके। अतः इसके स्थान पर अन्य एजेन्सी गठित की जावे।

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# दो पाटन के बीच स्वदेशी सोच



**अविनाश जोशी**

स्वदेशी सोच आधुनिक भारतीय समाज के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसका मतलब है अपनी देशीय उत्पादों को प्राथमिकता देना, उन्हें समर्थन देना और स्वदेशी उत्पादों की उपयोगिता बढ़ाना। स्वदेशी सोच विशेष रूप से अर्थव्यवस्था, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है। यह देश की आत्मनिर्भरता और समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण अभियान है।

भारतीय वस्तुओ के प्रति अनुराग एवम विदेशी वस्तुओ का बहिष्कार यही तो हमारा मुख्य धर्म होना चाहिए। आज की पीढ़ी को यह सब बताना होगा हमे स्वदेशी उद्योगों, शिक्षा, साहित्य, कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। फैशन ही सही लेकिन स्वदेशी मोह हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। खादी एवम सूती कपड़े का प्रचलन स्वदेशी उत्पाद के प्रति जागरूकता का ज्वलंत उदाहरण है। स्थानीय बाजार में स्वदेशी ब्रांड्स के उत्पादों और सेवाओं को समर्थन देना और बढ़ावा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन सभी पहलों के साथ, स्वदेशी ब्रांड्स को उत्पादों और सेवाओं के लिए अधिक विश्वसनीय, उपयुक्त और रचनात्मक समाधान प्रदान करने के लिए प्रयास करना होगा।

स्वदेशी सोच देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करती है क्योंकि यह उत्पादन, रोजगार, और आय को स्थानीय स्तर पर बढ़ाती है। स्वदेशी उत्पादन और सेवाओं का समर्थन करने से देश में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र का विकास होता है, जिससे सार्वजनिक उत्पादन और सेवाओं की गुणवत्ता भी बढ़ती है। इसके अलावा, स्वदेशी सोच भ्रष्टाचार को कम करने में भी मदद कर सकती है, क्योंकि स्थानीय उत्पादन और सेवाओं को समर्थन करने से विभाजन और अन्य संगठनात्मक असंतोष कम होता है।

स्वदेशी हमारे राष्ट्रीय स्वाधीनता संग्राम का मूल-मंत्र था, कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं। उन्नीसवीं सदी में दादा भाई नौरोजी की 'ड्रेन थ्योरी' हो या रमेशचंद्र दत्त की लिखी 'भारत का आर्थिक इतिहास' या सखाराम गणेश देउस्कर लिखित 'देशेर कथा' जैसी पुस्तकें हो, सभी के केंद्र में औपनिवेशिक शासन-तंत्र द्वारा देसी संसाधनों का दोहन व देशी धन-संपदा के विलायत में पलायन को रोकना मुख्य सरोकार थे। आधुनिक हिंदी साहित्य के जनक माने जाने वाले भारतेंदु हरिश्चंद्र ने अपने लेखन से स्वदेशी की अलख जगाई। 1905 का बंग-भंग विरोधी आंदोलन भी स्वदेशी की भावना से ओतप्रोत था जब बंगाल में विदेशी वस्तुओं की होली जलाई गई और उनके बहिष्कार पर बल दिया गया। इस स्वदेशी भाव को राष्ट्रीय स्तर पर बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया महात्मा गांधी ने 1920 में असहयोग आंदोलन आरंभ करके। उन्होंने इसे न केवल विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार तथा उनके अग्निदाह तक सीमित रखा, बल्कि उद्योग-शिल्प, भाषा, शिक्षा, वेश-भूषा आदि सब पर स्वदेशी का रंग चस्पा कर दिया।

स्वदेशी ब्रांड्स के सामने अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के प्रति लोगों का विश्वास और विचारशीलता बढ़ाने हेतु स्वदेशी ब्रांड्स को अपने उत्पादों और सेवाओं की उच्च गुणवत्ता और प्रदर्शन को संदर्भित करना होगा। लोगों को स्वदेशी ब्रांड्स के उत्पादों के सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्यों को समझाना चाहिए। स्वदेशी ब्रांड्स को अपने ब्रांड इमेज और विश्वसनीयता को मजबूत करने के लिए प्रयास करना होगा।

स्वदेशी वस्तुओं के मोह को बढ़ाने हेतु लोगों को स्वदेशी उत्पादों के बारे में जागरूक करें, उनके गुणवत्ता, स्थानीय उत्पादन और पर्यावरणीय लाभों के बारे में बताएं। स्वदेशी उत्पादों का समर्थन करने के लिए लोगों को प्रेरित करें, विशेष रूप से स्थानीय व्यवसायों को समर्थन दें। स्वदेशी उत्पादों की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित करें, यह ऑनलाइन या अधिक स्थानीय दुकानों में उपलब्ध हो सकता है। स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने से देश की समृद्धि और आत्मनिर्भरता में योगदान के महत्व को समझाएं। स्वदेशी ब्रांड्स को बढ़ावा देने के लिए उनका ब्रांड इमेज और विश्वसनीयता को मजबूत करें। स्वदेशी उत्पादों के लिए स्थानीय बाजारों और दुकानों में यात्रा करें, और अपने समर्थन का एक विशेष रूप उन्हें दिखाएं। इन तरीकों का अनुसरण करके, स्वदेशी उत्पादों के मोह को बढ़ा सकते हैं और देश के स्थानीय अर्थव्यवस्था को समर्थन दे सकते हैं।

ग्रामीण हाट और हस्तशिल्प स्थानीय स्तर पर स्वदेशी उत्पादों के विकास और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये उत्पादकों को सीधे बाजार तक पहुँचने का माध्यम प्रदान करते हैं और स्थानीय विकास को समर्थन देते हैं। ग्रामीण हाट और हस्तशिल्प स्थानीय कला, शिल्प, और संस्कृति को प्रमोट करते हैं, जिससे उनकी अर्थात्मकता बढ़ती है। ये हाट और हस्तशिल्प क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं, विशेष रूप से महिलाओं और गरीब वर्ग के लोगों के लिए। ये ग्रामीण हाट और हस्तशिल्प स्थानीय उत्पादकों के उत्पादों को बाजार में प्रसारित करने का माध्यम होते हैं। ये हाट और हस्तशिल्प स्थानीय शिल्पकला, बुनाई, और अन्य परंपरागत कलाओं को बचाव और संरक्षण का माध्यम भी बनाते हैं। स्थानीय समुदाय के आर्थिक विकास में सहायक होते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का उत्थान होता है।

इस प्रकार, ग्रामीण हाट और हस्तशिल्प स्थानीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और स्वदेशी उत्पादों के प्रसार और समर्थन में मदद करते हैं। स्वदेश सोच को केवल एक दिखावा मानना गलत हो सकता है। हालांकि, कुछ लोग इसे सिर्फ आधुनिक एवं कुछ अलग दिख सके इसका माध्यम मानते हैं, लेकिन असल में, स्वदेश सोच एक विचारशीलता और सामाजिक परिवर्तन की दिशा है। यह उत्पादन, वित्तीय स्वावलंबन, और स्थानीय समुदायों के विकास को समर्थन करता है। इसका उदाहरण उत्पादों की स्थानीय खरीदारी, स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहित करना, और विदेशी निवेशों के साथ समर्थन का एकीकरण हो सकता है। इसलिए, स्वदेश सोच वास्तव में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की अवधारणा है, जो समृद्धि और समाज की उन्नित की दिशा में मदद कर सकती है।

स्वदेशी सोच में खादी का महत्वपूर्ण योगदान है। खादी एक परंपरागत भारतीय वस्त्र है जो देश की स्वतंत्रता संठााम के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खादी का उत्पादन देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का स्त्रोत बनाता है और स्थानीय विकास को समर्थन करता है।

खादी के उत्पादन में श्रमिकों की संख्या बहुत बड़ी होती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। यह उत्पादन भी परंपरागत और स्थानीय वस्त्रों का उत्पादन प्रोत्साहित करता है, जो स्थानीय बाजारों को समृद्ध करता है। इसके अलावा, खादी के उत्पादन में विदेशी निवेशों की कमी होती है, जिससे देश की आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलती है। खादी उत्पादन और उपभोक्ता के बीच संबंध भी स्थापित करता है, जो राष्ट्रीय एकता और गर्व को बढ़ाता है। इस तरह, खादी स्वदेशी सोच के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान करती है।

स्वदेशी मानसिकता और आधुनिक फैशन का संगम आधुनिक जीवनशैली में एक महत्वपूर्ण दिशा है। आज के समय में, लोग अपने स्थानीय वस्त्र, शैली, और विरासत को महत्व देते हैं, जो स्वदेशी मानसिकता को प्रोत्साहित करता है। आधुनिक फैशन में स्थानीय अनुभूति, परंपरा, और कला को शामिल किया जाता है। यह लोगों को अपनी संस्कृति के प्रति गर्व महसूस कराता है और स्थानीय कलाओं को प्रोत्साहित करता है। स्वदेशी मानसिकता के साथ, लोग अपने स्थानीय उत्पादों को पसंद और समर्थन करने के लिए प्रेरित होते हैं, जिसमें स्थानीय वस्त्र, उपहार, और आभूषण शामिल हो सकते हैं। इस तरह, स्वदेशी मानसिकता और आधुनिक फैशन दोनों को ही एक मंत्र बना सकते हैं, जो स्थानीय समुदायों को समृद्धि और समाज में गर्व का अहसास कराते हैं।

**–अविनाश जोशी,**
**स्वतन्त्र पत्रकार एवं लेखक**

# कोडमदेसर तालाब में कम पानी व गर्मी के कारण हजारों मछलियां मरी

## अधिकारियों के निर्देश पर पंचायत ने मरी हुई मछलियों को जमींदोज करने का काम शुरू किया

**बीकानेर,** (निसं)। यहां कोडमदेसर तालाब में कम पानी व गर्मी के कारण हजारों मछलियां मर गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम पंचायत ने मरी हुई मछलियों को जमींदोज करने का काम शुरू कर दिया है।

श्रीकोलायत उपखण्ड क्षेत्र के प्रसिद्ध भैरूनाथ मंदिर कोडमदेसर स्थित तालाब में पिछले दो दिनों से मछलियों के मरने का सिलसिला चल रहा है, जिससे तालाब की सतह पर मृत मछलियां नजर आ रही है। मरी मछलियों के कारण गांव में फैली बदबू से परेशान ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि जेठाराम कुम्हार को मामले की जानकारी दी।

मौके पर पहुंचे कुम्हार ने मौका देख एसडीएम राजेंद्र कुमार को जानकारी दी। इसके बाद कोलायत विकास अधिकारी वीरपाल सिंह, सहायक विकास अधिकारी दिलीप सिंह बीका व भवानी सिंह मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली।

- **कोलायत विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली, वहीं मत्स्य विभाग के क्षेत्रीय विकास अधिकारी व उनकी टीम मौके पर पहुंची**

दोपहर को मत्स्य विभाग के क्षेत्रीय विकास अधिकारी पूर्णाराम प्रजापत व उनकी टीम मौके पर पहुंची। प्रजापत ने कहा कि कम पानी व गर्मी मछलियों के मरने का कारण है। उन्होंने मृत मछलियों को तालाब से बाहर निकलवाकर मिट्टी में गाढ़ने के निर्देश दिए।

साथ ही तालाब में चूना डालने की बात कही, जिससे पानी साफ हो सके। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी सुनील सुथार, कालूदास, शिवदास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

सरपंच प्रतिनिधि कुम्हार ने बताया कि तालाब में हजारों की संख्या में मछलियां मरी हुई है। मछलियों को तालाब से बाहर निकालने के लिए दो से तीन दिन लग जाएंगे। इसके लिए पंचायत स्तर पर जेसीबी तथा मजदूरों से काम शुरू करवा दिया है। सरोवर से थोड़ी दूरी पर गड्ढा खोदकर मछलियां दफनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

# गांव उवार की सड़क पिछले 10 साल से बदहाल हालत में

**भरतपुर,** (निसं)। गांव उवार की सड़क पिछले 10 साल से बदहाल हालत में है। इस और प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

राहुल उवार के नेतृत्व में गांव उवार में युवाओं के साथ खराब पड़ी सड़क को बनवाने के लिए सड़क पर विरोध किया। राहुल उवार ने कहा है कि मैंने काफी बार इस सड़क के लिए शासन-प्रशासन को ज्ञापन एवं विरोध दर्ज कराकर अवगत कराया है लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि अभी तक इस सड़क का बनने का नाम नहीं है। राहुल उवार ने कहा कि जिला प्रशासन ने होने वाली अग्निवीर भर्ती के लिए तैयारी करना शुरू कर दिया है। लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है एक महिना भी पूरा नहीं है फिजिकल की तैयारी के लिए युवा इस टूटी-फूटी सड़क पर दौड़ते हैं तो युवा चोटिल होते हैं। राहुल उवार ने बताया कि अगर युवा हाईवे की सड़क पर दौड़ने जाते हैं तो परेशान होते है। कई युवा रेस करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर चुके हैं। राहुल उवार ने कहा कि ग्रामीणों को भरतपुर जाने के लिए इस लिंक रोड से ही गुजरना होता है और आसपास के गांव के लोग भी भरतपुर के लिए इसी रोड से ज्यादातर निकलते हैं तो वह भी कई बार चोटिल हुए हैं और आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं। राहुल उवार ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर यह सड़क जल्दी से जल्दी नहीं बनती है तो बड़े पैमाने पर शासन और प्रशासन का विरोध करेंगे और सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन दर्ज कराएंगे। राहुल उवार ने क्षेत्रीय विधायक से भी निवेदन किया है कि जल्द से जल्द इस रोड की ओर ध्यान दिया जाए। इस उवार पंचायत ने काफी अच्छी मतों से आपको जीत दिलाई है। इस मौके पर प्रमोद उवार, लोकेश, जीतु, कालू, भूपेंद्र, वेदवीर, द्र, कान्हा आदि मौजूद रहे।



**गांव उवार में युवाओं ने खराब पड़ी सड़क को बनवाने के लिए सड़क पर विरोध किया।**

- **कई बार इस सड़क के लिए शासन-प्रशासन को ज्ञापन दिया, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है**

## राशिफल शुक्रवार 28 जून, 2024



**पंडित अनिल शर्मा**

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र दिन 10:11 तक, सौभाग्य योग रात्रि 9:38 तक, बव करण सांय 4:28 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मीन, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरू-वृष, शुक्र-मिथुन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 10:11 तक है। राजयोग दिन 10:11 से सांय 4:28 तक है। आज कालाष्टमी, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:22 तक, लाभ-अमृत 7:22 से 10:47 तक, शुभ 12:30 से 2:12 तक, चर 5:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:40, सूर्यास्त 7:20




**मेष**

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। आज स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखें।



**वृष**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।



**मिथुन**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।



**कर्क**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।



**सिंह**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**कन्या**

व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**तुला**

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।



**वृश्चिक**

परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अतिथियों के कारण दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।



**धनु**

घर-परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी और स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें।




**मकर**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में धार्मि कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**मीन**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। आज मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# होटल ''ताज आमेर'' पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में जे.डी.ए. और वन विभाग?

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर-दिल्ली बाइपास पर चिमनपुरा गांव में बने होटल ''ताज आमेर'' की बिल्डिंग पर जल्द ही बुलडोजर चलाने की तैयारी है। होटल के खिलाफ वन विभाग और जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की ओर से बड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

- **बताया जा रहा है कि 22 फरवरी 2024 को आयोजित राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति की 78वीं बैठक में जयपुर-दिल्ली बाइपास पर बने कान्हा होटल एंड स्पा प्राइवेट लिमिटेड (होटल ताज आमेर) को इको सेंसेटिव जोन में मानते हुए बिल्डिंग निर्माण को ध्वस्त करने का फैसला लिया गया था**
- **वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि, स्थायी समिति की ओर से होटल के निर्माण को मंजूरी न देने का निर्णय लेने के बाद इको सेंसेटिव जोन मॉनिटरिंग कमेटी ने जेडीए से (होटल) बिल्डिंग के निर्माण को हटाने के लिए कहा है। जिस पर आगामी कार्रवाई जेडीए की ओर से की जानी है।**

सूत्रों की माने तो गत 22 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति की 78वीं बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जयपुर-दिल्ली बाइपास पर इको सेंसेटिव जोन में बने कान्हा होटल एंड स्पा प्राइवेट लिमिटेड (होटल ताज आमेर) को इको सेंसेटिव जोन में माना गया। बैठक में बिल्डिंग निर्माण को ध्वस्त कर हटाने का फैसला किया गया है। इसके बाद 18 जून को इको सेंसेटिव जोन मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक में निर्णय की पालना को लेकर जेडीए को कार्रवाई के लिए कहा गया।

सूत्रों के मुताबिक वन विभाग ने ही पहले आमेर तहसील के चिमनपुरा गांव के खसरा संख्या 54, 55 और 56 में 0.0845 हैक्टेयर क्षेत्र में कान्हा होटल्स एंड स्पा प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना के निर्माण का प्रस्ताव भेजा था। इसमें लग्जरी होटल ग्रुप ताज समूह को लीज पर दिया गया था, यह नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 95 मीटर की दूरी पर स्थित है। ऐसे में अब इसे हटाने की तैयारी शुरू की जा रही है।

बता दें कि होटल की बिल्डिंग का निर्माण कुछ साल पहले हुआ था। इसकी शुरुआत साल 2023 में शुरू हुआ। इसके बाद इको सेंसेटिव जोन में निर्माण के खिलाफ शिकायत मिलने पर राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने बैठक आयोजित की थी।

सूत्रों का कहना है कि, इको सेंसेटिव जोन क्षेत्र की सीमा के एक किलोमीटर के अंदर कोई भी नया वाणिज्यिक होटल और रिसॉर्ट बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यहां सिर्फ इको-टूरिज्म गतिविधियों के लिए छोटे अस्थायी ढांचों का निर्माण हो सकता है। ऐसे में वन इको सेंसेटिव जोन में बनी ताज आमेर होटल पूरी तरीके से अवैध मानी जा रही है। होटल का निर्माण पहले एनबीडब्ल्यूएल से वन्यजीव मंजूरी हासिल किए बिना ईएसजेड के भीतर किया हुआ बताया जा रहा है।

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि, स्थायी समिति की ओर से होटल के निर्माण को मंजूरी न देने का निर्णय लेने के बाद इको सेंसेटिव जोन मॉनिटरिंग कमेटी ने जेडीए से (होटल) बिल्डिंग के निर्माण को हटाने के लिए कहा है। जिस पर आगामी कार्रवाई जेडीए की ओर से की जाएगी।

वहीं दूसरी ओर इस पूरे मामले पर होटल प्रशासन द्वारा किसी तरह के निर्णय के बारे में कोई सूचना नहीं मिलने की बात कही जा रही है।

# सचिवालय कर्मी टीम भावना से काम करें : भजनलाल शर्मा




**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को शासन सचिवालय में राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित किया।**

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सचिवालय राजस्थान की जनता की भावनाओं, इच्छाओं और उम्मीदों का मुख्य केन्द्र है। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, कार्यक्रमों और निर्णयों को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने में यहां के अधिकारी-कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को आगे बढ़ाने के लिए सभी टीम भावना के साथ कार्य करें। अधिकारी-कर्मचारी प्रदेश में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने और मदद करने की भावना से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

शर्मा गुरूवार को शासन सचिवालय में राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और पद की जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभाने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी की ओर से कर्मचारियों की जो मांगें रखी गई हैं उस पर राज्य सरकार सकारात्मक विचार करेगी। इससे पूर्व शर्मा ने सचिवालय परिसर में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां कार्य करने वालों के लिए यह गौरव की बात होनी चाहिए कि वह सचिवालय का अहम हिस्सा है। हमारी सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। वर्ष 2024-25 में राजस्थान सचिवालय सेवा की विभागीय पदोन्नित समिति की बैठक निर्धारित समय पर आयोजित कर 92 अधिकारियों को पदोन्नित दी गई।

शर्मा ने कहा कि सचिवालय में आधारभूत ढांचों के विकास कार्यों से अधिकारी व कर्मचारी स्वच्छ एवं सुगम कार्यस्थल पर काम कर पाएंगे। इसी क्रम में यहां बहुमंजिला मुख्य सचिव ब्लॉक, नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक के निर्माण के लिए 275 करोड़ रुपये की स्वीकृतियां जारी कर दी गई हैं। 70 करोड़ की लागत से नॉर्थ ब्लॉक का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। सचिवालय परिसर स्थित मुख्य भवन, खाद्य भवन और उत्तरी-पश्चिमी भवन को पूरी तरह वातानुकूलित बनाया जाएगा। इन भवनों में वीआरवी संयंत्र स्थापित करने के लिए 16 करोड़ 86 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी नौकरी सिर्फ एक नौकरी नहीं है, बल्कि यह समाज के लिए योगदान देने का एक अवसर है। यह वह जिम्मेदारी है, जिसके निर्वहन से आप हजारों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी एवं अधिकारियों को जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देनी चाहिए और उनका जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास करना चाहिए।शर्मा ने कहा कि राज्य कार्य में तेजी लाने के लिए शासन सचिवालय के सभी विभाग ई-फाइलिंग के जरिये पेपरलेस वर्क की दिशा में प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण से नवाचारों को अपनाना चाहिए। जिससे कार्यकुशलता में और अधिक वृद्धि होगी।

# श्रीमहावीरजी में पैनोरमा बनाये जाने की घोषणा का आभार जताया




**दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी की प्रबंधकारिणी कमेटी के पदाधिकारियों ने श्री महावीर जी में पैनोरमा बनाये जाने की घोषणा का आभार जताने गुरुवार को शासन सचिवालय में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से भेंट की। शिष्ट मंडल में प्रबंधकारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।**

**जयपुर,** (का.सं.)। दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी की प्रबंधकारिणी कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा श्री महावीर जी में पैनोरमा बनाये जाने की घोषणा के क्रम में आभार जताने एवं पैनोरमा की रुपरेखा की विस्तृत जानकारी देने के लिए गुरुवार को शासन सचिवालय में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से भेंट की। इस मौके पर कमेटी के शिष्ट मंडल ने गुलदस्ता भेट कर राज्य सरकार, पर्यटन विभाग एवं राजस्थान धरोहर प्राधिकरण का आभार व्यक्त किया।

उप मुख्यमंत्री ने श्री महावीर जी ट्रस्ट द्वारा पर्यटन विभाग को पेनोरमा बनाने हेतु भूमि उपलब्ध करवाने के निर्णय को स्वागत योग्य बताते हुए कमेटी पदाधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने शीघ्र ही बजट में इसकी घोषणा करने का आश्वासन दिया। शिष्ट मंडल में प्रबंधकारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, कोषाध्यक्ष विवेक काला, सदस्य सुधीर कासलीवाल, प्रशासनिक समन्वयक भारत भूषण जैन, आर्किटेक्ट आयूष कासलीवाल और तुषार सोगानी शामिल थे।

# जयपुर में मानसून की दस्तक

- **जयपुर में सुबह घंटो तक रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा**

**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर में गुरुवार को मानसून पहुंचा। इससे अब बारिश की गतिविधियों में तेजी आ जाएगी। जयपुर में सुबह कई घंटों तक रिमझिम बारिश हुई। इसके बाद सूरज की बादलों के बीच से आंख मिचौली देखने को मिली। बारिश के चलते जयपुर के दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जयपुर के दिन के तापमान में करीब 3 ओर रात के तापमान में करीब 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जयपुर में मानसून ने दस्तक दे दी है। आगामी दिनों में जयपुर में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोत्तरी दर्ज की जाएगी। 29 जून से 2 जुलाई के दौरान जयपुर में भारी से अतिभारी बारिश हो सकती है।

राजस्थान में सक्रिय मानसून ने तीन दिन में 15 से अधिक जिलों को कवर कर लिया है। इन जिलों में मध्यम से भारी बारिश का दौर शुरू हो चुका है। गुरुवार को प्रदेश के डेढ़ दर्जन शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। 29 जून से 2 जुलाई के दौरान जयपुर-भरतपुर संभाग में भारी से अतिभारी बारिश होने के आसार हैं। बीते 24 घंटे में भरतपुर, अजमेर, कोटा संभाग में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई। जयपुर संभाग में अलग-अलग जगहों पर मेघगर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई।

# सी.एच.सी. जोबनेर में दी सोनोग्राफी मशीन

जयपुर। कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा से भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सीएचसी जोबनेर, झोटवाड़ा में सोनोग्राफी मशीन की सौगात दी। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीके शीर्ष मार्गदर्शन में झोटवाड़ा के राजकीय चिकित्सालयों में चिकित्सा सेवा लगातार सुदृढ़ हो रही है। अब जोबनेर के राजकीय चिकित्सालय में मरीजों की जांच के लिए सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की इस सौगात का जनता ने आभार जताया।

# मिश्र से दिया कुमारी की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में गुरुवार को प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# गंगाराम मूलचंदानी मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष नियुक्त



गंगाराम मूलचंदानी



अशोक गुप्ता

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने सेवानिवृत न्यायाधीश गंगाराम मूलचंदानी को राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी अशोक गुप्ता को सदस्य के रूप में नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं।

राज्यपाल ने राजस्थान मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993, (मानवाधिकार संरक्षण, (संशोधन) अधिनियम 2019 अधिनियम संरक्षण 19, 2019 द्वारा संशोधित) की धारा 22 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन दोनों को पद धारण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो के लिए यह नियुक्ति की है।

# दिया कुमारी से नीदरलेंड की राजदूत की भेंट

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से भारत में नीदरलैंड की राजदूत मारिसा जेराड्र्स, राजनीतिक मामलों के द्वितीय सचिव जोस्ट वान ओस्टरब्रुगेन, सांस्कृतिक अधिकारी श्वेता कौशिक ने शिष्टाचार मुलाकात की।


**तीये की बैठक**



अत्यंत दुखः के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी माताजी स्वतंत्रता सैनानी **श्रीमती शांतिदेवी** धर्मपत्नी स्व. श्री रामदत्त जी का आकस्मिक निधन 26.06.2024 को हो गया है। जिनकी तिये की बैठक 28.06.2024 को सायं 4 से 5 बजे तक हमारे निवास स्थान डी-58 ग्रीनपार्क आगरा रोड जयपुर पर रखी गई है।

**शोकाकुल-** लक्ष्मी देवी (बेटी) पुजा, गौरव, सौरभ, एवं समस्त परिवार- 8619307689

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपने पुत्री का नाम Aavya Barak से बदलकर Aavya Ashish Barak पुत्री आशीष कुमार रख लिया है भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना जावें। निवासी-फ्लैट नं. 202 टावर 8, ओमाक्से एक्स होम जयपुर ओम्मक्स सिटी, जयपुर।

I, Wasim Akram Khan S/o Abdul Rahman, R/o 113, Pathano Ka Mohalla, Ward No. 25 Chomu, Jaipur (Raj.). I have changed my name from Wasim Akaram to Wasim Akram Khan. In future I will be known as Wasim Akram Khan.

I have changed my name from Chanchal Malik to Chanchal Khurana for all future purposes w/o Ashish Khurana R/o J-74, Ashok Chowk, Adarsh Nagar, Jaipur.

I have changed my name from Gurdeep Pal Singh to Gurdeep Singh for all purposes R/o Hotel Imperial Arvind Marg M.I. Road, Jaipur

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 38/2024

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम अनुराधा पत्नि अभिनव कुमार जाति ब्राह्मण विवाद स्थान 124/292 अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर

मृतक पति स्व. अभिनव कुमार शर्मा की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 04.07.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम अभिनव कमार पुत्र रमेश चन्द शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी सामेत हॉस्पीटल मीरा मार्ग, मानसरोवर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 04 माह 07 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर 10.30 ए.एम.अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 05 माह 04 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

**आज्ञा से-अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश संख्या 10 जयपुर महानगर प्रथम, जयपुर**

(मोहर)

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर 253 नाहरी का नाका पूर्व (सुभाष कॉलोनी) शास्त्री नगर जयपुर का मूल नगर विकास न्यास द्वारा जारी आवंटन पत्र दिनांक 09.02.1970 कब्जा पत्र दिनांक 13.06.1970 इकरारनामा दिनांक 16.01.2003 व विक्रय पत्र दिनांक 17.10.2006 एवं अन्य दस्तावेज लेमीनेटेड है उक्त आम सूचना इस प्लाट पर भारतीय स्टेट बैंक आर.ए.सी.पी.सी. कोटा से ऋण प्राप्त किये जाने हेतु प्रकाशित की जा रही है। किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में सम्पर्क करें। बाद मियाद गुजरने के कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। सूचित रहे।
ईदरीस खान, एडवोकेट, मो. 93149-63935

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति (फल एवं सब्जी) जयपुर**
महात्मा ज्योतिबा फूले मुख्य मण्डी प्रांगण
ई-मेल kums.jaipurfv@rajasthan.gov.in
क्रमांक:- 709 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक 26.06.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति (फल सब्जी) जयपुर टर्मिनल मार्केट मुहाना में फर्म मैसर्स राकेश पठानी पुत्र रमेशचन्द को आवंटित भूखण्ड संख्या डी- 183 के मालिक श्री रवि पठानी पुत्र श्री रमेशचन्द का दिनांक 21.02.2024 को स्वर्गवास उपरान्त उनके वारिस श्रीमती सिया पठानी पत्नी स्व. श्री रवि पठानी द्वारा आवंटित भूखण्ड मे उत्तराधिकारी के रूप में नाम जोडने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: स्व. श्री रवि पठानी पुत्र श्री रमेशचन्द मालिक मैसर्स राकेश पठानी पुत्र रमेशचन्द आवंटित भूखण्ड संख्या डी- 183 मुख्य मण्डी यार्ड टर्मिनल मार्केट मुहाना के स्वर्गवास उपरान्त श्रीमती सिया पठानी पत्नी स्व. श्री रवि पठानी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर आवेदन कर्ता का नाम भूखण्ड संख्या डी- 183 टर्मिनल मार्केट एवं उससे सम्बन्धित रिकार्ड में मालिक के रूप में दर्ज करने पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय मे 7 दिवस में प्रस्तुत करे। अवधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।
सचिव
कृ.उ.म.स. (फ.स.) जयपुर

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति (फल एवं सब्जी) जयपुर**
महात्मा ज्योतिबा फूले मुख्य मण्डी प्रांगण
ई-मेल : kums.jaipurfv@rajasthan.gov.in
क्रमांक : 698 दिनांक : 26.06.2024
**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति (फल सब्जी) जयपुर टर्मिनल मार्केट मुहाना में फर्म मैसर्स छिगनलाल खण्डेलवाल को आवंटित भूखण्ड संख्या सी-145 के साझेदार श्री हनुमान सहाय कुलवाल पुत्र श्री छिगनलाल का दिनांक 22.09.2009 को स्वर्गवास उपरान्त उनके वारिस श्री अरूण कुमार उर्फ अन्नु कुलवाल पुत्र स्व. श्री हनुमान सहाय कुलवाल द्वारा आवंटित भूखण्ड में उत्तराधिकारी के रूप में नाम जोड़ने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः स्व. श्री हनुमान सहाय कुलवाल पुत्र श्री छिगनलाल साझेदार मैसर्स छिगनलाल खण्डेलवाल आवंटित भूखण्ड संख्या सी-145 मुख्य मण्डी यार्ड टर्मिनल मार्केट मुहाना के स्वर्गवास उपरान्त श्री अरूण कुमार उर्फ अन्नु कुलवाल पुत्र स्व. श्री हनुमान सहाय कुलवाल द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर आवेदन कर्ता का नाम भूखण्ड संख्या सी-145 टर्मिनल मार्केट एवं उससे सम्बन्धित रिकार्ड में साझेदार के रूप में दर्ज करने पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय मे 7 दिवस में प्रस्तुत करे। अवधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।
सचिव
कृ.उ.म.स.(फ.स.) जयपुर

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**शुद्धि पत्र संख्या-1**

**कार्य का नाम:-** बीकानेर मंडल के 11 मिड-सेक्शन इंटरलॉक्ड समपार गेटों पर आरटीयू का प्रावधान और आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार डीएलएमसी सिस्टम के बड़े प्रारूप डिस्प्ले का प्रावधान और बीकानेर डिवीजन में डेटालॉगर सिस्टम के 64 केबीपीएस से ई-1 (2 एमबीपीएस) चैनल पर डेटालॉगर नेटवर्किंग को स्थानांतरित करना। शुद्धि पत्र द्वारा **निविदा संख्या एस.एण्ड.टी/बी.के.एन/ईटी 294** में निम्नलिखित संशोधन किए जाते है। **संशोधन का विवरण:** निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय **निविदा सूचना के अनुसार:** 28.06.2024 **शुद्धि पत्र के अनुसार संशोधन: 08.07.2024**
**नोट:-** अन्य शर्तें यथावत रहेगी।
**मण्डल रेल प्रबन्धक (एसएंडटी),**
732-AJ/24 **उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर**

**खोया पाया**

मेरे आवास संख्या 38/207, मानसरोवर का नाम हस्तान्तरण एवं अदेय प्रमाण पत्र किरण पथ चौराहे से खो गया है मिलने पर सूचित करें- जया अग्रवाल मो.8005752586

मास्टर्स क्रिएशन, ग्राम-महापुरा, तहसील-सांगानेर, जयपुर प्लाट नं. 130, आवंटन पत्र,स्लेट प्लान, रसीद खो गई है। सूचित करें-जटा समेर मीणा मो.नं. 7990195688

भूखण्ड संख्या-70 योजना राजारामपुरा का जविप्रा द्वारा जारी आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। जशोदा गोदारा-9413340929

मेरे भूखण्ड संख्या बी-46, योजना आचार्य विनोबा भावे नगर जवाहर पूरी भवन ग्र.नि.सह. समिति लि. जयपुर का मूल साईट प्लान कहीं गुम हो गए है मिलने पर सूचित करें। दीपक कुमार पारीक-9829115264

**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
सेक्टर-9 गोखले मार्ग, शिप्रा पथ रोड मानसरोवर जयपुर
क्रमांक :- जसअ/2023-24/23 दिनांक : 24.06.2024
**ई-निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मानसरोवर) -04 से 06/2024-25**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मानसरोवर जोन) से सम्बन्धित विकास कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व http;//sppp.raj.nic.in & eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका sppp पोर्टल यू.बी.ई.एन. नं. JMC2425WSOB00079 to JMC2425WSOB00081 है। उक्त निविदा को http;//sppp.raj.nic.in पर दिनांक 14.06.2024 को अपलोड करवा दिया जायेगा।
अधिशाषी अभियन्ता
मानसरोवर जोन
राज.संवाद/सी/24/1296

**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड जयपुर-302015, राजस्थान)
क्रमांक :- जसअ/2023-24/33 दिनांक : 26.06.2024
**बोली सूचना संख्या 01/2024-25 (मुख्यालय)**

केन्द्र एंव राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत ठेकेदार, मैन्युफेक्चरिंग अथवा अधिकृत सप्लायर एंव नगर निगम ग्रेटर जयपुर के पंजीकृत बोलीदाताओ से स्वास्थ्य स्टोर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर मुख्यालय द्वारा सफाई कार्य हेतु सफाई सामग्री डस्टबिन एंव सफाई कर्मचारियो के लिये रिफलेक्टर जैकेट आपुर्ति करने के लिये बोलीयां आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http;//sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती। UBN No. JMC2425GLOB00148 है।
मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी
(प्रभारी अधिकारी स्वास्थ्य स्टोर)
राज.संवाद/सी/24/1287

**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, जयपुर
क्रमांक :- जसअ/2023-24/28 दिनांक : 24.06.2024
**ई-निविदा सूचना क्रमांक :- 8/2024-25**

SUPPLY, DELIVERY AND INSTALLATION OF STATIC COMPACTOR MACHINES, HOOK LOADERS AND CONTAINERS WITH OPERATION & MAINTENANCE AND TRANSPORTATION OF WASTE हेतु पंजीकृत फर्म्स से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.jaipurmc.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के UBN No. JMC2425GLOB00136 पर देखी जा सकती है।
उपायुक्त (गैराज)
राज.संवाद/सी/24/1293

**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड, जयपुर)
क्रमांक :- जसअ/2023-24/31 दिनांक : 26.06.2024
**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2024-25**

नगर निगम ग्रेटर जयपुर की विभिन्न समारोह, कार्यक्रमों, मीटिंग इत्यादि की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम ग्रेटर जयपुर की Web Site www.jaipurmc.org पर देखी व Download की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकेगी। SPPP portal UBN No. JMC2425A0149 पर देखी जा सकती है।
जनसम्पर्क अधिकारी
राज.संवाद/सी/24/1288

**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर)
क्रमांक :- जसअ/2023-24/30 दिनांक : 25.06.2024
**ई-बोली सूचना सं. 01/2024-2025**

नगर निगम ग्रेटर जयपुर में फोटो स्टेट पेपर रिम ए-4 तथा एफ.एस. (लीगल) साईज की क्रय/सप्लाई का कार्य हेतु पंजीकृत / रजिस्टर्ड फर्म / संस्था / कम्पनी / एजेन्सी / अनुभवी संवेदक से दिनांक 08 जुलाई, 2024 को दोपहर 01.00 बजे तक ई-बोली आमंत्रित की जाती है। फोटो स्टेट पेपर रिम ए-4 तथा एफ.एस. (लीगल) साईज की अनुमानित लागत, बोली अमानता राशि, बोली प्रपत्र शुल्क, आर.आई.एस.एल. शुल्क एवं अन्य सम्बन्धित सूचना/निविदाशर्तो आदि का सम्पूर्ण विवरण www.sppp.raj.nic.in, www.jaipurmc.org. & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। UBN No. :-JMC2425GLOB00147
उपायुक्त (स्टोर)
राज.संवाद/सी/24/1292

**नामोद्दिष्ट अधिकारी, खान मंत्रालय, भारत सरकार**
कमरा सं.: 322- ए विंग, तीसरा तल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001
दूरभाषः 011-23384334
**''महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों को खनिज रियायत प्रदान करने के लिए चौथी श्रृंखला बोली आमंत्रण''**

अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग घ में विनिर्दिष्ट खनिजों के संदर्भ में खनिज रियायतें देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार को खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 11 (घ) के तहत प्रदत्त नीलामी शक्ति का प्रयोग करते हुए और समय-समय पर यथा संशोधित खनिज (नीलामी) नियम, 2015 के अनुसार, भारत सरकार ने नामोद्दिष्ट अधिकारी, खान मंत्रालय को महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों के 21 ब्लॉकों की ई-नीलामी की चौथी श्रृंखला शुरू करने का निर्देश दिया है। दिनांक 24 जून 2024, सोमवार की निविदा आमंत्रित करने का नोटिस (एनआईटी), एमएसटीसी ई-नीलामी पोर्टल पर प्रकाशित किया गया है। निविदा दस्तावेज की ब्रिकी का कार्य शुक्रवार, 28 जून, 2024 को प्रारम्भ होगी। निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण (https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mlcln/index.jsp) पर देखा जा सकता है।
CBC 26101/11/0002/2425

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)**
क्रमांक-7019-34 दिनांक-27.06.2024
**निलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पुलिस सवाई माधोपुर में स्टेशनरी स्टोर सवाई माधोपुर में उपलब्ध गैर मियादी/मियादी सरकारी सामान जिसकी लागत 2,14,322/- (अक्षरे दो लाख चौदह हजार तीन सौ बाईस रूपये मात्र) उक्त निलामी की खुली बोली दिनांक 11.07.2024 को प्रात 12 बजे पुलिस लाईन, सवाई माधोपुर में गठित कमेठी द्वारा सार्वजनिक निलामी की जावेगी। अतः ईच्छुक खरीददार/बोलीदाता का जरिये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
पुलिस अधीक्षक
जिला सवाई माधोपुर

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
शाखा कार्यालय: श्री राम की नागल, मुख्य गांव, श्री राम की नागल पंचायत भवन के पास, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर 302022
मोबाईल नं.: 8905990421, ई-मेल: vjshri@bankofbaroda.co.in
**''परिशिष्ट - IV - क'' [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]**
**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **प्रलक्षित कब्जा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है''** के आधार पर **श्री रमेश चंद पुत्र श्री जिन्सी यादव (ऋणी) एवं श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री रमेश चंद यादव (जमानतदार)** और **बैंक ऑफ बड़ौदा** से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि **रूपये 22,14,106.56 दिनांक 23.01.2023 को बकाया (दिनांक 23.01.2023 तक ब्याज शामिल करते हुए)** की वसूली हेतु **दिनांक 02.08.2024** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रूपये 36,10,000/- होगा** और अग्रिम धनराशि रूपये 3,61,000/- होगी।

**ज्ञात ऋण भार, यदि कोई हो, सहित अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त ब्यौरा**

श्री रमेश चंद पुत्र श्री जिन्सी यादव के नाम साम्यिक बंधक प्लॉट नं. 109, खुशी संसार-VII (नेमीनाथ नगर), गांव इंदिरापुरी, टोंक रोड, जयपुर, राजस्थान-302022 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 116.93 वर्ग गज है। **सीमाएं-** पूर्व: प्लॉट नं. 110, पश्चिम: प्लॉट नं. 108, उत्तर: रोड़ 40'0''चौड़ी, दक्षिण: अन्य भूमि

**अन्य ऋण भार:** ज्ञात नहीं

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं https://ibapi.in देखें।

दिनांक: 26.06.2024 हस्ता.
स्थान: जयपुर प्राधिकृत अधिकारी

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
मालवीय नगर शाखा, जयपुर, राजस्थान
फोन नं.: 0141-2525230/2521630
ई-मेल: maljai@bankofbaroda.com
**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्तियों के लिए)**

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, **ऋणी मैसर्स अभिषेक एक्सपोर्ट प्रोपराईटर श्री हितेश पटेल पुत्र श्री प्रवीण कुमार पटेल एवं जमानतदार श्रीमती उषा पटेल पत्नी श्री हितेश पटेल** पर मांग सूचना **दिनांक** 15.02.2024 पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 15.02.2024 को बकाया राशि रू. 52,75,762.58 (रूपये बावन लाख पचहतर हजार सात सौ बासठ एवं पैसे अठावन मात्र) (दिनांक 10.02.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 27, माह जून, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 15.02.2024** को बकाया राशि **रू. 52,75,762.58 (रूपये बावन लाख पचहतर हजार सात सौ बासठ एवं पैसे अठावन मात्र) (दिनांक 10.02.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, मालवीय नगर शाखा, जयपुर, राजस्थान** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्तियों का वर्णन**

**सम्पत्ति 1-** सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती उषा पटेल पत्नी श्री हितेश पटेल के नाम साम्यिक बंधक व्यावसायिक दुकान जो दुकान नं. एस-08, लोअर ग्राउण्ड फ्लोर, गोल्ड सूक, प्लॉट नं. 02, जगतपुरा, पेट्रोल पम्प के पास, जवाहर सर्कल, जयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 137 वर्ग फीट है। **सीमाएं-** उत्तर: गलियारा, दक्षिण: दुकान नं. एस-15, पूर्व: दुकान नं. एस-7, पश्चिम: गलियारा

**सम्पत्ति 2-** सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती उषा पटेल पत्नी श्री हितेश पटेल के नाम साम्यिक बंधक व्यावसायिक दुकान जो दुकान नं. एस-17, लोअर ग्राउण्ड फ्लोर, गोल्ड सूक, प्लॉट नं. 02, जगतपुरा, पेट्रोल पम्प के पास, जवाहर सर्कल, जयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 133 वर्ग फीट है। **सीमाएं-** उत्तर: दुकान नं. एस-16, दक्षिण: दुकान नं. एस-18, पूर्व: अन्य दुकान, पश्चिम: गलियारा

दिनांक: 27.06.2024 हस्ता.
स्थान: जयपुर प्राधिकृत अधिकारी

# राजसमंद में ढाई इंच से ज्यादा बरसात होने से सड़कें जलमग्न हुई

## लगातार एक घंटे हुई तेज मूसलाधार बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई

**राजसमंद,** (निसं)। जिले में मानसून ने दस्तक दे दी है, जहां एक दिन पहले बुधवार को लोग तेज गर्मी व उमस से परेशान थे। वहीं बुधवार रात और गुरूवार को हुई बारिश ने लोगों को राहत दे दी। जिलेभर में गुरूवार को अलसुबह से ही आसमान में हल्के बादलों के बीच धूप की आवाजाही का दौर जारी रहा। जिससे लोग तेज उमस व गर्मी से परेशान रहे। वहीं दोपहर के बाद अचानक मौसम में परिवर्तन होने के कारण तेज हवाओं के साथ तेज मेघ गर्जन होना शुरू हो गया जिसके बाद तेज मूसलाधार बारीश हुई। लगातार एक घंटे हुई तेज मूसलाधार बारीश से मौसम में ठंडक घुल गई और मौसम सुहाना हो गया।

गुरूवार को दिन के तापमान में 4 डिग्री बढ़ोतरी होने से लोगों को तेज गर्मी व भारी उमस सताने लगी लेकिन दोपहर के बाद हुई मूसलाधार बारिश ने राहत दे दी। तेज बारिश के कारण आसपास क्षेत्र के खेतों में पानी भरा गया। वहीं शहर की सड़कें भी जलमग्न हो गई और नालियों के भरने से किचड़ सड़कों पर फैल गया जिसने नगर परिषद की स्वच्छता की पोल खोल कर रख दी। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ 34 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की कमी के साथ 20 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। साथ ही 38 एमएम बारिश दर्ज की गई।

**घर पर लगे सोलर पैनल पर गिरी बिजली :-** जिला मुख्यालय के उपनगर धोइंदा स्थित एडवोकेट नरेंद्र पालीवाल के घर पर लगे सोलर पैनल पर दोपहर 2 से 3 बजे के करीब तेज गर्जना के साथ बिजली कड़की और जोर से घर पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे घर में लाखों का नुकसान हो गया। तेज बिजली गिरने के कारण घर के घरेलू उपकरण टीवी, फ्रिज, पंखे, एसी आदि अन्य उपकरण जल गए।



जिला मुख्यालय के उपनगर धोइंदा में घर पर लगे सोलर पैनल पर आकाशीय बिजली गिर गई।

# ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी व स. कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

- परिवादी के नर्सिंग होम में कमी निकाल कर उसे सील करने एवं उसके विरूद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी
- परिवादी से एक लाख रुपये की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा था, 25 हजार रुपये रिश्वत ली



एसीबी ने डॉ. कृष्णदत्त शर्मा खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं राकेश कुमार सैनी सहायक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है।

**भरतपुर,** (निसं)। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी भरतपुर इकाई द्वारा कार्रवाई करते हुये डॉ. कृष्णदत्त शर्मा खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं राकेश कुमार सैनी सहायक कर्मचारी कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कामां, जिला डीग को परिवादी से 25 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की भरतपुर इकाई को एसीबी हैल्पलाईन के माध्यम से परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि उसके नर्सिंग होम में कमी निकाल कर उसे सील करने एवं उसके विरूद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर आरोपी डॉ. कृष्णदत्त शर्मा खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कामां, जिला डीग एवं अन्य द्वारा एक लाख रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी भरतपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्रवाई करते हुए आरोपी डॉ. कृष्णदत्त शर्मा खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कामां, जिला डीग एवं राकेश कुमार सैनी सहायक कर्मचारी कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कामां, जिला डीग को परिवादी से 25 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपियों द्वारा शिकायत से पूर्व 45 हजार रुपये एवं शिकायत के सत्यापन के दौरान भी 10 हजार रुपये रिश्वत के रूप में परिवादी से वसूल कर लिये थे।

# जोधपुर में मानसून ने दस्तक दी, नाले में डूबने से युवक की मौत

## युवक को नाले से निकाल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, डॉक्टर ने मृत घोषित किया

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में पहली बरसात में ही नालों की पोल खुल गई है। शहर में गुरुवार शाम हुई बरसात के दौरान एक युवक नाले में डूब गया। उसे नाले से निकालकर मथुरादास माथुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला शहर के एयरपोर्ट रोड पर खुला नाले का है। युवक के डूबने की सूचना पर एयरपोर्ट थाना पुलिस एसीपी ईस्ट विरेंद्र सिंह पहुंचे। वहीं कलेक्टर गौरव अग्रवाल व नगर निगम दक्षिण आयुक्त भी अस्पताल पहुंची।

एयरपोर्ट थाना अधिकारी हनुमान सिंह ने बताया कि युवक 22 वर्षीय छगाराम पुत्र नरपत राम सुवालिया शेरगढ़ का रहने वाला है। वह एयरपोर्ट रोड पर किराए के मकान में रहता था। बीए सैकेंड ईयर का स्टूडेंड था और यहां प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा था। जानकारी के अनुसार जोधपुर में गुरुवार शाम होते होते मानसून ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। हवा के साथ पूर्व-दक्षिण से आए काले बादल तेजी से बरसना शुरू हो चुके हैं। ऐसे में जोधपुर के भीतरी शहर की गलियों में बरसाती पानी का तेज बहाव शुरू हो गया है। शहर के चांदपोल, नोचौकिया आसोप की पोल, कटला बाजार में पानी का बहाव काफी तेज हो गया। इधर, तेज बारिश के चलते शास्त्री नगर थाने से पहले हनवंत स्कूल के सामने नाले की दीवार टूट गई। हालांकि शहर के बाहरी क्षेत्रों में मामूली बूंदाबांदी होकर रह गई।

गुरुवार दोपहर तक जिले का मौसम पूरी तरह से साफ था और तेज धूप पड़ रही थी। दोपहर बाद हल्की हवा के साथ बादलों ने अपना डेरा डालना शुरू कर दिया और बारिश होने लगी, जिससे तापमान में गिरावट महसूस की गई है। जिले में दोपहर का पारा 38 डिग्री महसूस किया। मौसम विभाग की माने तो धीरे-धीरे जिले में बादल और भी गहरे छाएंगे। इसका असर तापमान पर साफ नजर आएगा। रात का तापमान 31 डिग्री रहने वाला है। इससे लोगों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिलेगी। जोधपुर में मानसून की बारिश के लिए दो से तीन दिन का इंतजार करना पड़ेगा। इसके बाद जिले में राहत की बूंदें बरसेगी।

# उदयपुर के बागोलिया दो इंच बरसात हुई

- उदयपुर शहर और आसपास क्षेत्र में तेज गर्जन के साथ हुई बारिश से बिजली गुल हुई
- बुधवार देर रात हुई तेज बारिश के बाद ग्रामीण इलाकों में खेतों में फसल बुवाई का कार्य शुरू

**उदयपुर,** (कासं)। लेकसिटी में गुरूवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। इससे पहले बुधवार देर रात शहर सहित आसपास के क्षेत्र में जमकर मेघ बरसे।

रात को करीब एक घंटे तक हुई तेज बारिश के साथ हवाएं भी चली। देर रात बारिश के दौरान वाहन चालकों को गंतव्य तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि देर रात हुई बारिश के बाद रात भर ठंडक रही, लेकिन गुरूवार सुबह फिर से आसमान में बादल छाने से भारी उमस हो गई। सिंचाई विभाग के अनुसार बागोलिया बांध में 52 मिलीमीटर बारिश, गोगुंदा में 18, केजड़ में 25, मादड़ी में 17, नाई में 21, स्वरूपसागर में 13, सेमारी में 40, उदयपुर शहर में 10 तथा उदयसागर में 14 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

उदयपुर शहर और आसपास के क्षेत्र में तेज गर्जन के साथ हुई बारिश के बाद कई जगहों पर बिजली गुल हो गई। बिजली के नहीं होने से लोग परेशान दिखाई दिए। एक तरफ बिजली कटौती ओर दूसरी तरफ बढ़ती उमस ने लोगों को परेशान कर दिया। शहर में कुछ इलाके ऐसे भी थी जहां पर बिजली गुल होने के बाद पानी भर गया। इससे कुछ लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार देर हुई रात तेज बारिश के बाद ग्रामीण इलाकों में खेतों में फसल की बुवाई का कार्य शुरू हो गया हैं।

# फालना में आरपीएफ के तीन अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

## पकड़े गये निरीक्षक, उप निरीक्षक और सहायक निरीक्षक के घर की तलाशी ली

**पाली,** (नि.सं.)। एसीबी मुख्यालय के निर्देशन पर पाली आदित्य इकाई द्वारा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की पाली की टीम ने बुधवार दैर रात को फालना में आरपीएफ के तीन अधिकारियों निरीक्षक, उप निरीक्षक और सहायक निरीक्षक को 65 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा। एसीबी की कार्रवाई देर रात तक चलती रही। साथ ही पकड़े गए तीन तीनों आरोपियों के घरों पर रात करीब तीन बजे तक सर्च ऑपरेशन स्थानीय पुलिस के सहयोग से चलाया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि एसीबी की पाली आदित्य इकाई को पारिवारिक द्वारा शिकायत दी गई कि आरपीएफ थाना फालना में दर्ज ऑनलाइन टिकट मामले में उसकी दुकान से ले गए लैपटॉप को अन्य दस्तावेज वापस करने एवं जांच में मदद करने की एवज में आरोपी कृपाल सिंह निरीक्षक, डिंपल बैरवा उप निरीक्षक, रमेश कुमार सहायक उप निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ फालना द्वारा दो लाख रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही है एवं बार-बार परेशान किया जा रहा है। एसीबी जोधपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र महावर के सुपरविजन में एसीबी पाली द्वितीय इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खींवसिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया। कृपालसिंह निरीक्षक, डिम्पल उपनिरीक्षक एवं रमेश कुमार सहायक उपनिरीक्षक को परिवादी से 65 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जब एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करवाया था तब आरोपी रमेश कुमार द्वारा परिवादी से 35 हजार रुपए रिश्वत के रूप में वसूल कर लिए थे।

**Rajasthan State Beverages Corporation Limited**
(A Government of Rajasthan Undertaking)
5th Floor, CoERRA Bhawan, Near Aranya Bhawan, Jaipur Pin-302004
(Ph. 0141-2744231, Fax – 0141-2744237, Email - ed.rsbcl@rajasthan.gov.in, CIN-U15511RJ2005SGC020336)

NIB No. 04/2024-25/2693 Dated : 24/ 06 / 2024

**NOTICE INVITING e-BIDs**

e-Bids for **Selection of Franchisee of RSBCL for Setting up and Operations of BIO Wholesale Vends in Rajasthan** are invited from interested bidders upto 6.00 pm on 18-07-2024. Other particulars of the bid may be downloaded from the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in of the state and https://excise.rajasthan.gov.in.

UBN No.- BCL2425SLOB00004

Raj.Samwad/C/24/1340 Executive Director

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-बाली (राज.)**
**निविदा सूचना संख्या-02 वर्ष 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार केग एए, ए, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ओनलाईन निविदायें प्राप्त करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित वेबसाइटट www.dipr.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। अन्य विभागों में पंजीकृत केवल 'ए' एवं 'एए' श्रेणी संवेदक ही निविदा में भाग लेने के पात्र होंगे।
निविदा के NIB Code है- PWD2425A0357
निविदा के है-
UBN NO.- 1. UBN NO.-PWD2425WSOB01326, 2. PWD2425WSOB01327, 3. PWD2425WSOB01328, 4. PWD2425WSOB01329, 5. PWD2425WSOB01330, 6. PWD2425WSOB01331, 7. PWD2425WSOB01332

(फतेहसिंह)
अधिशाषी अभियंता,
सा.नि.वि. खण्ड-बाली

DIPR/C/4947/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड छबड़ा**

क्रमांक-289 दिनांक - 21.06.2024

**निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों 'एए', "ए", "बी" एवं "सी" श्रेणी एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए" "ए' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in एव http://sppp.raj.nic.in परं देखा जा सकता है।
NIB Code- PWD24250358
UBN NO.- 1. PWD2425WSRC01333, 2. PWD2425WSRC01334, 3. PWD2425WSRC01335, 4. PWD2425WSRC01336

(नरेन्द्र सिंह)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड छबड़ा

DIPR/C/4943/2024

# राज्य पशु ऊंट की तस्करी मामले में एक गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। लोहावट पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान सरहद देणोक में राज्य पशु ऊंटों की तस्करी के लिए चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 10 ऊंट बरामद कर एक ट्रक व हाइड्रो को जब्त किया।

फलोदी पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने बताया कि जिले के थानाधिकारियों को वांछित एवं फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने के विशेष निर्देश दिए हुए हैं। इसमें एएसपी विक्रमसिंह भाटी, वृत्ताधिकारी शंकरलाल छाबा के निर्देशन में लोहावट थानाधिकारी शिवराज सिंह भाटी के नेतृत्व में टीम ने रात्रि गश्त के दौरान सूचनानुसार कार्रवाई करते हुए सरहद देणोक में ऊंटों की तस्करी के लिए चोरी करने के आरोप में एक आरोपी सारणपुर पुलिस थाना कुतुबसेर जिला सारणपुर उत्तरप्रदेश निवासी दिलसाद पुत्र वाजिद खां को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से तस्करी के लिए चुराए गए 10 ऊंट बरामद किए गए तथा चोरी व तस्करी में प्रयुक्त एक ट्रक व हाइड्रो जब्त किया।

# सूरसागर उपद्रव मामला : प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने दौरा किया

- जो भी अपराधी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी : मदन दिलावर
- पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई का फीडबैक लेने सहित भाजपा नेताओं से जानकारी ली

**जोधपुर,** (कासं)। प्रदेश के शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री मदन दिलावर अपने जोधपुर प्रवास के दौरान सूरसागर क्षेत्र में पहुंचे तथा पिछले दिनों हुए तनाव के मामले में फीडबैक लिया। उन्होंने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई का फीडबैक लेने के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से जानकारी ली।

सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी के अलावा भाजपा के कार्यकर्ताओं से मदन दिलावर ने फीडबैक लिया। बार-बार क्षेत्र में शांतिभंग होने को लेकर फीडबैक भी लिया। दिलावर ने शांतिभंग होने के कारणों के बारे में चर्चा करने के साथ ही पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से भी चर्चा की। मदन दिलावर इस दौरान इस हादसे में घायल हुई महिला के निवास पर भी पहुंचे। हादसे में एक महिला की आंख में चोट लग गई थी जिसके निवास पर पहुंचकर मदन दिलावर ने परिवारजनों से मुलाकात की।

दिलावर ने कहा कि परिवारजनों से मुलाकात की जिसमें महिला की आंख को ज्यादा नुकसान हुआ है, जो भी अपराधी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने इस क्षेत्र में अतिक्रमण करने वालो पर भी शिकंजा कसने की बात कही।

# पूरक परीक्षा, मुख्य परीक्षा व आवेदन की तिथियां घोषित

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पूरक परीक्षा 2024, मुख्य परीक्षा 2025 एवं इनके लिए आवेदनों की तिथियां घोषित कर दी हैं। बोर्ड की सप्लीमेंट्री परीक्षा के प्रेक्टिकल 25 जुलाई एवं सैद्धांतिक परीक्षा एक अगस्त से शुरू होगी।

इसी तरह बोर्ड मुख्य परीक्षा 2025 के तहत सीनियर सैकण्डरी की परीक्षा 20 फरवरी एवं सैकण्डरी परीक्षा 27 फरवरी से आयोजित करेगा। इनके आवेदन की तिथियां भी निर्धारित कर दी गई हैं। बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशासक महेश चन्द्र शर्मा के निर्देशानुसार परीक्षा तिथियां निर्धारित की गई हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 की पूरक परीक्षा (प्रायोगिक) 25 जुलाई से एवं पूरक परीक्षा (सैद्धान्तिक) एक अगस्त से प्रारम्भ होगी।

पूरक परीक्षार्थ आवेदन करने की अंतिम तिथि ऑनलाइन पूरक परीक्षा शुल्क के लिए सामान्य परीक्षा शुल्क एक से 10 जुलाई तक एवं एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित 11 से 18 जुलाई तक होगी। असाधारण परीक्षा शुल्क 1500 रूपये शास्ति, नियमित परीक्षार्थी शुल्क 600 रूपये कुल 2100 रूपये तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थी शुल्क 650 रूपये, एक परीक्षा शुल्क सहित कुल 2150 रूपये है। परीक्षा प्रारम्भ होने तक शुल्क केवल परीक्षा केन्द्र पर डीडी से जमा होगा।

# साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा मिलिट्री साइंस तथा म्यूजिक (वॉयलन) विषय की परीक्षा के फलस्वरूप साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। इसमें म्यूजिक (वॉयलन) के 2 पदों के विरुद्ध 6 अभ्यर्थियों एवं मिलिट्री साइंस के 1 पद के विरुद्ध 3 अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया गया है। इन विषयों की परीक्षा का आयोजन सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के अंतर्गत 31 मार्च 2024 को किया गया था। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षान्तर्गत तृतीय प्रश्न-पत्र (जनरल स्टडीज ऑफ राजस्थान) की परीक्षा का आयोजन 7 जनवरी 2024 को किया गया था।

# दो ट्रकों की भिड़ंत के बाद आग लगी

**बीकानेर,** (निसं)। भारतमाला सड़क पर गुरुवार को दो ट्रकों की भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि भिड़ंत के बाद एक ट्रक में आग लग गई, जिससे केबिन में फंसा एक चालक जिंदा जल गया। जबकि हादसे में तीन जने झुलस गए। इन तीनों को पुलिस ने पीबीएम अस्पताल पहुंचाया जहां इनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि जामनगर-अमृतसर हाइवे पर जैतसर के निकट एक ट्रक में तकनीकी खराबी आ गई थी। जिसको ट्रक का चालक व अन्य दुरुस्त करने की कोशिश में जुटे हुए थे। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने वहां खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों ट्रकों में आग लग गई। हादसे में एक ट्रक का चालक अन्दर फंस गया जिसकी वजह से वह जिंदा जल गया। इस हादसे में मौके पर मौजूद तीन अन्य लोग भी झुलस गए।

राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग**
प्रथम, स्वास्थ्य भवन, भीनमाल रोड, जालौर

क्रमांक- अ.अ./चि एवं स्वा./2024-25/564-575 दिनांक-24.06.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अन्तर्गत विभिन्न चिकित्सालयों पर रू. 613.00 लाख के 11 सिविल कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्माण कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित विवरण डीआईपीआर की वेबसाईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वैबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है। NIB NO. NRH2425A0173
1. NRH2425WSOB00320, 2. NRH2425WSOB00321, 3. NRH2425WSOB00322, 4. NRH2425WSOB00323, 5. NRH2425WSOB00324, 6. NRH2425WSOB00325, 7. NRH2425WSOB00326, 8. NRH2425WSOB00327, 9. NRH2425WSOB00328, 10. NRH2425WSOB00329, 11. NRH2425WSOB00330

(रणवीर सिंह कछवाहा)
अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जालोर

DIPR/C/4994/2024

# विद्युत करंट से एक ही परिवार के छह बच्चे झुलसे

## इलाज के दौरान एक बच्ची की मौत, गंभीर हालत में दो मासूम जयपुर रैफर

- हाईटेंशन लाइन टूटकर नजदीक के ट्रांसफार्मर पर गिर गई थी
- इस कारण समीप ही एक घर में हाई वोल्टेज के कारण करंट फैल गया



घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया।

**करौली,** (निसं)। सपोटरा उपखंड के बूकना गांव में गुरूवार प्रात: हाईटेंशन लाइन के कारण हुए हादसे में एक ही परिवार के छह बच्चे बुरी तरह झुलस गए। इलाज के दौरान एक बच्ची की मौत हो गई। गंभीर हालत में दो मासूमों को जयपुर रैफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बूकना गांव में एक हाईटेंशन लाइन टूटकर नजदीक के ट्रांसफार्मर पर गिर गई। इस कारण समीप ही एक घर में हाई वोल्टेज के कारण करंट फैल गया, जहां जमीन पर सो रही पांच लड़की और दो लड़के करंट की चपेट में आ गए। इस दौरान मौके पर चीख पुकार मच गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। परिजन झुलसे बच्चों को सपोटरा के अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान एक बच्ची प्रिया महावर (16) पुत्री जितेंद्र महावर की मौत हो गई। वहीं संध्या (7), सोनम (12) अन्नू (7), आयुष (6) वर्ष गंभीर रूप से झुलस गये जिन्हें गंभीर अवस्था में करौली अस्पताल रैफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद विद्युत विभाग व उपखंड प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

वहीं करौली दौरे पर आये जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेडम, जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, सपोटरा विधायक हंसराज मीना, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया आदि के साथ पीड़ित परिवार के घर पहुंचे जहां उन्हें ढांडस बंधाते हुए सांत्वना दी।

राजस्थान सरकार
**कार्यालय निदेशक, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, राजस्थान, जयपुर**
(दूरभाष नं. 0141-2820360 email-dirarchraj@gmail.com

क्रमांक- फु.सं./स्मा./तक./मावठा दक्षिण पार्किंग/2024/8487 दिनांक-24.06.2024

**ई-बिड सूचना**

मावठा दक्षिण आमेर महल परिसर, आमेर में पार्किंग स्थल के लिए दो वर्ष हेतु पार्किंग ठेका कार्य हेतु अनुभवी फर्मो से ऑनलाईन बिड दो अलग-अलग प्रस्तावों में (तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव के रूप में) आमंत्रित की जाती है।

| पार्किंग स्थल | बिड लागत (राशि रूपये) | बिड फीस (राशि रूपये) | बिड प्रतिभूति राशि (राशि रूपये) | बिड प्रोसेसिंग फीस (राशि रूपये) | बिड प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | तकनीकी बिड ऑनलाईन खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मावठा दक्षिण, आमेर महल, आमेर | 1,05,00,000 | 2,000 | 2,10,000 | 2,000 | दिनांक 03.07.2024 प्रात 10 बजे से दिनांक 22.07.2024 को सांय 5.00 बजे तक | 23.07.2024 प्रात 11.00 बजे |

Bid UBN No. (1) AMD2425SLOB00010
Detailed bid document can be viewed or/and download from websites http://museumsrajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in

DIPR/C/4963/2024 Director

# जयपुर में दक्षिण अफ्रीका और नाइजीरिया के दो युवक कोकीन बेचते पकड़े

## प्रताप नगर इलाके की श्रीराम कॉलोनी में पुलिस ने एक अपार्टमेंट में दबिश मारकर दोनों विदेशी युवकों को तस्करी करते हुए पकड़ा

**जयपुर।** कमिश्नरेट पुलिस ने प्रताप नगर इलाके में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अंतरराष्ट्रीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। दक्षिण अफ्रीका का रहने वाला माइकल और नाइजीरिया का रहने वाला इमैनुअल को पुलिस ने डिटेन किया।

प्रारम्भिक पूछताछ के बाद आरोपी के फ्लैट की तलाशी के दौरान पुलिस को 116 ग्राम कोकीन मिली। इस कोकीन की बाजार कीमत करीब 2 करोड़ रुपए हैं। आरोपी कॉलेज और स्कूलों के आस-पास नशीला पदार्थ बेचते थे। आरोपी पिछले आठ माह से जयपुर में रह रहे है और लगातार मादक पदार्थ बेचने का काम कर रहे थे। आरोपी यहां पर रहकर स्कूल कॉलेज स्टूडेंट और होटलों में फोन आने पर सप्लाई करने जाते है। गिरफ्तार आरोपियों के वीजा की अवधि भी खत्म हो चुकी है। डीसीपी ईस्ट कावेन्द्र सागर ने बताया कि डीएसटी ईस्ट की टीम को मादक पदार्थ की तस्करी और सेवन करने वालों पर कार्रवाई के आदेश दिए थे। इस पर डीएसटी ईस्ट के प्रभारी लक्ष्मी नारायण के सुपरवीजन में एक टीम पिछले कुछ समय से ऐसे लोगों की तलाश में थी जो लोग प्रताप नगर, जगतपुरा स्थित कॉलेज को बच्चों तक नशीला पदार्थ पहुंचा रहे थे।



जयपुर के प्रताप नगर इलाके में पुलिस ने दो विदेशी युवकों को मादक पदार्थों की तस्करी करते गिरफ्तार किया।

### कोकीन के साथ मोबाइल और लेपटॉप भी मिले

इस पर कल पुलिस को टिप मिली जिस पर डीएसटी प्रभारी अपनी टीम को लेकर प्रताप नगर पहुंचे।

जहां पर प्रताप नगर थाना पुलिस का जाप्ता साथ में लेकर श्रीराम विहार कॉलोनी में एक अपार्टमेंट में दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस टीम को मौके से दक्षिण अफ्रीका निवासी माइकल और नाइजीरिया निवासी इमैनुअल मिले। इन दोनों विदेशियों से जब गहनता से पूछताछ की गई। इन लोगों ने तस्करी करना और सेवन करना कबूल किया।

जिस पर इन के फ्लैट की तलाशी के दौरान पुलिस को 116 ग्राम मादक पदार्थ कोकीन बरामद हुई। इसकी बाजार कीमत करीब 2 करोड़ रुपए है। इनके पास से 11 मोबाइल फोन, एक लेपटॉप और 45 हजार रुपए नगद मिले। दोनों को आज कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया।

- आरोपियों के पास से 11 मोबाइल फोन, एक लेपटॉप और 45 हजार रुपए नगद मिले
- आरोपी पिछले आठ माह से जयपुर में लगातार मादक पदार्थ बेचने का काम कर रहे थे
- आरोपी स्कूल-कॉलेज के स्टूडेंट और होटलों में फोन आने पर सप्लाई करने जाते थे।
- गिरफ्तार आरोपियों के वीजा की अवधि भी खत्म हो चुकी है।

## घर छोड़कर निकाला दसवीं का छात्र लखनऊ में मिला

**जयपुर।** बिंदायका थाना इलाके में एक 10वीं क्लास का छात्र मां को मोबाइल पर मैसेज छोड़कर घर से भाग निकला। पुलिस ने पीछा कर नाबालिग को लखनऊ से ढूंढ निकाला। नाबालिग को पुलिस टीम लखनऊ से जयपुर लेकर आई और परिजनों को सौंप दिया।

थानाधिकारी भजन लाल ने बताया कि बिंदायका निवासी एक व्यक्ति ने 15 साल के बेटे के घर छोड़कर जाने का मामला दर्ज करवाया था। उनका नाबालिग बेटा 10वीं क्लास में पढ़ाई करता है। सोमवार दोपहर को परिवार के सदस्य घर पर सो रहे थे। दोपहर करीब 4 बजे वह घर से बिना बताए उनका मोबाइल लेकर चला गया। करीब एक घंटे बाद अपनी मम्मी के मोबाइल पर मैसेज किया। लिखा- मुझे मत ढूंढना मैं बेंगलुरु किसी भैया के साथ जा रहा हूं। नाबालिग स्कूल स्टूडेंट के घर छोड़कर जाने को लेकर पिता ने बिंदायका थाना पुलिस को बताया। पिता ने संदेह जताया कि नाबालिग बेटा साइबर क्रिमिनल गैंग के जाल में फंस गया है। बिंदायका थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को लेकर तुरंत नाबालिग की तलाश शुरू की। पिता के साथ ले गए मोबाइल की लोकेशन निकलवाई गई। पुलिस टीम मोबाइल लोकेशन के आधार पर नाबालिग का पीछा करते हुए उत्तर प्रदेश जा पहुंची। पुलिस टीम ने नाबालिग को लखनऊ के बाजार से ढूंढ निकाला। पुलिस टीम नाबालिग को बुधवार दोपहर जयपुर लेकर आई।

## जिला रसद अधिकारी ने किया उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण



जिला रसद अधिकारी, जयपुर ग्रामीण अनुराधा गोगिया ने बस्सी उपखण्ड की उचित मूल्य की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

**जयपुर, (का.सं.)।** जिला रसद अधिकारी, जयपुर ग्रामीण अनुराधा गोगिया ने गुरुवार को बस्सी उपखण्ड की उचित मूल्य की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गोगिया ने उचित मूल्य दुकानदार को सभी पात्र परिवारों की ई-केवाईसी करने तथा माह मई 2024 का गेहूं वंचित परिवारों को देने के निर्देश प्रदान किये।

निरीक्षण के दौरान कम ई-केवाईसी करने वाले उचित मूल्य दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए। श्रीमती गोगिया ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा माह मई 2024 खाद्य सुरक्षा योजना के वितरण की अवधि 30 जून 2024 तक बढ़ाई गई है। ऐसे चयनित पात्र उपभोक्ता जिनके द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत का गेहूं प्राप्त नहीं किया है वे अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकान से राशन कार्ड, आधार कार्ड उचित मूल्य दुकानदार को प्रस्तुत कर माह मई एवं जून 2024 की राशन सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में जयपुर ग्रामीण के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित पात्र 6 लाख परिवारों को 30 जून 2024 तक ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। जिला रसद अधिकारी की कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी कल्याण सहाय करोल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

- कम ई-केवाईसी करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

## ट्रांसपोर्ट नगर सुरंग में स्टेयरिंग फेल होने पर लो फ्लोर बस ने बाइक सवार को कुचला

- हादसे में बस में सवार 6 यात्री भी घायल हुए

**जयपुर।** राजधानी जयपुर ट्रांसपोर्ट नगर स्थित टनल के पास के गुरुवार सुबह चलती लो-फ्लोर बस का स्टेयरिंग फेल हो गई। इससे बस ने एक बाइक सवार के दोनों पैरों को कुचल दिया। इसके बाद बस रेलिंग से टकराई और रुक गई। बस में सवार 6 लोगों को चोट आई। इसमें बस का परिचालक भी शामिल है। घायल बाइक सवार को 108 की सहायता से एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

हादसे के बाद दुर्घटना थाना ईस्ट के हेड कांस्टेबल विजय सिंह मौके पर पहुंचे। विजय सिंह ने बताया कि बाइक सवार की पहचान चैतराम (24) पुत्र ख्यालीराम निवासी दौसा के रूप में हुई है। उसके दोनों पैरों के ऊपर से बस निकल गई। उसे 108 की मदद से ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया। घायल के परिजनों को सूचना दे दी है। बस में सवार परिचालक सहित 6 लोगों के चोट आई है। जिन्हें का प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई हैं। बस में सवार लोगों ने बताया कि टनल में घुसते ही बस स्टेयरिंग फेल होने से बेकाबू हो गई थी। बस आगे चल रहे बाइक सवार के जा टकराई। इस दौरान बाइक सवार नीचे गिरा।

उस पर बस चढ़ गई। इस दौरान चालक ने बस को डिवाइडर से टराकर रोका। बस में तीन महिला और दो पुरुष घायल हुए। साथ ही एक परिचालक भी घायल हो गया। चालक ने बताया कि बस का स्टेयरिंग फेल होने के कारण यह दुर्घटना हुई है। मौके पर 108 को बुलाया गया जिसके बाद घायलों को एसएमएस के लिए रेफर किया।

## सूने मकान से जेवर चोरी


**जयपुर।** राजधानी के हरमाड़ा इलाके में एक विला से 18 लाख के सोने-चांदी के गहने-बर्तन चोरी का मामला सामने आया है। परिवार रिश्तेदार से मिलने के लिए गया था। बदमाशों ने गेट तोड़कर विला में वारदात को अंजाम दिया। हरमाड़ा थाना पुलिस ने टीम की मदद से सबूत जुटाकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि राजावास के ईडन गार्डन निवासी रमेश चन्द माहेश्वरी (74) के विला में चोरी हुई। वह शाम करीब 7 बजे पत्नी के साथ सिविल लाइन अपने भाई से मिलने घर गए थे। पीछे से चोरों ने सूने विला को चोरी के लिए निशाना बनाया। विला के दो गेट तोड़कर बदमाश अंदर घुसे। अलमारी के लॉकर में रखे सोने-चांदी के गहने और बर्तन चोरी कर ले गए।

जाते समय बदमाश विला से सीसीटीवी की डीवीआर भी चोरी कर ले गए। रात करीब 10 बजे वापस लौटने पर चोरी की वारदात का पता चला। हरमाड़ा थाना पुलिस चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाऐ है।

## अजय पांडेय और राजेश सिंह अपनी गजलों से मोहित करेंगे

**जयपुर।** ग़ज़ल, संगीत, अल्फ़ाज़ और जुगलबंदी से सजी शाम मेम्बर्स के लिए खास रहेगी। मौका होगा सृजन द स्पार्क जयपुर की ओर से अल्फ़ाज़ और आवाज़ कार्यक्रम का शनिवार शाम राजस्थान इंटरनेशनल सेण्टर में आयोजन का। कार्यक्रम की शाम सुरमई करने के लिए जाने-माने कंपोजर और संगीतकार राजेश सिंह और अल्फ़ाज़ के धनी अजय पांडेय अपनी फेमस ग़ज़लों से सभी को मनमोहित करेंगे।

कार्यक्रम के बारे में सृजन द स्पार्क के चेयरपर्सन राजेश नवलखा ने बताया कि संस्था के चीफ पैट्रन आईपीएस प्रसन्न खेमसरा के सेवा-निवृत्ति के उपलक्ष में अल्फ़ाज़ और आवाज़ कार्यक्रम के द्वारा नविन गायकों को मंच प्रदान करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही संस्था के सभी मेंबर्स सावन के मौसम में सुप्रसिद्ध ग़ज़लों का आनंद भी लेते दिखेंगे। लगभग दो दशक से अपनी ग़ज़ल मूसीक़ी से लोगों का दिल



जीत चुके राजेश सिंह कई देश और विदेश में लाइव कॉन्सर्ट कर चुके है। ग़ालिब, कबीर दास, बुल्ले शाही, हज़रात आमिर खुसरो, निदा फ़ज़ली जैसे रचनाकार और समकालीन कवियों की कविताओं को सुर देते हुए सादगी से नग्मों में पेश करेंगे। भारत सरकार के सीमा शुल्क और जीएसटी विभाग में सेवानिवृत्त आयुक्त आईआरएस राजेश सिंह के साथ जुगलबंदी करते हुए लेखक अजय पांडेय भी शिरकत करेंगे। पंकज उदास की आखरी तीन ग़ज़लों के साथ ही सिंगर आतिफ असलम के हाल में आए संगीत के लेखक अजय पांडेय के शब्दों का जादू गुलाबी नगरी में भी फैलेगा।

## सार-समाचार

### नवीन चंद्र झा बने नए एम.डी.



**जयपुर, (का.सं.)।** एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने नवीन चंद्र झा को अपना नया मैनेजिंग डायरेक्टर व चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर नियुक्त किया है। इस पद के लिए उन्हें पैरेंट कंपनी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) द्वारा नामित किया गया था। वे किशोर कुमार पोलुदासु की जगह लेंगे।नवीन चंद्र झा 1994 से ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ जुड़े हुए हैं। अपने इस कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस में अपनी मौजूदा भूमिका से पहले, नवीन चंद्र झा, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आंध्रप्रदेश के अमरावती सर्कल के चीफ जनरल मैनेजर के तौर पर काम कर रहे थे।

### महिला के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाश एक महिला के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़ ले गए। महिला जब तक खुद को सम्भाल पाती बदमाशों बाइक से भाग निकले। पीड़ित महिला की शिकायत पर अशोक नगर थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अशोक नगर थाना पुलिस के बताया कि सरदार पटेल मार्ग निवासी त्रिवेणी राठौड़ ने मामला दर्ज करवाया कि वह 25 जून को वह बाजार से घर जा रही थी। इसी दौरान बीजेपी कार्यालय के पास पीछे से बाइक सवार बदमाश आया। उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गया। इस घटना में पीड़िता कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गया। इस पर पीड़िता ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हालांकि अभी तक पुलिस के हाथ वारदात करने वाले बदमाश नहीं लगे हैं।

### दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरफ्तार

**जयपुर।** माणक चौक थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम उत्तर (डीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। और उनके पास से चुराए गए आठ दुपहिया वाहन भी बरामद किए गए हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपयुक्त सूरज जयपुर उत्तर राशि डोगरा ने बताया कि माणक चौक थाना पुलिस और डीएसटी उत्तर ने दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर बदमाश योगेंद्र महावर उर्फ गोलू निवासी जयसिंहपुरा खोर जयपुर, टीकम बैरवा निवासी जामडोली आगरा रोड जयपुर और मुकुल महावर निवासी बस्सी गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चोरी के आठ दुपहिया वाहन बरामद किया है। जिसे आरोपी बेचने फिराक में घूम रहे थे। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदात खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### नाले के पास मिला युवक का शव

**जयपुर।** राजधानी के भट्टाबस्ती इलाके में नाले के पास गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव अमीनशाह दरगाह के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। लाश के पास ही नशे के इंजेक्शन और शीशी मिली। पुलिस ने टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास के साथ परिवार की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे अमीनशाह दरगाह के साइड में नाले के पास एक युवक की लाश पड़ी मिली थी। युवक का शव पड़ा होने की सूचना पर स्थानीय लोगों मे सनसनी फैल गई। भट्टाबस्ती थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। मृतक की पहचान के प्रयास किए गए, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

## निजी बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया



परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा की अध्यक्षता में बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के साथ तीस सूत्रीय मांगों को लेकर बैठक आयोजित की गई।

**जयपुर।** परिवहन मुख्यालय में गुरुवार को परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा की अध्यक्षता में बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के साथ तीस सूत्रीय मांगों को लेकर बैठक आयोजत की गई।

बैठक में निजी बस ऑपरेटर्स ने करों के सरलीकरण, नयें मार्गों को खोलने सहित विभिन्न समस्याओं से अतिरिक्त मुख्य सचिव को अवगत करवाया। गुहा ने बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन की मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार कर उनकी समस्याओं/मांगों के त्वरित समाधान करने हेतु आश्वस्त किया गया। बैठक में परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा एवं अन्य विभागीय अधिकारी तथा बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही निजी बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन की ओर से राजेन्द्र शर्मा, सत्यनारायण साहू, प्रवीण अग्रवाल एवं एसोसिएशन के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## आगजनी से बचाव व प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के आपदा प्रबंधन शाखा की ओर से गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में चिकित्सालयों, कार्यालय एवं घर पर आपातकालीन स्थितियों में आगजनी जैसी घटनाओं से बचाव एवं प्रबंधन के प्रशिक्षण के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की गई। सहायक अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार यादव के नेतृत्व में प्रशिक्षक सावरमल ने स्वास्थ्य भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आग से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान फायर ब्रिगेड सहित आग बुझाने के काम में आने वाले विभिन्न तकनीकी उपकरणों के माध्यम से लाइव डेमोस्ट्रेशन दिया। यादव ने बताया कि किसी भी परिस्थिति में आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए। साथ ही, साहस दिखाते हुए सर्वप्रथम खुद को सुरक्षित करते हुए दूसरों को आग से बचाने के सभी प्रयास करने चाहिए।

## आर.यू. के स्वीमिंग पूल में डूबने से छात्र की मौत

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। स्वीमिंग सीखने के दौरान एक छात्र की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन में हडकम्प मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर गांधी नगर थाना विश्वविद्यालय पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। विश्वविद्यालय में स्वीमिंग सीखने के दौरान डूबने से छात्र की मौत का यह पहला मामला है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी इस पूरे मामले की अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है।

घटना गुरुवार शाम करीब 6 बजे की है। नीमकाथाना सीकर निवासी 20 वर्षीय विकास यादव गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में स्थित स्वीमिंग पूल में स्वीमिंग सीखने गया था। तैराकी सीखने के दौरान अचानक वह पानी में डूब गया। यह देखकर वहां पर मौजूद अन्य छात्रों ने उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी है। अब तक की जांच में सामने आया कि विकास पिछले दो माह से स्वीमिंग सीखने विश्वविद्यालय के स्वीमिंग पूल जा रहा था। विकास यादव फिजिक्स का फोर्थ सेमेस्टर का छात्र था, वह अम्बेडकर हॉस्टल में रहता था। स्वीमिंग करने के दौरान छात्र अचानक डूबने लगा। इस पर वहां पर मौजूद छात्रों ने उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। मामले की छानबीन की जा रही है। घटना के दौरान वहां पर करीब एक दर्जन छात्र और मौजूद उनके अलावा कोच सहित स्वीमिंग पूल का स्टाप भी मौजूद था। जांच में यह भी सामने आया कि स्वीमिंग के लिए जाने से पहले ही उसकी तबीयत थोडी खराब थी। स्वीमिंग के दौरान विकास को चक्कर आ गए और वह डूब गया।

## जेडीए को निजी भूमि के निर्माण ध्वस्त नहीं करने के आदेश

**जयपुर, (का.सं.)।** जेडीए अपीलीय अधिकरण ने जेडीए को आदेश दिए हैं कि वह न्यू सांगानेर रोड की चौड़ाई दो सौ फीट करने के दौरान याचिकाकर्ताओं के निजी भूमि पर बने निर्माणों को आगामी सुनवाई तक न तोडे। इसके साथ ही अधिकरण ने मामले की सुनवाई 13 अगस्त तय की है।

अधिकरण ने यह आदेश राजेश कुमावत व अन्य की अपील पर दिए। अधिकरण ने अपने आदेश में कहा कि हाईकोर्ट ने 26 जून को आदेश जारी कर नौ याचिकाकर्ताओं के निजी भूमि पर बने निर्माण को तोडने पर रोक लगाई है। ऐसे में अधिकरण के समक्ष आए इन समान मामलों में भी निर्माण तोड़ने पर रोक लगाई जाती है।

सुनवाई के दौरान जेडीए के अधिवक्ता ने मामले में जवाब पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर याचिकाकर्ता के वकीलों ने अंतरिम रोक लगाने के संबंध में प्रार्थना की। जिस पर सुनवाई करते हुए अधिकरण ने उनके निजी भूमि पर बने निर्माण तोडने पर अंतरिम रोक लगाई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अभिनव शर्मा ने बताया कि यहां ट्रेफिक लोड का अध्ययन किए बिना मास्टर प्लान में सड़क को पहले 260 फीट का किया गया था और आपत्ति होने पर इसे मनमाने ढंग से 200 फीट कर दिया गया।

इसके अलावा मानसरोवर की आवासन मंडल की कॉलोनी के साइट प्लान में न्यू सांगानेर रोड को 80 फीट की सेक्टर रोड बताया गया था। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि जेडीए ने वर्ष 2021 में धारा 72 के नोटिस जारी किए थे। जिस पर 365 से अधिक लोगों ने उसी समय अपनी आपत्तियां पेश कर दी थी, लेकिन उस पर निर्णय नहीं लिया गया। इसके अलावा कब्जाधारियों को अतिक्रमी घोषित किए बिना ही तोडफोड की कार्रवाई की जा रही है। जिस पर सुनवाई करते हुए अधिकरण ने जेडीए को याचिकाकर्ताओं की निजी भूमि पर बने निर्माण को तोडने पर रोक लगा दी है। वहीं दूसरी ओर जेडीए की कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को कुछ याचिकाएं हाईकोर्ट में पेश हुई हैं।

## मानसरोवर मैट्रो स्टेशन से सांगानेर फ्लाई ओवर तक सड़क के अवैध कब्जे दूसरे दिन भी हटाए

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन पीआरएन-साउथ में मानसरोवर मैट्रो स्टेशन से सांगानेर फ्लाई ओवर तक 200 फीट सेक्टर रोड़ पर किये गये अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवाने की कार्यवाही 26 जून से शुरू की गई है, जिसमें से आज रजत पथ से मंगल फार्म, न्यू सांगानेर रोड़ तक करीब 2.5 कि.मी. तक के एरिया में लगभग 230 अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवाया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में उपायुक्त पी.आर.एन. (साउथ), उप नियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-8, 9, 14, पी.आर.एन. (नोर्थ) एवं पीआरएन (साउथ) के सहयोग से रजत पथ से मंगल फार्म, न्यू सांगानेर रोड़ तक रोड़ सीमा से करीब 2.5 किलोमीटर के दायरे में 160 दुकानें/मकानों, 3 मैरिज गार्डन, 40 गोदाम/व्यवसायिक प्रतिष्ठान, 12 रेस्टोरेन्ट/ढ़ाबें, 15 रिक्त बाउण्ड्रीवाल, होर्डिंग-साइन बोर्ड इत्यादि द्वारा किये गये लगभग



रजत पथ से मंगल फार्म, न्यू सांगानेर रोड़ तक करीब 2.5 कि.मी. तक के एरिया में लगभग 230 अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवाया गया।

230 स्थाई-अस्थाई अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को जोन-पी.आर.एन. (साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी, पोकलेण्ड मशीन व लोखण्डा गैस कटर, मजदूरों की सहायता से हटाया जाकर 200 फीट रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के निर्देशन में उपायुक्त पी.आर.एन. (साउथ) समस्त उपनियंत्रक प्रवर्तन एवं प्रवर्तन अधिकारी जोन-8, 9, 14, पी.आर.एन.(नोर्थ), पी.आर.एन. (साउथ), पुलिस लाईन से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस जाप्ता, स्थानीय पुलिस थाना, मानसरोवर व मुहाना का पुलिस बल तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि 28 जून को मंगल फार्म से सांगानेर पुलिया तक 200 फीट रोड़ सीमा पर किये गये अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

## आर.यू. की सेंट्रल लाइब्रेरी में फॉल सीलिंग गिरी

- गनीमत ये रही की हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई
- छात्र-छात्राओं ने लाइब्रेरी के बाहर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी में गुरुवार सुबह अचानक फॉल सीलिंग गिर गई। जिस वक्त ये हादसा हुआ उस वक्त लाइब्रेरी में काफी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ रहे थे। अचानक फॉल सीलिंग छात्रों की टेबल पर आकर गिरी जिससे घबरा कर छात्र बाहर की ओर भागे। इस दौरान एक छात्र को मामूली चोटें भी आई। इसके बाद फॉल सीलिंग का एक बड़ा हिस्सा भी गिरा जिससे टेबल टूट गई। गनीमत ये रही की इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

घबराए हुए छात्र छात्राओं ने लाइब्रेरी के बाहर आकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। छात्र छात्राओं का कहना है कि यह लाइब्रेरी जर्जर हो चुकी है। प्रशासन को इसके रखरखाव का ख्याल रखना चाहिए।

गौरतलब है कि राजस्थान विश्वविद्यालय में नई लाइब्रेरी बन चुकी है। नवंबर 2022 में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत नई लाइब्रेरी का उद्घाटन भी कर चुके हैं, लेकिन नई लाइब्रेरी में अभी तक अध्ययन का कार्य शुरू नहीं हो सका है। मजबूरी में छात्र छात्राओं को पुरानी लाइब्रेरी में ही अध्ययन करना पड़ रहा है।

कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई इकाई के अध्यक्ष महेश चौधरी ने कहा कि छात्र अपनी जान जोखिम में डालकर लाइब्रेरी में पढने को मजबूर हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन को जल्द से जल्द इसकी मरम्मत करानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया तो एनएसयूआई जयपुर में बड़ा आंदोलन करेगी।




## Dream Big Day

The sky is the limit when it comes to the dreams that children can have! It is the job of their teachers, parents, and other adults in their lives to help foster their dreams, encourage open minds, and assist them in building the skills that they will need to contribute to the world in the future. *Dream Big Day* is an initiative meant to break down barriers, promote diversity, improve social mobility, and make the world a better, more inclusive place for anyone to aim high and achieve their dreams!

#LIFESTYLE

# Foods you must never ever have with tea

Who doesn't love a cup of *chai* with their favourite tea-time snack? But, you must choose what you put into your body, wisely!



Tea, a beloved beverage enjoyed across India, is often accompanied by a variety of snacks and foods. However, did you know that while some foods can enhance the flavour and experience of a good cuppa, others can have a detrimental effect, diminishing the tea's aroma, altering its taste, or even interfering with the absorption of its beneficial compounds. Understanding which foods to avoid consuming with tea is crucial for fully appreciating this age-old beverage. By being mindful of these combinations, tea enthusiasts can ensure that they savour every sip while



avoiding any unpleasant flavour clashes or potential health concerns. Here are six foods that should always be avoided when consuming tea.

### Citrus Fruits

While adding a slice of lemon to tea can be beneficial, consuming large amounts of citrus fruits alongside tea can lead to digestive issues. The high acidity of citrus can cause heartburn or indigestion when combined with the tannins in tea, which also possess astringent properties that may irritate the digestive tract.

### Iron-Rich Foods

Foods such as spinach, red meat, and legumes are rich in iron, which is essential for your body. However, tea contains compounds known as tannins and oxalates, which can inhibit the absorption of non-heme iron (the type of iron found in plant-based foods and supplements). To maximise iron absorption, it's best to consume iron-rich foods separately from tea.

### Processed and Sugary Foods

Foods, high in processed sugars and artificial additives, can diminish the health benefits of tea. The high glycemic load of these foods can counteract the stabilising effects of tea on blood sugar levels. Additionally, excessive sugar intake can lead to an increased risk of metabolic syndrome and obesity, which counteracts the benefits of drinking tea.

### Spicy Foods

Pairing spicy foods with tea can exacerbate gastrointestinal discomfort. The tannins in tea can irritate the stomach lining, and when combined with the capsaicin in spicy foods, this can lead to increased stomach acidity, indigestion, and heartburn.

### High-Calcium Foods

Foods like certain leafy greens (e.g., kale, collard greens) and fortified products can also interfere with the absorption of catechins. Calcium binds to these antioxidants, reducing their effectiveness and the overall health benefits of tea.

### Cold foods

It's important not to pair cold foods with hot tea, as the contrasting temperatures can interfere with digestion. Eating foods at different temperatures simultaneously can disrupt your digestive system and potentially cause nausea. To prevent this, wait at least 30 minutes after drinking warm tea before consuming anything cold.

## Different types of Teas and their Interaction with Food

*Black tea* is high in tannins, which can interfere with iron absorption and cause digestive issues, if consumed with iron-rich or highly acidic foods. It pairs well with mildly flavoured foods and dairy products, although, the latter can reduce its antioxidant benefits. *Green tea* has a slightly bitter taste and contains a moderate amount of tannins. It pairs well with light, fresh foods like salads and fish. Avoid pairing it with dairy products to preserve its high antioxidant content.



# Choice has an upside to it

It takes 683 gallons of water to produce just one gallon of milk, while it takes 2,400 gallons of water to produce one pound of beef. But it takes only 244 gallons of water to produce one pound of tofu. Also, huge reserves of grain go to feed livestock, which could otherwise be used to feed humans.








Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*

> Veganism relies heavily on soya beans, soy milk, soy cheese, soy protein, soy cereal, tofu and tempeh. Soy is rich in phytoestrogen, and so using too much soy can cause hormone imbalances. Moreover, these soy-based foods are more like fake foods because they contain many ingredients and are highly processed.

#ETHICENTRICITY

But, is a *vegan diet* healthy? Yes, say a lot of health studies. Vegetarian and vegan diets cause significantly lower rates of ischemic heart disease and cancer. Vegans also have healthier guts, gentler menopause symptoms, lower stress levels and greater weight loss. Vegan diets are rich in dietary fiber, magnesium, folic acid, Vitamin E, iron and phytochemicals, and have been known to reverse diabetes.

However, there are a few problems with going completely vegan. Veganism relies heavily on soya beans, soy milk, soy cheese, soy protein, soy cereal, tofu and tempeh. *Soy* is rich in phytoestrogen, and so using too much soy can cause hormone imbalances. Moreover, these soy-based foods are more like fake foods because they contain many ingredients and are highly processed. For example, a non-dairy butter, often used by vegans, is made with palm fruit oil, canola oil, safflower oil, flax oil, olive oil, salt, natural flavour, pea protein, sunflower lecithin, lactic acid and annatto colour, whereas all real butter contains is 'butter.'

Vegan diets also do not provide some essential vitamins like vitamin A, D, B-12 and K2, and minerals like calcium and iron. Vitamin B-12 is especially important because its deficiency causes severe and irreversible damage, especially to the brain and nervous system. In 2001, a 10-month-old baby died from being fed an exclusively vegan diet. Children on an unbalanced vegan diet are prone to anemia, rickets or cretinism, while adults may get osteomalacia or hypothyroidism among other things.

But with good planning, vegan diets can be healthy. For instance, nutrition supplements can be taken that provide essential fatty acids, iron, zinc, calcium and vitamins B-12 and D. In fact, the American Academy of Nutrition and Dietetics, dietitians of Canada and the British Dietetic Association regard well-planned vegan diets as appropriate for all stages of life, including infancy and pregnancy.

There is another aspect to veganism, the environmental impact. It is a little acknowledged fact that raising animals for food requires massive amounts of land, food, energy, and water.

According to the People for the Ethical Treatment of Animals (PETA), a lot of water and land is used up in growing crops for animals or for grazing livestock. Firstly, the growing demand for meat drives deforestation and destruction of species-rich habitats to increase the land available for agriculture. Animals also consume a lot of water. It takes 683 gallons of water to produce just one gallon of milk, while it takes 2,400 gallons of water to produce one pound of beef. But it takes only 244 gallons of water to produce one pound of tofu. Also, huge reserves of grain go to feed livestock, which could otherwise be used to feed humans. Adding to all this, the cruelty to the animals themselves, the danger to public health by the overuse of hormones and antibiotics in meat production, and the pollution caused to air and water, veganism seems to be the way to go in the future.

However, this seemingly benign practice has its own problems. There is the problem with malnutrition, but it is something that can be overcome. Then, there is the question of ethics. Unfortunately, 'Death feeding Life' is a primary law of Nature, and impossible to stop in its tracks. Even in the production of vegan food, rats, rabbits and other subterranean animals will be killed. Next, while vegetarian and vegan diets do consume fewer resources to produce, they need a large quantity of good quality agricultural land. And let us not forget that huge tracts of poor quality land all around the world, which can sustain only grass, can still support cattle, thus being useful in producing food for a population, which is seven billion and counting, worldwide.

Practically speaking, veganism can pose some difficulties. The main thing is that you have to become more aware of what you are consuming. And you have to be specific about animal products being used. For example, you may not order a meat dish at a restaurant. But you may not be aware that lard or pig fat is used to make pie crusts, and meat stock is used to make soups, even vegetarian soups. However, in the West, the concept of veganism is understood everywhere to some extent or another, so ordering off a menu is relatively painless, just ask for the vegan items they serve. Plus, they have a number of fake meat products, like fake bacon, fake cheese and so on, made with plant-derived products.



> When it comes to veganism, the bottom line is compassion. It is the wish to live in harmony with other living beings, recognising that though they may not be your equal, they still have a right to life. In this quest, there are bound to be some rough patches and hardships. But the feeling of satisfaction that you get is immeasurable.

As Indians in India, it is actually very easy for us to *go vegan* in our diet. Delicious vegetarian food is already available, and we only need to make sure that our food has no milk, butter, *ghee* or *paneer* in it. Finding it difficult to cook favourite Indian dishes without these? There are some substitutes available. Instead of milk, you could use soy, rice, coconut or almond milk. For *paneer*, you can substitute tofu. And jaggery can be used instead of honey and sugar, if you suspect that sugar has been refined with animal bone charcoal.

There are also vegan recipes galore from traditional to fusion foods. When I searched online, I hit upon a *vegan butter chicken* recipe with *soy curls* and *channa* almost instantly. There are also delicious recipes for pies, puddings, *kheer*, cakes and cookies.

Okay, still finding it hard to go vegan in your food? You don't have to go all out and change your lifestyle completely. Instead, you can act on being more compassionate by going vegan a few days every week, and by cutting down your use of animal products.

As for other products like cosmetics, soaps, perfumes etc., just be sure to look for organic or vegan products. Amar, Colgate and Vicco make vegan toothpaste, SoulTree makes *ayurvedic* lipstick and *kajal*, Kama Ayurveda makes *ayurvedic* face cream, soap, moisturiser, and so on. You can also order most of these products online.

When it comes to veganism, the bottom line is compassion. It is the wish to live in harmony with other living beings, recognising that though they may not be your equal, they still have a right to life. In this quest, there are bound to be some rough patches and hardships. But the feeling of satisfaction that you get, for having done the right thing, is immeasurable.

In the words of Gary L Francione, distinguished professor of Law at Rutgers University School of Law, Newark, "Veganism is not about giving anything up or losing anything. It is about gaining the peace within you that comes from embracing non-violence and refusing to participate in the exploitation of the various aspects of nature and its beings."

For the vegan enthusiast, the options for food are not at all limited. The foodie sites are teeming with sumptuous recipes to tease any palate, even the non-vegetarian.

**Concluded.**

rajeshsharma1049@gmail.com

#J'ADORE

# Brown Range Ne!

## A girl can never have too many lipsticks!

Lipsticks are a girl's best friend. They can instantly light up your face and make you go from zero to hero in a flash of seconds. But finding the right shade for dusky skin can be a little tricky. Lipstick is probably the second thing that people notice on your face after your eyes. So, the right shade has the power to baffle others. Here's listing the top five lipsticks that are perfect for brown skin.




### Burgundy Blush

The first one is the *burgundy blush* which gives the ultimate Morticia Addams vibes! This shade is a beautiful burgundy with a pinkish undertone, just perfect for someone who is dusky. This shade is just perfect for all your festive occasions and evening hangout or a cocktail party.



### Pink Diva

If you are looking for a nude lipstick for dusky skin, which has a pink undertone, then, this lipstick is just perfect for you. *Pink diva* is another lipstick shade from the liquid lipstick range and it has the perfect dude pink shade for a dusky beauty. The texture of this liquid lipstick is extremely light and comfortable to wear for a daily basis.



### Caramel Nude

The next best nude lipstick for dark skin is the *caramel nude* shade from the same liquid lipstick range. This nude lipstick shade is just the perfect shade for dusky skin because this has a mild light brownish undertone, which is just perfect for your daily work wear or any other household chore run.



### Café Latte


This shade is also from the ultra-matte range and the shade could be listed as one of the best nude lipsticks for dusky skin. This shade is a beautiful toffee brown shade with a nice hint of *caramel*, just perfect for your daily wear and work wear. This shade can also be used like a contour as well as like a bronzer when mixed with a little bit of highlighter.



### Berry Punch


This lipstick shade is another great pick for someone looking for a perfect maroon lipstick for dusky skin. This lipstick is very smooth on the lips and is extremely comfortable to wear on a daily basis. The shade of this lipstick has a beautiful *berry* undertone, which can also be used like a blush.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# नकबजनी करने वाली अंतर्राज्यीय गैंग के सात आरोपी गिरफ्तार

## दो कार, सवा दो लाख की नकदी सहित चांदी की सिल्लियां व आभूषण बरामद

**अजमेर, (कासं)।** जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नाई के निर्देशन में जिला अजमेर में नकबजनी वारदातों की रोकथाम व त्वरित कार्रवाई कर अंकुश लगाने व अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस की स्पेशल टीम व गेगल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने नकबजनी करने वाली अंतर्राज्यीय गैंग को पकड़ा है। गुरुवार को एडिशनल एसपी ग्रामीण दीपक शर्मा ने मामले का खुलासा किया। संयुक्त टीम के हत्थे गैंग के सात बदमाश चढ़ गए। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले सुनार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से 2 कार, चांदी की सिल्लियां, चांदी के जेवरात सहित सवा दो लाख रुपए की नकदी बरामद कर जब्त की है। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने अजमेर सहित अन्य जिलों में दो दर्जन से ज्यादा वारदातें करना कबूल किया है। पुलिस अन्य बदमाशों की तलाश में जुटी है।



पुलिस ने नकबजनी की गैंग का खुलासा कर सात बदमाशों को गिरफ्तार किया।

- पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले सुनार को भी गिरफ्तार किया
- पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार बदमाशों ने दो दर्जन से ज्यादा वारदातें करना कबूला

एडिशनल एसपी ग्रामीण दीपक शर्मा ने बताया कि 20 जून को गेगल थाना के सनीफ मोहम्मद पुत्र सबदल खां देशवाली निवासी इंडिया सिटी कॉलोनी के सामने गगवाना गेगल ने थाने रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें घर में अज्ञात चोर तीन कमरों से सोने-चांदी के जेवरात सहित 32 हजार की नगदी चुरा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। साईबर तकनीकी के सहयोग से डाटा संकलन कर विश्लेषण किया जाकर अज्ञात मुल्जिमानों की तलाश शुरू की गई तो पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि संदिग्ध एक बिना नम्बरी बेलेनो व बोलेरो कार में सवार व्यक्ति कायड विश्राम स्थली नई पुष्कर बायपास के पास गाड़ियों को खड़ी करके पुनः वारदात की योजना बना रहे थे। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो सभी बदमाश पुलिस को देखकर कार में सवार होकर भागने लगे। पुलिस से बचकर भागने की कोशिश में बलेनो कार पलट गई जिसे पर पुलिस की टीम ने बलेनो सवार सातों बदमाशों को दबोचा।

एडिशनल एसपी शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम के हत्थे चढ़े बदमाशों में ईश्वर, रामसिंह, मिश्रीलाल उर्फ प्रहलाद, गणपत, प्रेमचंद, गोपाल, मनोज सभी चित्तौड़गढ़ के रहने वाले हैं। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बलेनो कार को चित्तौड़गढ़ जिले के बेगूं इलाके के गांव ठुकराई गांव से चुराना बताया। दूसरी कार बोलेरो को वारदात के लिए किराए से लेना बताया है। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि चोरी करने के बाद चुराए हुई सोने-चांदी के जेवरात की सुनार मुकेश कुमार निवासी भीलवाड़ा से गलवाकर कर सिल्लियां बनवा लेते थे। बाद में इन सिल्लियों को बाजार भाव के हिसाब से बेच देते थे। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी ज्वेलर मुकेश कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार बदमाशों ने अजमेर, राजसमंद, उदयपुर, भीलवाड़ा, डीडवाना, कुचामन, चित्तौड़गढ़, दूदू सहित व अन्य जिलों में करीब 5 माह में दो दर्जन से ज्यादा नकबजनी की वारदातें करना कबूला है। बदमाशों के खिलाफ कई थानों में मुकदमे दर्ज है। पुलिस गैंग के अन्य साथियों की तलाश में है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# 40 लाख का डोडा-पोस्त बरामद, ट्रक छोड़कर फरार हुआ चालक

## नाकाबंदी में 790 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त पकड़ा

**अजमेर, (कासं)।** जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई के दिशा निर्देशों पर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नसीराबाद सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से 790 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त बरामद कर एक आईसर ट्रक को जप्त किया है। झड़वासा पुलिस चौकी पर नाकाबंदी देखकर एक चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

नसीराबाद सदर थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई के निर्देशों पर मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार और पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार सांखला सुपरविजन में टीम गठित की गई।

- पुलिस टीम को ट्रक में प्लास्टिक के कट्टों में डोडा-पोस्त भरा मिला

पुलिस टीम ने झड़वासा चौकी के पास नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान भीलवाड़ा की ओर से आ रहे एक ट्रक को पुलिस टीम ने हाथ से रूकने का इशारा किया, लेकिन ट्रक चालक ने ट्रक को पुलिस टीम से दूर ही रोक दिया और ट्रक से उतरकर सडक़ के साइड जंगलों की तरफ भागने लगा। जिस पर पुलिस टीम ने ट्रक चालक का पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन ट्रक चालक अंधेरे और झाड़ियों का फायदा उठाते हुए भागने में कामयाब हो गया।

पुलिस टीम ने ट्रक के पास पहुंचकर जांच की तो ट्रक में काले रंग के प्लास्टिक के कट्टे भरे हुए थे जिनमें डोडा पोस्त भरा हुआ पाया गया। जिस पर पुलिस ने ट्रक में से 34 प्लास्टिक के कट्टों में भरा 790 किलो 225 ग्राम अवैध डोडा पोस्त ट्रक सहित बरामद कर लिया। बाजार में कीमत 40 लाख रुपए आंकी गइ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय के नेतृत्व में गठित टीम में एएसआई डूंगाराम, हैड कांस्टेबल गणेशराम, कॉन्स्टेबल चूनाराम, लखन, लालसिंह, जिला स्पेशल टीम के एएसआई शंकर सिंह रावत, कॉन्स्टेबल गजेंद्र मीणा आदि शामिल रहे।

# चार चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**मसूदा, (निसं)।** उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने मसूदा के राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान चार चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

- एसडीएम ने सामुदायिक चिकित्सालय का निरीक्षण किया

मसूदा राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं को लेकर मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत को शिकायत मिलने पर मसूदा उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत के साथ मसूदा चिकित्सालय का निरीक्षण किया था, जिसके दौरान चार चिकित्सकों के अवकाश पर होने की जानकारी दी गई, लेकिन मौके पर इन चिकित्सकों के अवकाश पर होने को लेकर कोई प्रार्थना पत्र एवं अनुमति होने को लेकर उपस्थिति पंजिका में कोई जानकारी नहीं होने से बुधवार को मसूदा उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने मसूदा चिकित्सा प्रभारी भारती शर्मा, चिकित्सक अमित कुमार, नरेन्द्र कुमार आर्य एवं महिला चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी किए।

मसूदा चिकित्सालय में वर्तमान में आठ चिकित्सक कार्यरत है। साथ ही चिकित्सालय प्रभारी की ओर से रात्रि में आपातकालीन सेवा के लिए भी चिकित्सकों को लगाया जा रहा है। जिससे रात्रि में आने वाले मरीजों को भी राहत मिल रही है, लेकिन चिकित्सालय समय में एक साथ चार चिकित्सकों के अवकाश पर रहने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

कुलदीप सिंह शेखावत उपखंड अधिकारी मसूदा का कहना है कि मसूदा चिकित्सालय में निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चार चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार की टक्कर से पार्षद घायल

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** अंराई रोड स्थित बाजेड़ा बालाजी मंदिर के पास स्विफ्ट कार की टक्कर से स्कूटी सवार कांग्रेस पार्षद घायल हो गया।

- कांग्रेस पार्षद ने जानलेवा हमले का आरोप लगाया

पार्षद जोशी ने भू-माफियों पर षड़यंत्र पूर्वक हमला करने का आरोप लगाया है। पार्षद जोशी ने बताया कि बाजेड़ा बालाजी के पास मेडिकल स्टोर से रवाना होकर वह घर जा रहा था। इसी दौरान दोपहर में पिछे से आ रही स्विफ्ट डिजायर के चालक ने जान से मारने की नियत से स्कूटी के टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर दूर जा गिरा। लोगों ने घायल अवस्था में राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में भर्ती कराया। किशनगढ़ सिटी थाना पुलिस ने पार्षद जोशी की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी जोगियो का नाड़ा निवासी गणेश नाथ पुत्र कालूनाथ, मनीष सहित 3-4 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चार माह से फरार दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी पुलिस ने कॉलेज जा रही युवती को बाइक पर ले जाकर बलात्कार करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी चार माह से फरार चल रहा था तथा आरोपी ने युवती के परिजनों को वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी थी।

मामले की जांच कर रहे डीएसपी जुल्फीकार अली ने बताया कि 4 फरवरी को थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसकी नाबालिग लड़की कॉलेज जा रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर आया विकास कुमार उसे बहला फुसलाकर कर कॉलेज छोड़ने के बहाने बाइक पर बैठाकर ले गया। इस दौरान उसे नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ बलात्कार किया तथा फोन में वीडियो बना लिए। इसके बाद आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कई बार ज्यादती की।

थाने में मामला दर्ज होने के बाद एसपी प्रवीण कुमार नायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया। पुलिस की टीम आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी कि पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि बलात्कार करने का आरोपी अपने गांव आया हुआ है। जिस पुलिस की टीम ने आरोपी की पांच माह तलाश करने के बाद उसके घर पर दबिश देकर आरोपी विकास कुमार पुत्र वीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत, एचसी राजकुमार, कांस्टेबल राजवीर सिंह, चोखाराम आदि शामिल थे।

# विचाराधीन बंदी के पास से दो मोबाइल मिले

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर केंद्रीय कारागार में विचाराधीन एक बंदी के पास से दो की-पेड मोबाइल बरामद हुए हैं। उसके द्वारा जेल में मोबाइल इस्तेमाल की जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन और जेल प्रशासन ने तलाशी ली और दोनों मोबाइल को जब्त किया। यह मोबाइल जेल की रंगमंच दीवार के पास में जमीन में गाडे हुए थे।

रातानाडा पुलिस ने बताया कि केंद्रीय कारागाह में एक विचाराधीन बंदी नागौर जिले के मेड़ता सिटी सोगावास निवासी सतपाल पुत्र ओमप्रकाश के पास में मोबाइल होने की जानकारी मिली थी। इस पर एसीपी पूर्व आईपीएस अभिषेक, रातानाडा थाने के एसआई भंवरसिंह, बनाड़ थानाधिकारी प्रेमदान रत्नू और जेल प्रशासन ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान चलाकर वार्ड संख्या 11 के बैरिक संख्या एक में विचाराधीन बंदी सतपाल से पूछताछ की और उसके बिस्तर एवं सामान की तलाशी ली।

पूछताछ में उसने बताया कि उसने दो की-पेड फोन पास में ही रंगमंच की दीवार के निकट जमीन में छुपाकर रखे हैं। इस पर पुलिस और जेल प्रशासन ने जमीन से दो की-पेड फोन को बरामद किया। उसके खिलाफ जेल प्रहरी नारायणराम ने केस दर्ज कराया।

# शराब तस्करी के मामले में एक गिरफ्तार

## 320 अंग्रेजी शराब के कार्टन मय ट्रक कंटेनर के जब्त किया था

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के लगभग 11 माह पुराने मामले में फरार चल रहे टॉप-10 आरोपी को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी पुष्पेंद्र झाझड़िया ने बताया कि 12 जुलाई 2023 को एक वाहन कंटेनर जिस पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर पंजाब से गुजरात शराब की तस्करी की जा रही थी, जिस पर थाना राजगढ़ की टीम ने 320 अंग्रेजी शराब के कार्टन मय ट्रक कंटेनर के जब्त किये थे। मौके पर अवैध शराब तस्करी में ट्रक कंटेनर चालक आरोपी ईसराराम निवासी बाडमेर को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद वाहन ट्रक कंटेनर के रजिस्ट्रेशन मालिक दीपक उर्फ डी.के. पुत्र केवल सिंह राजपूत निवासी लेघा हेतवान पुलिस थाना तोशाम जिला भिवानी हरियाणा मुकदमा दर्ज होने के बाद से लगातार फरार चल रहा था।

जिसकी गिरफ्तारी हेतू थाना स्तर पर टीम का गठन किया। जिसमें हेड कांस्टेबल सुनिल कुमार पिलानिया व नवीन कुमार कांस्टेबल ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी झाझड़िया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दीपक उर्फ डी.के. को जिला पुलिस अधीक्षक चूरू द्वारा टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में भी शामिल किया गया है।





अवैध शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया।

# फिरौती व अपहरण के चार आरोपी न्यायालय में पेश

**अजमेर, (कासं)।** रामगंज थाना क्षेत्र में विगत दिनों एक व्यापारी का अपहरण कर फिरौती और लूट की वारदात अंजाम देने वाले चारों आरोपियों को रामगंज थाना पुलिस ने रिमांड अवधि समाप्त होने पर गुरुवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायाधीश ने तीन आरोपियों को जेल भेजने के आदेश दिए, जबकि मुख्य आरोपी कूका उर्फ डॉन को पुलिस की गुजारिश पर तीन दिन की रिमांड पर पुनः पुलिस को सौंपाने के आदेश जारी किए।

रामगंज थाना प्रभारी रविंद्र सिंह खींची ने बताया कि गुरुवार सुबह चारों आरोपियों सलमान उर्फ कूका उर्फ डॉ. पुत्र ताजू खान, साजन पुत्र सत्तार, लसाणी प्रथम ग्राम पंचायत देलवाड़ा पुलिस थाना ब्यावर सदर निवासी फिरोज काठात पुत्र अशरफ तथा चंदवाला पीली सोमलपुर पुलिस थाना रामगंज निवासी टोनी पुत्र खुमा को पहले जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के फोरेंसिक विभाग ले जाया गया, जहां से उनका स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद सभी को न्यायालय में पेश किया गया।

# जंगल में तीन दिन पुरानी लाश मिली, नहीं हुई शिनाख्त

## मृतक के किसी बाहरी क्षेत्र का होने की सामने जानकारी आई, जांच शुरू

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा पंचायत समिति की निकटवर्ती टमाटर मंडी के पास के जंगल में गुरुवार को करीब तीन-चार दिन पुरानी लाश मिली। जंगल में मृतक की लाश होने की सूचना मिलने पर आसपास के काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। इधर घटना की सूचना मिलने पर ब्यावर सदर थाना अधिकारी गंगाराम ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घटनास्थल पर पड़े शव का चेहरा काफी काला हो चुका था। इसके बारे में अब तक की जानकारी मृतक का चेहरा धूप से काला पड़ने की बात सामने आ रही है।

- घटनास्थल पर पड़े शव का चेहरा काफी काला हो चुका था

घटना स्थल शिवपुरा घाटा ग्राम पंचायत क्षेत्र में होने से सरपंच महेंद्र काठात भी घटनास्थल पर पहुंचे। ब्यावर सदर थाना अधिकारी गंगाराम द्वारा घटनास्थल से एवं आसपास के लोगों से ली गई अब तक की जानकारी में मृतक इस क्षेत्र का नहीं होना सामने आया। पुलिस द्वारा अब तक एकत्रित की गई जानकारी में मृतक को कुछ दिन पूर्व भीलवाड़ा जिले से यहां हेण्डपम्प लगाने वाले आए वाहन के साथ आने की जानकारी सामने आ रही है। मृतक कहां का रहने वाला है इसकी पुख्ता जानकारी तो मृतक की पहचान होने के बाद ही सामने आ पाएगी। मृतक की किन परिस्थितियों में मौत हुई है इसका खुलासा भी पुलिस की जांच के बाद ही हो पाएगा। मृतक का चेहरा काला पड़ने के बारे में उत्पन्न आशंकाओं को लेकर अब तक की गई जानकारी एवं थानाधिकारी गंगाराम से ली जानकारी में भी मृतक का चेहरा धूप के कारण काला पड़ना बताया जा रहा है। पुलिस फिलहाल मृतक की पहचान करने में जुटी हुई हैं। पुलिस ने मृतक के शव को ब्यावर के अमृतकौर चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है।

गंगाराम थानाधिकारी ब्यावर सदर का कहना है कि अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने की सूचना मिलने पर मैने स्वयं घटनास्थल पर पहुँचकर घटना की जानकारी ली। लाश करीब तीन दिन पुरानी है। स्थानीय स्तर से की गई अब तक की जानकारी में मृत्तक के भीलवाड़ा जिले का होने की आशंका जताई जा रही है। लाश को अमृतकौर चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया हैं।

# बिजली गिरने से जी.एस.एस. का पावर स्टेशन जला



आकाशीय बिजली गिरने से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गये।

**सादुलपुर, (निसं)।** मानसून की हुई पहली बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से विद्युत निगम को लाखों रुपए का नुकसान हो गया। घटना के बाद विद्युत आपूर्ति बाधित होने से एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों को बुधवार रात्रि को अंधेरे में रहना पड़ा।

धूल भरी आंधी के साथ हुई बारिश के दौरान गांव नीमा में स्थित जीएसएस का पॉवर ट्रांसफार्मर जल गया। बारिश के दौरान भोजाण गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक विद्युत ट्रांसफार्मर भी जल गया। धूल भरी आंधी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में 35 विद्युत पोल टूट कर क्षतिग्रस्त हो गए। आकाशीय बिजली गिरने से हुए नुकसान के बाद दर्जनों गांवों सहित कई कृषि कनेक्शनों की सप्लाई बाधित रही है। इसके अलावा शहर के वार्ड नंबर 25 में धीरू की ढाणी में अनवर बैग पुत्र निशाम बेग के मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से मकान की छत और दीवार क्षतिग्रस्त हो गए तथा मकान की बिजली फिटिंग, पानी की मोटर, इन्वेंटर आदि बिजली से संचालित यंत्र जल गए।

# ब्लाइंड मर्डर केस का पर्दाफाश, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने अधजले शव की पहचान की, घटना में प्रयुक्त कार भी जब्त

**धौलपुर, (निसं)।** जिले के मनियां क्षेत्र के मरैना रोड स्थित बजरिया गांव के पास गत पांच जून को मिले अधजले शव की पहचान करते हुए पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा किया है, जिसमें मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया। वहीं इस ब्लाइंड मर्डर में शामिल मुख्य आरोपी के अन्य साथी के बारे पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने मामले का खुलासा करते हुए ब्लाइंड मर्डर के मुख्य आरोपी पवन धोबी पुत्र भगवान सिंह उर्फ भददू धोबी निवासी अल्लेपुर छटीकरा के पास मथुरा थाना जैत मथुरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। ब्लाइंड मर्डर का यह मामला गाड़ी भाड़े की रंजिश को लेकर बताया जा रहा है, जहां 4 जून को आरोपी पवन धोबी ने अपने साथी उस्मान के साथ मिलकर मथुरा निवासी रिंकू अग्रवाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह वही रिंकू अग्रवाल है, जिसका अधजला शव मनियां क्षेत्र के मरैना रोड बजरिया गांव के पास खेत में मिला था।



पुलिस ने हत्या करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।

- गाड़ी भाड़े को लेकर गोली मारकर मथुरा निवासी युवक की हत्या की थी
- साक्ष्य छुपाने के लिए मनियां थाना क्षेत्र में जलाया था युवक का शव

थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि इस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। तकनीकी साक्ष्यों व मानवीय इनपुटों के विश्लेषण के आधार पर मामले का पर्दाफाश किया है। इसमें मनियां थाने के कांस्टेबल लोकेश कुमार, बंटी सिंह और आशाराम की अहम भूमिका रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि चार जून को मथुरा में रिंकू अग्रवाल की हत्या की गई थी, जिसके बाद आरोपी पवन धोबी अपने साथी उस्मान के साथ कार से शव को लेकर मनियां इलाके में पहुंचे, जहां साक्ष्यों को मिटाने के लिए आरोपियों ने एक खेत में रखे ईंधन में पेट्रोल डालकर शव जलाने की कोशिश की और शव को अधजली अवस्था में छोड़कर भाग गए, जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण में एक यूपी नम्बर कार संदिग्ध प्रतीत होने पर रिकॉर्ड खंगाला, जो पवन पुत्र भगवान सिंह निवासी अल्लेपुर थाना जैत जिला मथुरा उत्तर प्रदेश के नाम पाई गई।

इसके साथ ही मथुरा में डीसीआरबी एवं विभिन्न थानों पर अज्ञात शव की पहचान को लेकर जानकारी जुटाई गई तो उसी दौरान सात जून की जैत थाने पर मृतक रिंकू अग्रवाल की गुमशुदगी होना पाया गया। तब रिपोर्ट दर्ज कराने वाली सरोज अग्रवाल ने विभिन्न साक्ष्यों के आधार पर अपने बेटे की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने इनपुट के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की और ब्लाइंड मर्डर में कार्रवाई करते हुए मर्डर के मुख्य आरोपी पवन धोबी पुत्र भगवान सिंह अल्लेपुर छटीकरा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस मामले में शामिल आरोपी पवन धोबी के साथी उस्मान और घटना में प्रयुक्त हथियार कट्टा के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## युवक से मारपीट का मामला दर्ज

**कोटपूतली** । कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाने में ग्राम देवता में एक युवक के साथ गंभीर मारपीट का मामला दर्ज करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार देवता की ढ़ाणी भग्तावर सागर निवासी लोकेश पुत्र महावीर प्रसाद यादव ने दर्ज करवाया कि 26 जून को लाईसेंस बनवाने के लिये कोटपूतली गया था। वहां से वापस आते वक्त सायं करीब 7-7.30 बजे देवता स्टैण्ड पर पहुंचा तो उसकी स्कुटी के आगे एक कैम्पर सवार चार-पांच जनों ने गाडी लगा दी। जिसमें से जितेन्द्र पुत्र रामावतार यादव व सत्येन्द्र पुत्र रोहिताश यादव दोनों ढ्ढाणी भग्तावर सागर उतरे और कहा कि तुमने माईन्स के धर्म कांटे की कोटपूतली में शिकायत की। कल तुम हरियाणा के दोस्तपुर गांव वालों से शिकायत करवा रहे हो। हम तुम्हें माईन्स व धर्म कांटा बंद करवाना सिखाते है। दोनों ने लौहे की राड से हमला करते हुये प्रार्थी की स्कुटी तोड डाली एवं बेहोशी की हालत में पीडित की जेब से दो हजार रूपये निकाल कर ले गये। साथ ही दोनों बाप-बेटों को जान से मारने की धमकी दी। सूचना मिलने पर प्रार्थी को उसके पिता ने नांगल चौधरी अस्पताल में भर्ती करवाया। सुबह होश आने पर पीडित ने देखा तो उसके मोबाईल पर व्हॉट्सअप मैसेज द्वारा गालियां व जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल युवक का मेडीकल मुआयना भी करवाया गया है।

# पावटा में बारिश शुरू, अब तक पालिका ने नहीं की नालों की सफाई

## जलभराव होने से बढ़ी मुश्किलें, वाहन चालक व राहगीर हुए परेशान

**पावटा**। बरसात शुरू हो चुकी है लेकिन पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ने अभी तक कस्बे में नालों की साफ सफाई का कार्य शुरू नहीं किया है। जिससे बारिश के मौसम में जलभराव का संकट हो सकता है।

खास बात तो यह है कि कुछ पहले विधायक कुलदीप धनकड, उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय ने पालिका ईओ बसंत सैनी को नालों की साफ सफाई के लिए निर्देश दिये थे बावजूद नगरपालिका अधिकारियों ने साफ सफाई का कार्य शुरू नहीं कराया है, जिससे लोगों के सामने बडी समस्या खडी होने वाली है। बडी आबादी वाले पावटा कस्बे में गंदे पानी की निकासी की बडी समस्या है। बारिश के मौसम में हल्की बारिश ने ही पालिका सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। गुरुवार को हुई हल्की बारिश से कई कॉलोनिया, वार्ड व मुख्य बाजार जलमग्न हो गए। बावजूद नगरपालिका बारिश से पूर्व शहर के नाले नालियों की साफ सफाई पर ध्यान नहीं दे रही है। यह स्थिति तब है जब इस साल अच्छी बारिश होने की उमीद है। वहीं विधायक कुलदीप धनकड, उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय ने भी भविष्य के जलभराव के संकट को देखते हुए नगरपालिका को नाला की साफ सफाई के आदेश दिए थे। बावजूद नगरपालिका ने अब तक साफ सफाई शुरू नहीं कराई है। हालत यह है कि कस्बे के छोटे बडे सभी नाले गंदगी और पॉलीथिन से चौक हो रहे हैं, जिससे कस्बे में यदि अच्छी बारिश होती है तो पावटा कस्बा जलमग्न हो जाएगा। स्थानीय लोग इस संबंध में नगरपालिका अधिकारियों को शिकायत भी कर चुके हैं। लेकिन सुनवाई न होने की वजह से समस्या जस की तस बनी हुई है। इस साल मौसम विभाग ने अच्छी बारिश की संभावना जताई है। लेकिन नगरपालिका ने अभी तक नाले नालियों की साफ सफाई शुरू नहीं कराई है, जिससे बारिश के मौसम में जलभराव का संकट हो सकता है । इस साल तो वैसे ही जलदाय विभाग द्वारा कॉलोनिया, वार्डों मे पाइप लाइन दुरुस्तीकरण को लेकर खुदाई के चलते अधिकांश सडकों की हालत खराब है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति निर्मित होती है। बावजूद नगरपालिका कस्बे के नाले नालियों की साफ सफाई पर ध्यान नहीं देती है। बल्कि जब जलभराव को लेकर स्थिति बिगडती है तब आनन फानन में सफाई शुरू कराई जाती है, जिससे लोगों को बेवजह परेशान होना पडता है। पालिका ईओ बसंत सैनी ने बताया कि कस्बे में नाले की साफ सफाई को लेकर विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। सफाई का कार्य भी चालू हो गया है। पावटा सुभाष चौक पर समस्या होने के कारण काम रोक दिया गया है। बारिश से पहले से शहर के नाले नालियों की सफाई करा दी जाएगी।



**पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ने अभी तक कस्बे में नालों की साफ-सफाई का कार्य शुरू नहीं किया है। इससे बारिश से सड़कें जलमग्न का रुप ले लेती है।**

## कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तिथि 3 जुलाई

**कोटपूतली।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में स्नातक पार्ट प्रथम में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। प्राचार्य डॉ. आर.के. सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम (सेमेस्टर-1), कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 26 जून से बढ़ाकर 03 जुलाई कर दी गई है। महाविद्यालय में प्रवेश के लिए लेट फीस का प्रावधान नहीं है। अत: जो विद्यार्थी महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं वे अंतिम तिथि से पूर्व ऑनलाईन आवेदन करें। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से राजकीय महाविद्यालयों में मुख्यमंत्री किसान शिक्षा प्रोत्साहन योजन के अंतर्गत अल्प आय वर्ग, लघु सीमांत, बटाईदार किसानों और खेतीहर श्रमिकों के परिवारों के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की राजकीय निधि कोष की देय राशि माफ होगी। ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन करते समय फीस की रियायत का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रवेश पोर्टल पर दिए गए शपथ पत्र को अपलोड करना होगा। अंतरिम प्रवेश सूची तथा प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 08 जुलाई को किया जायेगा। प्रवेश सूची एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन एवं ई-मित्र पर शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि 11 जुलाई है। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 12 जुलाई 2024 को किया जायेगा। स्नातक पार्ट प्रथम (सेमेस्टर-1) में शिक्षण कार्य 15 जुलाई से प्रारम्भ हो जायेगा। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षित वर्ग का लाभ लेने के लिए जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।

## बिजली-पानी को लेकर ज्ञापन दिया

**बौंली, बामनवास** । उपखंड मुख्यालय बौंली पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज मीणा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलीम मिर्जा, तनसुख वर्मा व संतोष स्वामी के नेतृत्व में इकट्ठे होकर राजस्थान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जन समस्या निराकरण को लेकर 7 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम कार्यालय बौंली पर सोंपा। मांग पत्र में अंकित किया गया है कि भीषण गर्मी में भी विद्युत विभाग द्वारा लोड सेटिंग के नाम पर घंटों तक विद्युत सप्लाई रोकी जाती है इसे ठीक किया जाए। जलदाय विभाग द्वारा पेयजल सप्लाई भी मात्र 10 से 15 मिनट की जाती है इसे कम से कम 30 मिनट किया जावे। नगर पालिका चौराहे पर यात्रियों के लिए विश्रामगृह, उचित पेयजल व शौचालय की सुविधा की जावेजिससे उपखंड मुख्यालय पर आने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## हादसे में दो घायल, जयपुर रैफर

**मालपुरा** (निस) बुधवार की रात्री को मालपुरा अजमेर सडक मार्ग पर हाथगी मोड के पास हुये दो अलग-अलग सडक हादसो मे दो जने गंभीर रूप से घायल हो जिन्है जयपुर रैफर किया गया। बुधवार की रात्री को हाथगी मोड के पास अनियंत्रित हुई तेज रफ्तार कार हाईवॉल्टेज विधुत लाईन के पोल से जा भिडी। कार की गति तेज होने के चलते क्रेटा कार के परखच्चे उड गये। व लौहे का पोल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे मे कार चालक इरफान देशवाली निवासी मालपुरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

कुछ ही देर बाद घटनास्थल से थोडा आगे एक तेज रफ्तार थार अनियंत्रित हो पलटी खा गई। हादसे मे थार चालक लड्डू लाल मीणा पुत्र रतन लाल मीणा निवासी ग्राम पुनेता पोस्ट मामडोली तहसील बौंली जिला सवाईमाधोपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनो सडक हादसो मे घायलो को मालपुरा लॉकेशन 108 एम्बूलेंस ईएमटी संजय व्यास व पायलट बद्री शर्मा ने तत्काल मौके पर प्राथमिक उपचार दे मालपुरा के सरकारी अस्पताल मे उपचार के लिये भर्ति करवाया। जहां से चिकित्सको ने हालत चिन्ताजनक होने पर दोनो ही घायलो को जयपुर रैफर किया।



**बिजल पोल से क्रेटा कार के टकराने से कार के परखच्चे उड़ गये।**

## 'पात्र व्यक्तियों के ऋण स्वीकृत कर वितरण करें'

**दौसा।** जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन गुरूवार को जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने कहा कि सभी बैंक सरकार द्वारा संचालित सरकारी योजनओं के अन्तर्गत आवंटित लक्ष्यों के अनुसार पात्र व्यक्तियों के ऋण स्वीकृत एवं वितरण कर लाभान्वित करवाना सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में बैंक लक्ष्यानुसार ऋण उपलब्ध करवाये। उन्होंने राजीविका द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों के बचत खाते एवं ऋण आवेदन बैंक में आवेदन के साथ ही तत्काल निस्तारित करने निर्देश दिये। जिससे एसएचजी समूह की महिलाएं अपना व्यवसाय सुगम तरीके से कर पाए। सभी बैंकर्स को जैसे .जैसे विभिन्न सरकारी योजनओं के अन्तर्गत ऋण आवेदन पत्र प्राप्त होते हैए वैसे ही उनके निस्तारण का कार्य पूरा करें, जिससे जिले में सभी सरकारी योजनाओ में आवंटित लक्ष्य प्राप्त किए जा सके। उन्होंने कहा कि विभागीय एवं बैंकों के अधिकारी आपसी समन्वय से योजनाओं का क्रियान्वयन करेंए जिससे लाभार्थी को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पडे। बैठक में सरकारी योजनाओं में बैंकवार प्रगति जिनमें राष्ट्रीय राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद व स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजनाए मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि, इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज आदि योजना की विस्तृत चर्चा की गई।

## प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाई

**श्रीमाधोपुर।** राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में बीए पार्ट प्रथम के लिए ऑनलाईन प्रवेश प्रकिया सोमवार 10 जून से शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा बढाकर बुधवार 3 जुलाई 2024 कर दी गई है।

प्राचार्य सांवर मल जाट एवं प्रवेश नोडल अधिकारी सुश्री पूजा वर्मा ने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय में कला संकाय में 7 विषय संचालित है। छात्राओं को अंतिम तिथि का इंतजार किये बिना ई मित्र पर जाकर अपनी एसएसओ आईडी से आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान की वेवसाइट से अपने जन आधार के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करना होगा।

## 'भाजपा ने जो वादे किए हैं भजनलाल सरकार उसे पूरा करेंगी'

**निवाई।** राजस्थान सरकार के मंत्री गौतम कुमार दक का निवाई पहुंचने पर विधायक रामसहाय वर्मा के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। मंत्री दक ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही लगातार जनता से जो वादे किए हैं उसे पूरा करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में लगातार प्रदेश में कई योजनाओं को लागू हुई है। जिससे प्रदेश की जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी का सिपाही है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि जनहित की सेवा करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं है। जो वादे जनता के हित के लिए किए थे उसे लगातार पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार देश में नए आयाम स्थापित हो रहे है। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के कई आयाम स्थापित हो रहे हैं। प्रदेश में कई योजनाओं से जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा की वरिष्ठ नेता रामप्रसाद शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कोटपूतली-बहरोड जिले के 1 लाख 57 हजार 637 लाभार्थियों के खाते में राशि भेजी

जिला स्तरीय कार्यक्रम राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुतली में हुआ आयोजित

**कोटपूतली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरवार को झुंझुनूं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरण (डीबीटी) किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने लाभार्थियों से संवाद भी किया।

जिला स्तर पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एवं आयोजन राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुतली में किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास की भावना से राज्य सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति और उनके परिवार को राज्य सरकार की सुविधाओं से लाभान्वित करने को प्रतिबद्ध है।

इसी कडी में मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का एक साथ सीधा हस्तांतरण लाभार्थियों के खाते में किया गया। कार्यक्रम में कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 1 लाख 57 हजार 637 लाभार्थियों के खाते में 18 करोड़ 12 लाख 82 हजार 550 रुपए की राशि डीबीटी की गई।

# गश्त के दौरान ट्रैक्टर की टक्कर से डिग्गी थाने के कांस्टेबल की मौत

## राजकीय सम्मान से किया अन्तिम संस्कार

**मालपुरा ( निस )।** डिग्गी थाने मे तैनात कांस्टेबल धारा सिंह की ड्यूटी के दौरान बुधवार की रात्री को दौराने गश्त के तेज रफ्तार ट्रेक्टर की टक्कर से हुई मौत। गुरूवार को डीएसपी महेन्द्र कुमार मीणा सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो की मौजूदगी मे कांस्टेबल की राजकीय सम्मान से किया गया अन्तिम संस्कार। थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि बुधवार की रात्री को थाने के 112 मोबाईल वाहन ने ड्यूटी प्रभारी हैडकांस्टेबल सुरेश चौधरी के साथ थाने के कांस्टेबल विकास , कजोड व धारा सिंह गश्त पर निकले थे।

चांदसेन बांध के पास गाडी से उतरे कांस्टेबल धारा सिंह बाथरूम करके वापस गाडी की और आ रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने कंास्टेबल को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कांस्टेबल को डिग्गी अस्पताल मे भर्ती करवाया गया। जहां दौराने उपचार कांस्टेबल धारा सिंह की मौत हो गई। गुरूवार की सवेरे मृतक के परिजनो की मौजदूगी मे मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंपा गया। पुलिस उपाधिक्षक महेन्द्र मीणा, थानाधिकारी कप्तान सिंह सहित पुलिस के जवान शव के साथ मृतक के गांव हमजापुर तहसील पीपलू पहुंचे जहां मृतक कांस्टेबल को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दे अधिकारियो ने शव पर पुष्पचक्र चढा राजकीय सम्मान से कांस्टेबल का अन्तिम संस्कार किया गया।

मृतक के परिजनो ने बताया कि धारा सिंह बचपन से ही पढाई मे होशियार था व आरएस बनने का उसका सपना था। धारा सिंह ने 2०14 मे रेल्वे मे अपनी पहली राजकीय सेवा संभाली थी इसके बाद दुसरी जेल प्रहरी तो तीसरी सेवा मे आरसी मे कांस्टेबल व 2०18 मे राजस्थान पुलिस मे कांस्टेबल पद पर पदभार संभालते हुये वर्तमान मे डिग्गी थाने मे तैनात था।



**कांस्टेबल धारा सिंह का राजकीय सम्मान से अन्तिम संस्कार किया गया।**

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर भेजा पत्र

**निवाई।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा व प्रदेश महामंत्री डॉ. रनजीत मीणा ने राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांशु पंत व निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी को 11 सूत्री मांगों को लेकर पत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि तृतीय श्रेणी अध्यापक स्थानांतरण अविलंब हो, सभी वर्गों के अध्यापकों की डीपीसी को जल्द पूरा किया जाए, पारदर्शी स्थानांतरण नीति लाई जाए, जिसमें राजनीतिक दखल बंद हो और स्थानांतरण नीति राजस्थान की भौगोलिक परिस्थिति के अनुरूप हो, शिक्षा विभाग द्वारा कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का पुन: लाभ मिले, एनटीटी शिक्षकों को 3600 ठोड पे दिया जाए, राजस्थान के शिक्षकों को केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार की तर्ज पर वेतनमान दिया जाए, शिक्षकों को एलटीसी का लाभ मिले, गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्ति मिले, बीएलओ कार्य के लिए अलग से भर्ती की जाए, ड्रेस वितरण, साइकिल व स्कूटी वितरण, किताब वितरण में गैर शिक्षकों को नियुक्त किया जाए, कंप्यूटर शिक्षकों की भर्ती तृतीय श्रेणी अध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक और व्याख्याता के पद पर की जाए व उसके समान ही वेतनमान दिया जाए, तृतीय श्रेणी अध्यापक, पंचायत शिक्षक, कुक कम हेल्पर का वेतन समय पर मिले एवं 50 वर्षों से अधिक पुराने विद्यालय भवन के स्थान पर मॉडल स्कूल की तर्ज पर नए विद्यालय भवन का निर्माण हो सहित कई मांगों को लेकर पत्र भेजा है।

## सार-समाचार

### कार्यकारिणी का गठन किया

**फुलेरा।** महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था फुलेरा के नव-नियुक्त अध्यक्ष शिवचरण सैनी के द्वारा अपनी कार्यकारिणी का गठन किया है। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर छगन लाल सैनी, उपाध्यक्ष के पद पर राकेश सैनी, आशीष पापटवान, महामंत्री के पद पर मुकेश सैनी तो कोषाध्यक्ष के पद पर गणेश खडोलिया व सह-कोषाध्यक्ष राहुल गढ़वाल, संगठन मंत्री के पद पर ओमप्रकाश इन्दौरा, सांस्कृतिक मंत्री के पद पर शंकर लाल गढ़वाल तो वहीं प्रवक्ता-मीडिया प्रभारी के पद पर योगेन्द्र गहलोत एवं मंत्री पद पर अनुज कुमार सैनी, चेतन प्रकाश मारोठिया एवं प्रचार मंत्री के पद पर विजय गढवाल को नियुक्त किया गया। इसी तरह विशेष आमंत्रित सदस्यों में माली सैनी समाज अध्यक्ष तेजकरण सैनी , पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी, पालिका उपाध्यक्ष योगेश कुमार सैनी, पार्षद तारा चन्द सैनी, अमर चन्द सैनी, मदन लाल गढ़वाल, आशा सैनी, हेमलता सैनी, पूजा भाटी, सुरेश सिंगोदिया, लक्ष्मीनारायण मारोठिया, भागचन्द सिंगोदिया, हरिनारायण इन्दौरा, रामपाल जी महाराज, पांचूराम सतरावला, सीताराम ढलवाल, लेखराज सैनी, गौरी शंकर सैनी, सत्यनारायण महावर, गोपाल दास बागड़ी, निरंजन सैनी, भन्दे बालाजी धर्मशाला अध्यक्ष अमर चन्द बड़ीवाल, कैलाश पापटवान, श्रीनारायण टांक, बिरदी चन्द गहलोत, रामकृष्ण सैनी को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार कार्यकारिणी में 33 अन्य जनों को स्थाई सदस्य बनाये गये है। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था के अध्यक्ष शिवचरण सैनी एवं माली सैनी समाज के अध्यक्ष सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए समाज के हितों में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### रोजगार उत्सव शनिवार को

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में शनिवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा राजकीय सेवा में नवनियुक्त कार्मिकों को वर्चुअली सम्बोधित करेगें। कार्यक्रम में राजकीय सेवा में जिले में नवनियुक्त 152 कार्मिक सम्मिलित होगें। जिनमें शिक्षा विभाग के 66, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 82, संस्कृत शिक्षा विभाग के 01, कार्मिक विभाग के 01, गृह विभाग के 01 तथा पशुपालन विभाग के 01 नवनियुक्त कार्मिक है। जिला कलेक्टर के निर्देशन में राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय के सभागार में प्रात: 11 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। नवनियुक्त कार्मिकों को वेलकम किट वितरित किये जायेगें तथा उपस्थिति प्रमाण पत्र भी दिये जायेगें।

### करंट से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**पीपलू।** उपखंड के रानोली कस्बे के समीप गांव हनीफगंज अहिरो का मोजा में करंट की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव में लगे हुए ट्रांसफार्मर पर मोर चिपक गया। जिसके चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के जांबाज सिपाही मनराज यादव ने विधुत विभाग को सूचना देकर बिजली सप्लाई बंद करवाकर ग्रामीणों के सहयोग से बड़ी मुश्किल से मोर को नीचे उतारा। बाद में जंगल में ले जाकर दफन किया गया। इसके अलावा राजगढ़ कस्बे के रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। इस हादसे की सूचना पर रेलवे पुलिस एवं प्रशासन में वन विभाग के कर्मचारियों की ओर से मृत मोर को रेंज कार्यालय मैं ले जाया गया। नायब तहसीलदार छोटेलाल मीणा, ट्रेनी आईएफएस काव्या, एवं रेंज के कर्मचारियों की मौजूदगी में मृत मोर का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम पशु चिकित्सा मोहनलाल मीणा के नेतृत्व में किया गया। इसके बाद सम्मान के साथ राष्ट्रीय पक्षी मोर का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका से जुड़े जुगनू तंबोली,सुरेश चंद, एवं पुलिस, प्रशासन के कर्मचारी मौजूद रहे.।

### अधिकारियों से संवाद किया

**राजगढ़।** ऐतिहासिक महत्व की भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा एवं भव्य मेला की सफलता को लेकर एसडीएम सुश्री सीमा खेतान ने गुरुवार को समीक्षा बैठक में अधिकारियों से संवाद किया। 7 जुलाई को रथ यात्रा एवं मेला को अच्छे ढंग से आयोजित करने को लेकर सभी से अपना पक्ष एवं खुले मन से विचार व्यक्त करने को कहा। इसमें सभी ने भव्य आयोजन को अधिक आकर्षक एवं और नियोजित बनाने के लिए अपनी राय रखी। इसमें नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सतीश दुहारिया एवं बिजली पानी सहित अन्य अधिकारियों एवं मेला कमेटी से बेहतर प्रबंधन को लेकर चर्चा हुई। विभागीय अधिकारियों एवं नगर पालिका प्रशासन से रथ यात्रा एवं मेले को अच्छे ढंग से आयोजित करने के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान देने का संकल्प जताया। मेले में आने वाले झूला सर्कस एवं अन्य दुकानदारों को परेशानी ना हो, बिजली पानी का समुचित प्रबंध हो एवं रथ यात्रा कुशलता से आयोजित हो को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर परमेला कमेटी से जुड़े पदाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी, एवं प्रमुख लोग मौजूद रहे।

### सी.एम. को किसान संघ ज्ञापन देगा

**निवाई।** भारतीय किसान संघ जिला टोंक ने सर्वसम्मति से विचार विमर्श कर किसानों की परेशानियों एवं समस्याओं पर मुख्यमन्त्री भजनलाल शर्मा को 30 जून को टोंक में आयोजित समारोह में ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 30 जून को मुख्यमन्त्री भजनलाल शर्मा को ईआरसीपी योजना में सम्पूर्ण टोंक जिले को नहरों से जोडक़र जिले की सम्पूर्ण भूमि को सिंचित करवाने, मधुमम्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र को भरतपुर में स्थापित करने, जिले में रासायनिक उर्वरक रेक पाईन्ट स्थापित करवाने सहित कई समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे।

### श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**निवाई।** शहर से अमरनाथ यात्रा के लिए गुरूवार को मनोकामनाओं को लेकर श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ है। अमरनाथ जाने वाले यात्रियों का पाटनी कॉम्प्लेक्स के बाहर लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान अमरनाथ के जमकर जयकारे लगाएं। श्रद्धलु प्रेमचंद बरवाडा, झामन दास शभनानी, बालू सभनानी, गिरिराज चौधरी, मनीष जैन, सुरेंद्र जैन सहित कई श्रद्धालुओं को पाटनी कांप्लेक्स परिसर से मनोज पाटनी के नेतृत्व में लोगों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत करके अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया गया।

### राशि हस्तांतरित

**खैरथल।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला की उपस्थिति में हुए जिला स्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन कार्यक्रम में जिले के 99 हजार 703 लाभार्थियों को 11.46 करोड़ की बढ़ी हुई राशि हस्तांतरित की गई। यह राशि जयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई है। जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीधे वर्चुअल लाभार्थियों से संवाद किया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में की गई 15 बढ़ोतरी के बारे में जानकारी दी और कहा राज्य सरकार की ओर से सामाजिक व आर्थिक सम्बल प्रदान करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं ।

### समस्याओं को लेकर अभिभाषकों से चर्चा

**निवाई।** बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के महाअधिवक्ता भुवनेश शर्मा का गुरुवार को न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट सीताराम शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने राजस्थानी परम्परानुसार स्वागत किया। इस दौरान महाअधिवक्ता भुवनेश शर्मा ने अभिभाषकों से विस्तार से चर्चा कर उनकी समस्याओं के बारे जानकारी ली। सचिव रमेश डोई, गिरधर सिंह, भंवरलाल तिवाडी, सतीश शर्मा, अबरार अहमद, बनवारीलाल यादव, नरेंद्र चौधरी, हरिराम गुर्जर व कन्हैयालाल मीणा सहित कई अधिवक्ताओं ने महाअधिवक्ता शर्मा को रामलला की तस्वीर देकर सम्मानित किया।

### जैन मुनि के चढ़ाया श्रीफल

**निवाई ।** सकल दिगम्बर जैन समाज निवाई के तत्वावधान में मुनि अनुसरण सागर महाराज के निवाई जैन समाज के श्रद्धालुओं ने चातुर्मास 2024 करवाने को लेकर श्री फल चढ़ाया। जहां जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज संघ सहित ने स्वीकृत प्रदान की। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि निवाई में 2024 चातुर्मास के लिए जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज अपने संघ सहित चित्तौड़गढ़ उदयपुर से मंगल विहार करते हुए भीलवाड़ा, मांडलगढ़, जहाजपुर, देवली व टोंक होते हुए निवाई में मंगल प्रवेश करेंगे।

# पटवारी 6 हजार रु. की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**टोंक।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. टोंक इकाई द्वारा सवाईमाधोपुर में कार्यवाही करते हुये आशीष मीणा पटवारी पटवार हल्का गोठड़ा, तहसील मित्रपुरा, जिला सवाईमाधोपुर को परिवादी से 6 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की टोंक इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि नामान्तकरण खोलने एवं हक त्याग का इन्द्राज करने की एवज में आरोपी आशीष मीणा पटवारी पटवार हल्का गोठड़ा, तहसील मित्रपुरा, जिला सवाईमाधोपुर द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में ए.सी.बी. टोंक इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबर मल के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर उनके द्वारा मय टीम के सवाईमाधोपुर में ट्रेप कार्यवाही करते हुए।

# गांव भांकरी में सी.एम. के आगमन के मद्देनजर जनप्रतिनिधियों की हुई तैयारी बैठक

## 1 जुलाई को पावटा की ग्राम पंचायत भांकरी में पहली बार सीएम भजनलाल शर्मा आएंगे

**पावटा।** 1 जुलाई सोमवार को पावटा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भांकरी में पहली बार सीएम भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित आगमन को लेकर पंचायत समिति सभागार पावटा में विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच संघ अध्यक्ष पावटा एवं ग्राम पंचायत टोरडा गुजरान सरपंच प्रेमनाथ महाराज की अध्यक्षता मे सरपंच संघ द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ तैयारी बैठक का आयोजन किया गया।

सरपंच संघ पावटा द्वारा विधायक कुलदीप धनकड को गुलदस्ता व बुके देकर देकर स्वागत व समान किया गया। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने जन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि ईआरसीपी योजना में कोटपुतली- विराटनगर क्षेत्र के तीन बडे बांधों छितोर्ली, जवानपुरा धाबाई एवं बुचारा बांध को जोडने पर प्रदेश के मुयमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिनंदन एवं धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 1 जुलाई सोमवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए सीएम भजनलाल शर्मा का क्षेत्र मे आगमन हो रहा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को आवाहन करते हुए कहा कि ईआरसीपी सहित बहुत सी ऐसी योजनाएं केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं जिनसे किसान, नौजवान, महिला, गरीब सबको फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि आगामी 1 जुलाई को सभी जनप्रतिनिधि पूरे मनोयोग से कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बनाने में जी जान से जुट जाए। उन्होंने बताया कि मुयमंत्री के स्वागत के लिए प्रशासनिक और सांगठनिक तौर पर तैयारियों के संबंध में चर्चा कर ली गई है तथा सभी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को विभिन्न जिमेदारियां सौंपी गई हैं। वही इस अवसर पर सरकार से विभिन्न मांगों का ज्ञापन सरपंच संघ पावटा द्वारा विधायक कुलदीप धनकड को सौंपा गया। जिस पर विधायक कुलदीप धनकड ने सरकार के समक्ष मांगों को रखकर पुरा करने का विश्वास दिलाया। इस दौरान सरपंच प्रेमनाथ महाराज, पूर्व सरपंच मदन यादव, सरपंच श्रवण सिंह, सरपंच मनोज बुनकर, सरपंच रोहित बायला, सरपंच प्रतिनिधि भैरू हुल्डा, सरपंच उमेश यादव, सरपंच राजकुमार, सरपंच प्रतिनिधि राजू गिठाला, सरपंच प्रतिनिधि शेरसिंह सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



सरकार से विभिन्न मांगों का ज्ञापन सरपंच संघ पावटा द्वारा विधायक कुलदीप धनकड को सौंपा।

# सार-समाचार

## सी.एम यात्रा स्थल का जायजा लिया



**टोंक।** मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की रविवार, 30 जून को कृषि उपज मंडी टोंक में यात्रा की तैयारियों का सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री श्री गौतम कुमार दक ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री टोंक में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत 65 लाख से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की बढ़ी हुई राशि उनके खातों में हस्तांतरण करेंगे। गौतम ने जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा से कार्यक्रम के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही, पुलिस विभाग, रसद विभाग, कृषि उपज मंडी, सहकारिता, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के बारे में पूछा तथा कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए कार्यक्रम में आने वाले लाभार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो। इस दौरान निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता समेत अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## नील ने फैशन शो में हिस्सा लिया

**खैरथल।** दिल्ली में आयोजित नेशनल किड्स फैशन शो में खैरथल के सात वर्षीय नील शर्मा ने वॉक कर खैरथल का नाम रोशन किया है। नेशनल किड्स फैशन शो में देश के सभी राज्यों से पहुंचे बच्चों ने शिरकत की और अपने अपने राज्य की संस्कृति का प्रदर्शन किया जिसमें नील शर्मा ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। बालक नील शर्मा के पिता मनीष शर्मा व मां डॉ. श्रुति शर्मा ने बताया फैशन शो में बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री पूनम ढिल्लो भी मौजूद थी। कार्यक्रम में नील शर्मा को भारत सरकार के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने पुरुस्कार देकर सम्मानित करके , उत्साहवर्धन किया। नील शर्मा खैरथल निवासी मोहन शर्मा और डॉ. विमला गौड़ का पौत्र है।

## मिनी ट्रक अवैध खनन मामले में जब्त

**टोंक।** पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के आदेशानुसार अवैध खनन व परिवहन पर कार्यवाही करते हुए थाना बरोनी क्षैत्र मे थानाधिकारी ओमप्रकाश ने विशेष टीम का गठन कर दौराने गस्त व मुखबिर की सूचना पर सोहेला कट एनएच-52 पर स्थित उतरायण होटल के पास से तथा नोहटा मोड बरोनी क्षैत्र से एक ट्रेक्टर-ट्रोली जिसमें अवैध चैजा पत्थर व एक मिनी ट्रक जिसमें 25 टन अवैध बजरी भरी हुई को जप्त किया। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि दोनो वाहनो के चालक व मालिक के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

## माथुर ने भाजपा की सदस्यता ली

**सांभरझील,** (निसं)। राजस्व विभाग के पूर्व लिपिक शैलेश माथुर सहित तरुण कुमार उपाध्याय, कुलदीप राजोरा ने आज विधिवत रूप से भाजपा की सदस्यता ठाहण की। नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी की मौजूदगी में भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा ने सभी के तिलक लगाकर मोली बांधी व भाजपा का दुपट्टा पहनाया। ज्वाइन करने वाले सभी नए सदस्यों का मोदक खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस मौके पर जितेंद्र डांगरा ने कहा कि माथुर के ज्वाइन करने से पार्टी को इनके अनुभवों का अच्छा खासा लाभ मिलेगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार सांभरिया, पार्षद विजय प्रजापति, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र पारीक, पंडित विजय व्यास, युवा मोर्चा महामंत्री राजेश चंदेल की भी मौजूदगी रही।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मियों पर हमला, 4 पकड़े



यातायात पुलिसकर्मियों पर हमला करने के 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**पावटा।** बुधवार शाम पावटा सीएचसी कट पर गलत दिशा में आ रहे ट्रक का चालान काटने पर हुए विवाद में ट्रक चालक ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर यातायात पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। हमले मे दो ट्रैफिक पुलिसकर्मी घायल हो गये।

कोटपूतली बहरोड पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि प्रागपुरा थाना क्षेत्र में गलत दिशा में आ रहे एक ट्रक का ट्रैफिक पुलिसकर्मियों द्वारा चालान काटने पर पुलिसकर्मियों और ट्रक चालक के बीच विवाद हो गया, जिसमें ट्रक चालक ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर दोनों पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। हमले में यातायात पुलिसकर्मी छोटेलाल और कृष्ण घायल हो गये। अधिकारी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल छोटेलाल का निम्स अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि मारपीट की वारदात को गंभीरता से लेते हुए घटना का खुलासा एवं मुल्जिमो की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली नेम सिंह के निर्देशन में वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन में एवं प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर कार्रवाई करते हुए घटना में शरीर अभियुक्त यूसुफ खान पावटा, राजेंद्र पावटा, विनोद पावटा, सोनू बड़नगर को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की।

# सी.एम. शर्मा ने अलवर जिले के 4 लाख 31 हजार 368 लाभार्थियों के खातों में राशि भेजी

**अलवर।** अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत पेंशन योजना की अभिवृद्धित राशि का हस्तान्तरण एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनूं में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुडकर प्रदेश के 88 लाख से अधिक लाभार्थी पेंशनरों के खातों में 1 हजार 37 करोड से अधिक रूपये की राशि तथा अलवर जिले (अविभाजित) के 4 लाख 31 हजार 368 लाभार्थियों के खातों में करीब 50 करोड 59 लाख 76 हजार 300 रूपये की बढी हुई राशि को बटन दबाकर डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया।



अलवर में सुरक्षा पेंशन योजना का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता आमजन का कल्याण रहा है जिसे मूर्त रूप देने हेतु सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जरूरतमंद व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोडकर योजनाओं का प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्रदान कर राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 1000 रुपए की पेंशन राशि में बढ़ोतरी करते हुए 1150 रुपए की है जिससे पेंशनर्स को आर्थिक सम्बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार प्रदेशवासियों के कल्याण हेतु नीतिगत फैसले लेकर उन्हें योजनाओं के माध्यम से लाभ प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश सभी क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए राज्य सरकार पूर्ण रूप से संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है तथा इस संकल्प को सामुहिक जनसहभागिता के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार संकल्प पत्रा के अनुसार लगातार सभी कार्य पूरे कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी वर्ग को लाभ पहुंचे कोई भी वंचित नहीं रहे इसके लिए समस्त जनप्रतिनिधि व अधिकारी जिम्मेदारी लेते हुए पात्राता रखने वाले व्यक्ति को लाभ दिलाए।

# दौसा के लाभार्थियों को सी.एम. ने की राशि हस्तांतरित

**दौसा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा झुंझुनू में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन में अभिवृद्धित दरों से राज्य के लगभग 88 लाख पेंशनर्स को 1०37 करोड रुपए की पेंशन राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से लाभार्थियों से जनसंवाद भी किया। कार्यक्रम का आयोजन राज्यभर में जिला मुख्यालय उपखंड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया।

दौसा में जिला मुख्यालय पर लाभार्थी समारोह कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को वीसी के माध्यम से प्रशस्वी टीटी कॉलेज कलेक्ट्रेट चौराहा दौसा में किया गया। कार्यक्रम में जिले के कुल 1 लाख 96 हजार 989 पेंशनर्स लाभार्थियों को अभिवृद्धित 15 प्रतिशत पेंशन राशि 23 करोड 17 लाख 25 हजार 65० रुपए डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाभार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में राशि की बढोतरी से पेंशनर्स को आर्थिक संबल मिलेगाए हमारी सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति का उत्थान करना है।

उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी राज्य सरकार गरीब को गणेश मानकर संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथए सबका विकास एवं सबका विश्वास की भावना से सभी पात्र लाभार्थीयों को जनहितैषी योंजनाओं के लाभ से लाभान्वित करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बांदीकुई विधायक भागचंद टाकडा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में राशि की बढोतरी करने के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कदम को सराहनीय बताया, वहीं सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल ने कहा कि हमारी सरकार जिले में पानी की समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है, इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा जनहितैषी योंजनाओं के माध्यम से आमजन को लगातार लाभान्वित करवाया जा रहा है। कार्यक्रम में लाभार्थियों एवं आमजन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शंकरलाल शर्मा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले की प्रमुख समस्या पानी की कमी को राज्य सरकार संशोधित ईआरसीपी योजना एवं ईसरदा योजना से दूर करेगी एवं जिले को आगामी समय में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगीए इससे जिले का चहुंमुखी विकास संभव होगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार, जिलाअध्यक्ष, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीणा, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक आरएस बैरवा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्याम सुंदर शर्मा, सहायक जनसंपर्क अधिकारी छगन लाल यादव, उद्घोषक महेश आचार्य, जनप्रतिनिधिगण एवं पत्रकारगण सहित बडी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा

**देवली ( निस. )।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बयान से नाराज लोगों ने उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। गुरुवार को यहां डॉ. अंबेडकर विचार मंच ने मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर प्रदेश की शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विरुद्ध नाराजगी प्रकट की।

इस दौरान मंच सदस्यों ने नाराजगी जताते हुए शिक्षा मंत्री दिलावर का पुतला भी फूंका ज्ञापन में बताया कि जब से मदन दिलावर ने शिक्षा मंत्री का पद ठाहण किया है। तब से वह एक वर्ग के लिए अनर्गल बयानबाजी व आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। जिससे सभी वर्गों में दिलावर के प्रति गहरी नाराजगी है।

# बैठक में जल संरक्षण प्लान बनाने की कार्ययोजना पर चर्चा की

**दौसा।** जल शक्ति अभियान के जिले के केंद्रीय नोडल ऑफिसर एवं संयुक्त सचिवए श्रम मंत्रालय भारत सरकार डॉक्टर महेंद्र एवं जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार की सह.अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान की समीक्षा बैठक का आयोजन गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

बैठक में जल शक्ति अभियान के जिले के केंद्रीय नोडल ऑफिसर डॉक्टर महेंद्र ने जिले में जल संरक्षण प्लान बनाने की कार्ययोजना के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले की जल संरक्षण संरचनाओं की जियो टैगिंग हो एवं जिला स्तर उनकी सूचना उपलब्ध हो। उन्होंने जिले में पीने के पानी की वर्तमान वस्तु स्थिति के बारे में जानकर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पीने के पानी के स्त्रोतों के आसपास रिचार्ज हेतु जल संरक्षण संरचना तैयार की जाए। उन्होंने मानसून सत्र में वृहद स्तर पर समस्त विभागों के समन्वय से वृक्षारोपण कार्य करवाने को कहा। उन्होंने कहा कि कृषि एवं उद्यान विभाग ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई व्यवस्था को बढावा दे एवं किसानों को सिंचाई जल के लिए आत्मनिर्भर बनाने हेतु फॉर्म पौंड विकसित करवाये। उन्होंने कहा कि जिले में एक जल शक्ति केंद्र स्थापित हो साथ ही मानसून पूर्व सरकारी विभागों में छत के वर्षा जल संरक्षण टांके की सफाई एवं मरम्मत आवश्यक रूप से करवाये। बैठक में जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने जल शक्ति अभियान के जिले के केंद्रीय नोडल ऑफिसर को जिले की वर्तमान जल संरक्षण संरचनाओं की वस्तु स्थिति से अवगत करवाया एवं उनके सुझाव अनुसार आगामी समय में कार्य करने का भरोसा दिलाया। बैठक में उपवन संरक्षक अजीत ऊचोई, हाइड्रो जियोलॉजिस्ट प्रिया कंवर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीणा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# टोंक में भाजपा पार्षदों ने नगर परिषद बोर्ड पर लगाये भ्रष्टचार के आरोप

- लम्बे अन्तराल के बाद नगर परिषद की आम सभा की बैठक आयोजित हुई

**टोंक।** टोंक नगर परिषद क्षेत्र में स्थित अग्निशमन परिसर में स्थापित सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सभापति अली अहमद ने की तथा नगर परिषद आयुक्त ममता नागर व तहसीलदार रामधन गुर्जर उपस्थित रहे।

सभागार में आयोजित पाषर्दो की बैठक में यह भी देखा गया कि काफी लम्बे अन्तराल के बाद नगर परिषद की आमसभा की बैठक आयोजित हुई, जिसके चलते पार्षदो में काफी नाराजगी भी दिखी और वही भाजपाई पार्षदो ने बैठक से अपने आप को दूर ही रखा, जिसका मुख्य कारण यह रहा कि समय-समय पर नगर परिषद सभापति व आयुक्त ने अपनी मनमर्जी मुताबिक काम किया। पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन ने नगर परिषद बोर्ड पर भ्रष्टचार के आरोप लगाकर कहा कि 4 साल से क्यों नही करवाई बोर्ड की बैठक। भाजपा पार्षदो ने बैठक बहिष्कार कर चेम्बर से बाहर चले गये, बिना भाजपा पार्षदो की मौजदूगी के बिना चालू हुई बोर्ड बैठक।

बैठक में 16 बिन्दुओं पर विचार किया गया, जिसमें विशेष रूप से नगर परिषद टोंक क्षेत्र के मुख्यालय में स्थित चतुर्थभुज, तेलियान व धन्नातलाई तालाबों की व्यवस्था व किये गये विकास कार्यो की समीक्षा की गई। वही नगर परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर भी पार्षदो ने सवाल उठायें, पार्षद अशरफगुज ने कहा कि हमारे यहां सफाई हेतु 450 कर्मचारी है, जबकी कार्यस्थलो पर आधे ही जा पाते है, बाकी शेष अधिकारियों के बंगलो पर सेवा में हाजिर रहते है, जबकी उनका वेतन नगर परिषद द्वारा भुगतान किया जाता है। जबकी ऐसा नही होना चाहिए हम भी हॉमगार्ड लेते तो उनका पेमेन्ट नगर परिषद ही करती है, अधिकारियों को आप अवगत कराये कि हमारे सफाईकर्मियों को जिस विभाग में लगाते है तो वही से उनका पेमेन्ट दिया जायें। जिससे हमारे वार्डो में कर्मचारींयो की कमी के कारण सफाई नही हो पाती। पार्षद यूसूफ इन्जिनियर ने भी नगर परिषद सभापति और आयुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि दिनांक 28.12.2012 में छावनी में स्थित मस्जिद का निपटारा हो गया था, नगर परिषद और तत्कालीन चेयरमेन से इस मामले को लेकर वक्फ बोर्ड ने भी पत्र लिख दिया कि आगे की जगह नगर परिषद रखे तथा पिछे की जगह मस्जिद के पास रखा जाये, जिसका समझोता वर्ष 2012 में पत्रांक 16 के अन्दर पहले ही हो चुका था। जिसमें नामांकन खुलना था और जो कोर्ट में चल रहा था वो दोनो पार्टियों को लेना था, जिस पर मस्जिद के सदद ने नगर परिषद को पत्र लिखकर अवगत करा दिया था। इस आयुक्त ने जवाब देते हुए कहा कि यह मामला डीएलबी से सम्बन्धित है, मैं चार व्यक्तियों की कमेठी बनाकर जिसमें आप भी शामिल होगे और जो डीएलबी की सम्भावना होगी उस पर विचारविमर्श कर मामला का निपटारा किया जायेगा। वही सीवरेज लाईन को लेकर शहर में फैली गन्दगी को लेकर विरोध जताया और युद्धस्तर पर काम करने की बात की। बैठक में सीवरेज के अधिकारी भी अनुस्थित रहें। पार्षद रामदेव गुर्जर और सुनिल बंसल, सभापति अली अहमद ने पत्रकारो के लिए डीएलसी रेट पर भुखण्ड उपलब्ध कराने का मुद्दा भी रखा, जिस पर आयुक्त ने डीएलबी के अनुसार अनुमोदित कॉलोनी बनाकर जो नियमुनसार होगा, उनके अनुसार पत्रकारों को सस्ती रेट पर भुखण्ड उपलब्ध कराये जायेगें। वहीं अनुकम्पा नियुक्तियों के सम्बन्ध में 6 मामले सामने आयें जिनको नियुक्तियां प्रदान की गई। फायरमेन के पद पर नवनियुक्तियों के पद पर विचार किया गया, जिन्होने वर्ष 2023 में ही ड्यूटी ज्वान कर ली है, वही साधारण सभा की बैठक ना होने के चलते जिनका कार्य 2 वर्ष का पूर्ण हो गया है, जिसमें आत्माराम गुर्जर, हजारीलाल माली, मो. शकिल को नियुक्ति के आदेश प्रदान कर दिये गये है तथा जो कार्मिक वरिष्ठा की श्रेणी में आ गये है उनकी पदोन्नति के प्रस्ताव का अनुमोदन कर उच्चाधिकारियों को भेज दिया जायेगा।

# तालाब के आसपास की भूमि खोदी

**सांभरझील, ( निसं )।** गुढ़ा में स्पीड ट्रायल ट्रेक तैयार हो रहा है, वहीं इसको बनाने के लिए मिट्टी से डेम तैयार किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर रेलवे के ठेकेदारों ने तालाब की पाल को भी नहीं छोड़ा। आपको यह जानकर ताज्जुब होगा कि आखिरकार इतनी मिट्टी आ कहां से रही है।


सूत्रो के अनुसार बताया जा रहा है कि इन दिनों रेलवे दोहरीकरण और ट्रायल ट्रैक निर्माण कार्य उपयोग के लिए सबसे पहले मिट्टी खुदाई कर यहा करीब पंद्रह फिट की ऊंचाई तक उसमें भराव किया जा रहा है। ये मिट्टी निजी खातेदारो के खेतो, सांभरझील, रेलवे बाउंड्री तथा तालाब आदि के पास से उठाई जा रही है। जहां एक तरफ तालाब सोंदर्यीकरण के लिए सरकार कई प्रकार की योजनाए चलाती है वहीं तालाब की पाल से मिट्टी खोदकर इसके वास्तविक स्वरूप को बिगाड़ा जा रहा है। इससे कहीं ना कहीं पर्यावरण को भी नुकसान होगा। रेलवे के ठेकेदारों द्वारा तालाब के पास मिट्टी खुदाई से जगह-जगह खारा पानी प्रवेश करने के रास्तें बन गए।

झील, खेतों सहित कई निजी और सिवाई चक जगहों पर गहरे-गहरे गड्ढे खोद डाले। जिनको वापस सही कराए बिना ही छोड़ दिया गया है इससे कभी कोई हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश का मौसम शुरू हो गया है। अब यहा आसपास बने नमक के खारडों से खारा पानी तालाब में चला जाएगा।

# यूपी की तर्ज पर अलवर में अपराधियों के आशियानों पर चला बुलडोजर

## 10 आरोपियों के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाया गया

**अलवर।** पुलिस टीम पर हमलाकर 5 दिन पहले भागे हिस्ट्रीशीटर फिरोज खान सहित 10 आरोपियों के अवैध निर्माणों पर गुरुवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। यूआईटी ने मन्नाका क्षेत्र के कमल का बास में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों को तीन दिन पहले चिह्नित कर नोटिस दिए थे। इनमें आरोपियों को खुद अतिक्रमण हटा लेने के निर्देश दिए थे। नोटिस की अवधि समाप्त होने पर प्रशासन अतिक्रमणों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की। एडिशनल एसपी तेजपाल सिंह ने बताया कि पैमाइश में फिरोज खान पुत्र खुर्शीद सहित 10 लोगों के पक्के निर्माण सरकारी जमीन पर मिले हैं। जिन्हे आज यूआटी की मदद से तोड़े गए हैं। इस दौरान कई थानो की पुलिस और भारी पुलिस लवाजमा मोके पर तैनात रहा। कार्यवाही के दौरान एसडीएम प्रतीक जुईकर को मजिस्ट्रेट लगाया गया। वैशाली नगर थानाधिकारी सीताराम सैनी ने बताया कि फरार हिस्ट्रीशीटर फिरोज की तलाश में अलग-अलग टीमें लगी हुई है। जल्दी आरोपी पुलिस को गिरफ्त में होगा।



दस आरोपियों के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाया गया।

**यह अधिकारी रहे मौजूद :** यूपी की तर्ज पर अलवर में आज पीला पंजा चला। इस दौरान कार्यवाही के मजिस्ट्रेट एसडीएम प्रतीक जुईकर, एडिशनल एसपी तेजपाल सिंह, यूआईटी के टी आर ओ अनिल शर्मा, तहसीलदार अन्नू कुमारी, पुलिस उपाधीक्षक डॉ पूनम, पटवारी अमित नरुका, अधिशाषी अभियंता संभव अवस्थी, सहायक अभियंता बहादुर सिंह, कनिष्ठ अभियंता दौलतराम सहित कई थानो की पुलिस और लाइने का जाप्ता तैनात रहा।

**टूटने वाले सभी घर रहे खाली:** अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान सभी घर खाली रहे। इन घरों में रहने वाले लोग पहले ही खाली कर चले गए। जहाँ तक अतिक्रमण का निशान प्रशासन की और से लगाया गया उस थान तक से घरों में रहने वालो ने अपना सारा सामान हटा लिया। इससे अतिक्रमण हटाने में प्रशासन को भी ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान मौके पर कोतवाली, एन ई बी थाना, वैशाली थाना, शिवाजी पार्क आदि थानो के थानाधिकारी और जाप्ता सहित करीब 100 पुलिसकर्मी तैनात रहे। इनके अलावा यूआईटी, बिजली विभाग सहित अन्य कई विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यवाही के दौरान किसी तरह का विरोध होने से निपटने के लिए घरों के ऊपर और घरों के पीछे की साइड भी पुलिस जाप्ता तैनात रहा। साथ ही पुलिस के अधिकारी लावजमे के साथ गाँव में गशत करते रहे। आरोपियों के घरों के आसपास रोड़ पर पुलिस जाप्ता तैनात रहा। आने जाने वाले लोगों को रोड़ पर रुकने नहीं दिया। हिस्ट्रीशीटर सहित 10 मकानों पर बुलडोजर चला। बुलडोजर की कार्यवाही से पहले बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा बिजली के पोल से कनेक्सशन काटे गए। इसके बाद कार्यवाही को अंजाम दिया गया।



इन हालात में बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण था। किस्मत ने हमारा साथ दिया कि हम साझेदारी निभा सके। हमने अच्छा खेला और रणनीति पर बखूबी अमल किया। हम सही जगहों पर गेंद डालने पर ही फोकस कर रहे थे।

- एडेन माक्रम

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान, अपनी जीत पर कहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — पीटी उषा



पीटी उषा एक ऐसी ही महिला एथलीट है, जिन्होंने अपने देश का नाम रोशन किया और देश की हजारों-लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनीं। आज यानी की 27 जून को पीटी उषा अपना 59वां जन्मदिन मना रहे हैं। वह ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला एथलीट बनीं। उन्होंने अपने संघर्षों का सामना करते हुए अपना करियर चुना और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। साल 1980 में उनके अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत हुई। पाकिस्तान ओपन नेशनल मीट में पीटी उषा ने चार स्वर्ण पदक अपने नाम कर देश का नाम ऊंचा किया।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत की ओर से डब्लूटीए टूर्नामेंट जीतने वाली पहली खिलाड़ी सानिया मिर्जा है। सानिया ने फरवरी, 2005 में हैदराबाद टूर्नामेंट जीतते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

# भारत ने दिया इंग्लैंड को 172 रनों का लक्ष्य

## रोहित ने 57 व सूर्यकुमार ने 47 रन की पारी खेली, इंग्लैंड ने 6 ओवर में 39 रन पर 3 विकेट गंवाये



गयाना 27 जून। कप्तान रोहित शर्मा (57) और सूर्यकुमार यादव (47) की शानदार पारियों के दम पर भारत ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल के वर्षा बाधित मैच में इंग्लैंड को जीत के लिये 172 रनों का लक्ष्य दिया है। इंग्लैंड ने 6 ओवर में तीन विकेट के 39 रन बना लिए हैं। मोइन अली क्रीज पर हैं। 5वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने फिल सॉल्ट को बोल्ड कर दिया। अक्षर पटेल ने अपनी पहली बॉल पर जोस बटलर को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया।

आज यहां इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाजी विराट कोहली (9) का विकेट खो दिया। इसके बाद ऋषभ पंत भी (4) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभाला। टीम का स्कोर जब आठ ओवर में दो विकेट पर 65 रन था तो बारिश शुरु हो गई। बारिश के बाद कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया।


14वें ओवर में आदिल रशीद ने रोहित शर्मा को आउट कर इंग्लैंड को तीसरी सफलता दिलाई। रोहित ने 39 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुये (57) रनों की पारी खेली। इसके बाद 16वें ओवर में जोफ्रा आर्चर ने सूर्यकुमार यादव को क्रिस जॉर्डन के हाथों कैच आउट करा दिया। सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुये (47) रन बनाये। हार्दिक पांड्या ने 13 गेंदों में (23), अक्षर पटेल छह गेंदों में (10) रन बनाकर आउट हुये। शिवम दुबे शून्य पर आउट हुये। रवींद्र जडेजा नौ गेंदों में (17) और अर्शदीप सिंह (1) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 171 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से क्रिस जॉर्डन को तीन विकेट मिले। रीस टॉप्ली, जोफ्रा आर्चर,सैम करन और आदिल रशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है : राष्ट्रपति

नयी दिल्ली, 27 जून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को कहा कि युवाओं को खेलों में भी आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे और भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रपति ने आज संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, मेरी सरकार के प्रभावी प्रयासों का परिणाम है कि भारत के युवा खिलाड़ी वैश्विक मंचों पर रिकॉर्ड संख्या में मेडल्स जीत रहे हैं। कुछ ही दिनों बाद पेरिस ओलंपिक भी शुरू होने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा, ओलंपिक्स में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले हर खिलाड़ी पर हमें गर्व है।

# दक्षिण अफ्रीका फाइनल में, तीन दशक का सूखा खत्म

## दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को नौ विकेट से रौंदा, पहली बार आईसीसी इवेंट के फाइनल में जगह बनाई



टरूबा, 27 जून। गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन और उसके बाद रीजा हेंड्रिक्स नाबाद (29) तथा कप्तान एडन मारक्रम नाबाद (23) रनों की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका टी-20 विश्वकप के पहले सेमीफाइनल में मुकाबले में अफगानिस्तान को नौ विकेट से हराकर पहली बार फाइनल में पहुंच गई है।

इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने तीन दशकों के लम्बे इंतजार के बाद आईसीसी के किसी भी इवेंट में पहली बार फाइनल में जगह बनाई है। त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेल गये सेमीफाइनल में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसका कोई भी बल्लेबाजी दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका। केवल अजमतउल्लाह उमरजई ने सर्वाधिक (10) रन बनाये। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने अफगानिस्तान की पूरी टीम को 11.5 ओवर में 56 रन पर समेट दिया। यह टी-20 विश्वकप सेमीफाइनल मैच में ऑल आउट होने का किसी टीम का सबसे न्यूनतम स्कोर है।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से मार्को यानसन और तबरेज शम्सी ने तीन-तीन विकेट लिये। कगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्टजे ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। 57 रनों के छोट लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीका ने 8.5 ओवर में एक विकेट पर 60 रन बनाकर नौ विकेट से जीत लिया। इसी के साथ ही दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका फजलहक फारुकी ने क्विंटन डिकॉक को बोल्ड कर दिया।

क्विंटन डिकॉक (5) रन बनाये। रीजा हेंड्रिक्स ने 25 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद (29) तथा कप्तान एडन मारक्रम ने 21 गेदों में चार चौकों की मदद से नाबाद (23) रनों की पारी खेली। अफगानिस्तान की ओर फजलहक फारूकी को एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका फाइनल में भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

# कोई भी इस पिच पर सेमीफाइनल मैच नहीं खेलना चाहेगा : जोनाथन ट्रॉट

## अफगानिस्तान के कोच ट्रॉट ने पिच की आलोचना की



टरूबा, 27 जून। अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के लिए इस्तेमाल की गई पिच की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के बड़े मुकाबले के लिए यह उपयुक्त नहीं थी। इस पिच से तेज गेंदबाजों को मूवमेंट मिल रहा था और इसमें अनिश्चित उछाल दी थी। अफगानिस्तान की टीम इस पिच पर केवल 56 रन बनाकर आउट हो गई जो टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूनतम स्कोर है। दक्षिण अफ्रीका ने भले ही लक्ष्य 8.5 ओवर में हासिल कर दिया लेकिन उसके बल्लेबाजों को भी संघर्ष करना पड़ा।

ट्रॉट ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैं खुद को परेशानी में नहीं डालना चाहता और मैंअंगूर खट्टे हैं जैसा मामला भी नहीं बनना चाहता लेकिन यह उस तरह की पिच नहीं थी जिस पर कोई विश्व कप का सेमीफाइनल खेलना चाहेगा।'' इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि इस पिच ने बल्लेबाजी को पूरी तरह से खेल से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा,''मुकाबला बराबरी का होना चाहिए। मैं ऐसा नहीं कह रहा हूं कि यह सपाट होनी चाहिए जिसमें स्पिन या सीम मूवमेंट न हो। मेरे कहने का मतलब है कि आपको बल्लेबाजों की भी चिंता होनी चाहिए। बल्लेबाजों को अपने पांव के मूवमेंट पर विश्वास होना चाहिए और उन्हें अपने कौशल का उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए।''

# यूरो कप : जॉर्जिया ने रोनाल्डो की पुर्तगाल को हराकर किया बड़ा उलटफेर

## 2-0 से हराकर मचाई खलबली




नई दिल्ली, 27 जून। मैच से पहले क्रिस्टियानो रोनाल्डो से हुई बातचीत ने ख्विचा कवारात्सखेलिया को इतना प्रेरित किया कि उनकी टीम जॉर्जिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप का बड़ा उलटफेर करते हुए रोनाल्डो की पुर्तगाल को 2 . 0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। रोनाल्डो के प्रशंसक जॉर्जिया के सात नंबर जर्सी वाले कवारात्सखेलिया ने मैच से ठीक पहले अपने पसंदीदा खिलाड़ी से बात की। उन्हें रोनाल्डो की शर्ट भी तोहफे में मिली और इसी खिलाड़ी ने मैच में पहला गोल दाग दिया।

रोनाल्डो अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं कर सके हैं। जॉर्जिया को नॉकआउट में पहुंचने के लिये यह मैच हर हालत में जीतना था। उसने 93वें सेकंड में बढत बना ली जब जार्जेस एम के पास पर कवारात्सखेलिया ने गेंद गोल के भीतर डाला। दूसरा गोल 57वें मिनट में जॉर्जेस मिकाउतात्जे ने दागा। पुर्तगाल ग्रुप एफ से पहले ही क्वालीफाई कर चुका है जबकि जॉर्जिया तीसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में पहुंचा। अब उसका सामना स्पेन से होगा जबकि पुर्तगाल की टक्कर स्लोवेनिया से होगी।

राउंड ऑफ 16 के लिए बेल्जियम ने किया क्वालीफाई -बेल्जियम ने यूक्रेन से गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जबकि यूक्रेन चार अंक लेकर बाहर होने वाली ग्रुप की पहली टीम बन गई। बेल्जियम का सामना अब सोमवार को डसेलडोर्फ में अंतिम 16 के मुकाबले में फ्रांस और काइलियान एमबाप्पे से होगा। ग्रुप ई में सभी टीमों के चार अंक रहे लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर रोमानिया शीर्ष, बेल्जियम दूसरे और स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रहा।

# अफगानिस्तान को नए स्थान पर अभ्यास करने का समय नहीं मिला : माइकल वान



टरूबा, 27 जून। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के पहले सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका से बुरी तरह से हारकर अफगानिस्तान बाहर हो गई। साउथ अफ्रीका पहले बार वर्ल्ड कप के फाइनल में खेलेगी, जबकि अफगानिस्तान का फाइनल खेलने का सपना टूट गया है। अब अफगानिस्तान की इस करारी हार पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और कमेंटेटर माइकल वान ने सवाल कढ़ कर दिए हैं।

माइकल वान ने ट्वीट कर अफगानिस्तान की इस हार को आईसीसी की लापरवाही से जोड़ा है। माइकल वॉन ने बताया कि त्रिनिदाद की यात्रा के दौरान अफगानिस्तान को उड़ान में देरी का सामना करना पड़ा, जिससे खिलाड़ियों को नेट्स पर कड़ी मेहनत करने और नए स्थान पर अभ्यास करने का समय नहीं मिला। अफगानिस्तान सोमवार को बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा था।

वहीं वॉन ने अपने पर लिखा कि, अफगानिस्तान की टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार की रात मैच जीता। इसके बाद मंगलवार को उन्हें त्रिनिदाद के लिए उड़ान भरने में 4 घंटे की देरी हुई। नए स्थान पर अभ्यास का समय नहीं मिला।

वॉन ने एक बार फिर लिखा कि दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान को सुबह के खेल में गुयाना में खेलना चाहिए था, जबकि भारत और इंग्लैंड को रात में पहले सेमीफाइनल में भिड़ना चाहिए था। वान ने शेड्यूलिंग को भारत की ओर ध्यान केंद्रीत और दूसरों के लिए अनुचित बताया। उन्होंने आगे लिखा कि, निश्चित रूप से ये सेमी गुयाना वाला होना चाहिए था, लेकिन क्योंकि पूरा कार्यक्रम भारत पर केंद्रित है, इसलिए ये दूसरों के लिए बहुत अनुचित है।

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को पदक दिलाना मेरा लक्ष्य : मीराबाई चानू

नई दिल्ली, 27 जून। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को एक और पदक दिलाने का लक्ष्य रखा है। मीराबाई



पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने वाली भारत की इकलौती भारोत्तोलक है।49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए चोट से बचने पर ध्यान दे रही है। तीसरी बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने की तैयारी कर रही मीराबाई ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण), आईओसी (भारतीय ओलंपिक संघ) और भारतीय भारोत्तोलक महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) के सौजन्य से आयोजित ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में पटियाला से कहा, '' पेरिस को लेकर रोमांचित हूं लेकिन थोड़ी घबराहट और तनाव भी है। पिछले तीन साल (तोक्यो ओलंपिक के बाद) में मेरे काफी प्रतिद्वंद्वी बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का दबाव है लेकिन अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं।'' मीराबाई चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है।

### क्रिस सिल्वरवुड ने श्रीलंका के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दिया



कोलंबो, 27 जून। श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने बृहस्पतिवार को टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भी सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सिल्वरवुड ने एक बयान में कहा ,''अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं।'' उन्होंने कहा ,''श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा रहना मेरे लिये फख्र की बात रही है। मैं काफी अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं।'' श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई थी जो आईसीसी टूर्नामेंट में उसका सबसे खराब प्रदर्शन रहा है।

# किरण पहल ने महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में ओलंपिक कोटा हासिल

नई दिल्ली, 27 जून। गुरुवार को राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आगाज हो चुका है। जहां भारतीय महिला एथलीट किरण पहल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल कर लिया है। किरण ने सेमीफाइनल में 50.92 सेकंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। बता दें कि, महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालीफाइंग मार्क 50.95 सेकंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रही। यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं। इस दौरान वह गुजरात की देवी अनिबा जाला से आगे रहीं जिन्होंने 53.44 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# कोपा कप : नहीं रुक रहा वेनेजुएला का विजयी क्रम, मैक्सिको को दी मात

इंगलवुड, 27 जून। वेनेजुएला ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मैक्सिको को 1-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। मैच का एकमात्र गोल 57वें मिनट में सालोमोन रोंडोन ने पेनाल्टी किक पर किया। इस हार से मैक्सिको पर पहले दौर से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। वेनेजुएला ने अपने पहले मैच में इक्वाडोर को 2-1 से पराजित किया था और उसका ग्रुप बी में शीर्ष दो टीम में रहना तय है। वह अपना अंतिम मैच रविवार को जमैका के विरुद्ध खेलेगा। जमैका की टीम पहले ही नॉकआउट चरण की दौड़ से बाहर हो चुकी है। मैक्सिको ने जमैका पर 1-0 की जीत के साथ शुरुआत की थी। उसके भी इक्वाडोर के बराबर तीन अंक हैं। मैक्सिको अपना अंतिम मैच रविवार को इक्वाडोर से खेलेगा और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उसे इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

# गुकेश ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज में डेक बोगडान-डेनिएलिन को हराया



बुखारेस्ट, 27 जून। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में रोमानिया के डेक बोगडान-डैनियल को हराकर सकारात्मक शुरुआत की। इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने को तैयार गुकेश को इस मुकाबले के दौरान किस्मत का भी साथ मिला, जब उनकी गलती पर रोमानिया का खिलाड़ी फायदा उठाने में नाकाम रहा। गुकेश ने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद पहली बार क्लासिकल शतरंज की किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रहे एक अन्य भारतीय आर प्रज्ञाननंदा ने कड़ी मेहनत की लेकिन उन्हें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना भी शुरुआती दौर में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। उन्होंने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। दस खिलाड़ियों के राउंड-रोबिन टूर्नामेंट में अन्य दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। बोगडान-डैनियल ने 'निम्जो इंडियन डिफेंस' चाल के शुरुआत की जिसने मुकाबला बीच में जटिल बना दिया। रोमानिया के खिलाड़ी के पास गुकेश पर बढ़त बनाने का मौका था लेकिन उन्होंने प्यादा के मुकाबले अपने 'रूक (हाथी)' को गंवा दिया।

# टूर्नामेंट से आत्मविश्वास लेकर जा रहे हैं, यह हमारे लिये आगाज है : राशिद खान

टरूबा, 27 जून।अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान दक्षिण अफ्रीका के हाथों टी20 विश्व कप के एकतरफा सेमीफाइनल में मिली हार से दुखी हैं लेकिन उन्होंने कहा कि यह उनकी टीम के लिये शुरूआत है और इस टूर्नामेंट से उन्हें किसी भी टीम को हराने का आत्मविश्वास मिला है।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले सेमीफाइनल में अपने न्यूनतम स्कोर 56 रन पर आउट होने के बाद अफगानिस्तान को नौ विकेट से पराजय झेलनी पड़ी। राशिद ने मैच के बाद कहा ,'' एक टीम के रूप में हमारे लिये यह कठिन था। हमने बेहतर प्रदर्शन किया होता लेकिन हालात ने हमारा साथ नहीं दिया। टी20 क्रिकेट यही है जिसमें आपको हर परिस्थिति के अनुरूप ढलना होता है।'' उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा ,'' हमारे लिये यह शुरूआत भर है। हमारे भीतर किसी भी टीम को हराने का आत्मविश्वास आ रहा है। हमे प्रक्रिया पर ध्यान देना है। हमने यहां से बहुत कुछ सीखा है।'' राशिद ने कहा ,'' इस टूर्नामेंट से हम आत्मविश्वास लेकर जा रहे हैं। हमें पता है कि हमारे पास कौशल है लेकिन यहां हमने कठिन और दबाव भरे हालात में खेलना सीखा।'' एक टीम के रूप में किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है , यह पूछने पर राशिद ने कहा ,'' कुछ सुधार तो करना होगा। खासकर मध्यक्रम की बल्लेबाजी में। अभी तक नतीजे अच्छे रहे हैं लेकिन हमें बल्लेबाजी में और मेहनत करनी होगी।''



# मु.मंत्री भजनलाल ने डेढ घंटे तक बंद कमरे में भाजपा नेताओं से चर्चा की

## मीटिंग को लेकर मीडिया में कयासबाजी चल रही है, किसी ने भी मीटिंग के इनपुट्स सार्वजनिक नहीं किए हैं

- झुंझुनूं में हुई इस मीटिंग में जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी व अन्य कई भाजपा नेता मौजूद थे।
- समझा जाता है कि, मीटिंग में झुंझुनूं विधानसभा सीट के उपचुनाव के संबंध में चर्चा की गई।

झुंझुनूं, 27 जून (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को झुंझुनूं के दौरे पर रहे। मु.मंत्री ने करीब डेढ़ घंटे तक झुंझुनूं जिले के भाजपा नेताओं के साथ जिले के विकास को लेकर, संगठन की मजबूती और आने वाले उप चुनावों को लेकर चर्चा की। बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत के अलावा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी तथा संतोष अहलावत समेत अन्य कई भाजपा नेता मौजूद थे। बैठक के बाद उप चुनावों के बारे में मुख्यमंत्री ने और ना किसी ही मंत्री ने कोई चर्चा की। उन्होंने इतना जरूर कहा कि, प्रस्तावित बजट को लेकर सुझाव मांगे हैं। वहीं यमुना के पानी को लेकर प्रोग्रेस के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का दौरा मुख्यमः झुंझुनूं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत राशि वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए संदर्भ में था। लेकिन सियासी गलियारों में इस दौरे और कार्यक्रम को झुंझुनूं में प्रस्तावित विधानसभा उप चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। यह चर्चा उस वक्त और भी तेज हो गई जब मुख्यमंत्री ने हवाई पट्टी पर ही बंद कमरे में करीब डेढ़ घंटे तक भाजपा नेताओं के साथ बैठक की।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि यमुना नहर के पानी को लेकर सरकार गंभीर है। सर्वे का काम चल रहा है। वहीं जल्द ही हम जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को शुरू करने वाले हैं। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि, हमने यमुना का पानी शेखावाटी तक पहुंचाने का वादा किया है।

जो हर हाल में पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि, आज जो बैठक उन्होंने पार्टी नेताओं के साथ की है। उसमें प्रस्तावित बजट को लेकर सुझाव मांगे हैं। झुंझुनूं जिले के विकास को लेकर भी नेताओं ने सुझाव दिए हैं। जो ना केवल झुंझुनूं जिले को, बल्कि राजस्थान को विकास की गति देंगे। उन्होंने कहा कि, सरकार हर हाल में हर वर्ग का कल्याण करने और उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि, वे ऑनलाइन सुझाव सरकार को भेजें। ताकि अच्छे सुझावों को बजट में शामिल किया जा सके। बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनिया, जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, डॉ. राजेश बाबल, विधायक विक्रम सिंह जाखल, विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व विधायक जेपी चंदेलिया, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना, प्यारेलाल ढूकिया आदि मौजूद थे।

जिले के प्रभारी और सूबे के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से आज मुख्यमंत्री ने चर्चा करते हुए आगामी बजट के लिए सुझाव मांगे हैं। हम चाहते है कि, झुंझुनूं की हर विधानसभा क्षेत्र की मांग पूरी हो और विकास के नए आयाम स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि, शौर्य उद्यान, पुलिस लाइन ओवरब्रिज, खेल यूनिवर्सिटी जैसे अधूरे प्रोजेक्ट है। उन्हें भी मुख्यमंत्री को बताया गया है। निसंदेह आने वाले दिनों में इन अधूरे प्रोजेक्टों को पूरा कराना प्राथमिकता रहेगी। अविनाश गहलोत ने भी यमुना नहर को लेकर चर्चा की और बताया कि 1994 में पहली बार तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत ने ही यमुना के पानी को लेकर पत्र लिखा था। बीच के तीन दशकों में कांग्रेस का कोई नेता और कोई जनप्रतिनिधि इस मामले में नहीं बोला। लेकिन हमारी सरकार यमुना का पानी शेखावाटी में पहुंचाकर ही दम लेगी।

बैठक से बाहर आकर चाहे मुख्यमंत्री और मंत्री ने बजट के सुझावों के बारे में बात साझा की हो। लेकिन यह चर्चा भी जोरों पर है कि सीएम ने लोकसभा चुनावों में मिली हार से सबक लेने का पाठ सभी नेताओं को पढ़ाया और साफ शब्दों में कहा कि उप चुनावों में भी टिकट एक ही कार्यकर्ता को मिलेगा। लेकिन हमें एकजुटता के साथ चुनाव लड़कर झुंझुनूं की विधानसभा सीट में कमल खिलाना है। यही नहीं सीएम ने लोकसभा चुनावों में मिली हार के कारणों के बारे में भी बातचीत की। इस बारे में भी कुछ नेताओं ने अपने अपने तर्क दिए।

# डिप्टी स्पीकर का पद टी.डी.पी. को मिलेगा?

- चर्चा है कि, एन.डी.ए. में सामंजस्य दिखाने के मकसद से तेलुगू देशम पार्टी (टी.डी.पी.) के हरीश बालयोगी को डिप्टी स्पीकर का पद दिया जा सकता है।

नई दिल्ली, 27 जून। ओम बिरला एक बार फिर लोकसभा के स्पीकर बन गए हैं मगर डिप्टी स्पीकर का पद अभी भी खाली है। ऐसा बताया जा रहा है कि, इस बार डिप्टी स्पीकर की कुर्सी किसी विपक्षी नेता को नहीं बल्कि एन.डी.ए. अपने पास ही रख सकती है। ऐसा करके एन.डी.ए .अब तक चली आ रही परम्परा तोड़ देगी। वहीं एन.डी.ए. के इस रुख से भी सरकार और विपक्ष के बीच तकरार बढ़ने की संभावना है। ऐसा बताया जा रहा है कि, सरकार के पास भी ऐसा करने की मजबूरी है क्योंकि उसे अपने सहयोगी दलों को खुश करना है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जल्द ही एन.डी.ए. डिप्टी स्पीकर के पद पर आसीन होने वाले नाम का ऐलान कर सकती है। ऐसा बताया जा रहा है कि, सरकार के इस फैसले से विपक्ष एक बार फिर कड़ा रुख अपना सकता है। हालांकि, यह एनडीए नीत भाजपा सरकार की मजबूरी है, क्योंकि उसके लिए चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार जैसे सहयोगियों को खुश रखने का सवाल भी है।

# 'राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान मोदी को 73 बार व राहुल को 6 बार दिखाया गया'

## जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट के जरिये संसद टी.वी. की कवरेज में विपक्ष को नज़रअंदाज करने का आरोप लगाया

- राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि, राष्ट्रपति के, "मोदी सरकार लिखित" अभिभाषण को सुनकर ऐसा लगा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव के जनादेश को नकारने की कोशिश कर रहे हैं।
- खड़गे ने यह दावा भी किया कि, प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति से "झूठ बुलवाकर" अपनी वाहवाही करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि देश की जनता उन्हें नकार चुकी है।

नई दिल्ली, 27 जून। विपक्ष ने बृहस्पतिवार को संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए अभिभाषण के बाद केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। विपक्षी नेताओं ने अभिभाषण को "सरकार द्वारा दी गई और झूठ पर आधारित पटकथा' करार दिया और कहा कि, सरकार को 1975 के आपातकाल के बजाय आज के "अघोषित आपातकाल" पर जवाब देना चाहिए। इसके अलावा, कांग्रेस ने आरोप लगाया कि, राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र को सबसे ज्यादा दिखाया गया जबकि राहुल गांधी का चेहरा बहुत कम बार दिखा।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को आरोप लगाया कि, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तुलना में अधिक बार स्क्रीन पर दिखाया गया।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "51 मिनट के राष्ट्रपति के संबोधन में किसको कितनी बार दिखाया गया?

**नेता सदन नरेंद्र मोदी :** 73 बार
**नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी:** 6 बार
**सरकार:** 108 बार
**विपक्ष:** 18 बार

बता दें कि, राष्ट्रपति मुर्मू ने बृहस्पतिवार को अपने अभिभाषण में 1975 में लागू आपातकाल का उल्लेख किया और इसे 'संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा एवं काला अध्याय' करार देते हुए कहा कि, ऐसे अनेक हमलों के बावजूद देश ने असंवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त करके दिखाई। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि, राष्ट्रपति के, "मोदी सरकार लिखित" अभिभाषण को सुनकर ऐसा लगा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव के जनादेश को नकारने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि, प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति से 'झूठ बुलवाकर' अपनी वाहवाही करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि देश की जनता उन्हें नकार चुकी है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारत के दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के सरकार के दावे पर निशाना साधा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, "भारत के पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कहानी बताई जा रही है... क्या उसने हमारे किसानों को समृद्ध बनाया है? अगर हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, तो इतने सारे युवा बेरोजगार क्यों हैं?

# 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मिलेगा

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि, सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज योजना का दायरा बढ़ा दिया है।

नई दिल्ली, 27 जून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद भवन में अपने अभिभाषण में गुरुवार को कहा कि,, आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भी मिलेगा। उन्होंने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा कि, देश में 25 हजार जन औषधि केंद्रों को खोलने का काम भी तेजी से चल रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा, "सरकार 55 करोड़ लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध करवा रही है। अब इस क्षेत्र में सरकार एक और निर्णय लेने जा रही है। उनके मुताबकि, 'अब आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भी मिलेगा।'

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जे.ए.वाय.) दुनिया की सबसे बड़ी सरकार की ओर से वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसमें देश के 12 करोड़ निम्न आय वाले परिवारों को इलाज के लिए प्रति वर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है।

मुर्मू ने कहा कि, भारत 'आयुष' (आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) को बढ़ावा देकर एक स्वस्थ विश्व के निर्माण में मदद कर रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि, स्वच्छ भारत अभियान ने भी गरीबों के जीवन की गरिमा से लेकर उनके स्वास्थ्य तक को राष्ट्रीय महत्व का विषय बनाया है और पहली बार देश में करोड़ों गरीबों के लिए शौचालय बनाए गए।

उन्होंने कहा, 'ये प्रयास हमें आश्वस्त करते हैं कि, देश आज महात्मा गांधी के आदर्शों का सच्चे अर्थों में अनुसरण कर रहा है।'

## महिला शिक्षक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मानते हुए वार्षिक वेतन वृद्धि, चयनित वेतनमान और वरिष्ठता आदि का लाभ दिया गया। इसे चुनौती देते हुए याचिका में कहा गया कि, याचिकाकर्ता की नियुक्ति स्वीकृत रिक्त पद पर फरवरी में हुई थी और उसने कार्य भी ग्रहण कर लिया था। इसके अलावा विभाग ने समान प्रकृति के मामलों में दूसरे शिक्षकों को उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से ही सेवा परिलाभ दिए हैं। ऐसे में याचिकाकर्ता को समानता के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता को सेवा परिलाभ देरी से देने के चलते वह वेतन, भत्ते और वरिष्ठता में अपने साथी शिक्षकों से पिछड गई। इसलिए उसे प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा परिलाभ दिए जाएं। मामले की सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा परिलाभ देने को कहा है।

# 'राम मंदिर में पानी टपकने की रत्तीभर भी समस्या नहीं'

- श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा कि, मंदिर परिसर में बिजली फिटिंग का काम चल रहा है, फिटिंग पाइप के जरिये ही पानी मंदिर की फर्श पर गिरा हुआ दिखाई दिया था।

नई दिल्ली, 26 जून (वार्ता)। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने बुधवार को कहा कि, मंदिर के गर्भगृह में पानी रिसने की रत्तीभर भी समस्या नहीं है, पर बिजली की तारों की निर्माणाधीन कंड्यूट (पाइप) के रास्ते कुछ पानी भूतल पर जरूर दिखाई दिया था, जो कोई समस्या नहीं है।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में छत से पिछले दिनों कथित रूप से बारिश का पानी टपकने की चर्चाओं के बीच जारी बयान में राय ने कहा, जहाँ भगवान रामलला विराजमान है, वहाँ छत से एक भी बूंद पानी नहीं टपका है और न ही कही से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है।

बयान में यह भी कहा गया है कि, मंदिर भवन में अभी निर्माण कार्य चल रहे हैं और कुछ मंडपों की छतें अभी घुम्मट आदि का निर्माण न होने से वे खुले हैं जो मानचित्र के अनुसार कार्यपूर्ण होने पर ढक जाएंगे।

राय ने बयान में कहा, चूंकि प्रथम तल पर बिजली, वाटर प्रूफिंग एवं फ्लोरिंग का कार्य प्रगति पर है अतः सभी जंक्शन बॉक्सेज़ में पानी प्रवेश करने से वही पानी कंड्यूट के सहारे भूतल पर गिरा है। उसे देखने पर यह प्रतीत हो रहा था कि, पानी छत से टपक रहा है। जबकि यथार्थ में पानी कंड्यूट पाइप के सहारे भूतल पर निकल रहा था।

बयान में कहा गया है कि, पत्थर से बने मंदिर में बिजली के कन्ड्युट (पाइप) एवं जंक्शन बाक्स का कार्य पत्थर की छत के ऊपर होता है एवं कन्ड्युट को छत में छेद करके नीचे उतारा जाता है जिससे मंदिर के भूतल के छत की लाइटिंग होती है।

## आडवाणी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की, जिसके बाद उन्हें एम्स ले जाया गया। एक सूत्र ने बताया, "लालकृष्ण आडवानी की हालत स्थिर है। यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और जेरिएट्रिक मेडिसिन सहित विभिन्न विशेषज्ञता वाले डॉक्टरों की एक टीम उनकी स्थिति का मूल्यांकन कर रही है।"

उल्लेखनीय है कि, केंद्र में तीसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने के बाद भाजपा के तमाम नेता उनसे आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार राजग के नेता चुने जाने के बाद आडवानी का आशीर्वाद लेने उनके आवास पर पहुंचे थे। उस समय उनका स्वास्थ्य ठीक था।

## अमेरिका के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विफल रही है। इसका प्रतिकूल असर मुसलमानों, इसाइयों, सिख, दलितों, यहूदियों और आदिवासियों पर ज्यादा पड़ा हैं।"

उस विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि यूएससीआईआरएफ को "एक पक्षपाती संगठन के रूप में पहचाना है जिसका अपना राजनीतिक एजेन्डा है।" प्रवक्ता ने कहा था कि यह संगठन भारत पर अपना एजेन्डा लगातार प्रकाशित करता रहता है, जो उसकी वार्षिक रिपोर्ट का एक हिस्सा हैं।" प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया था कि यह संगठन भारत के चुनावों में दखलंदाजी करने का प्रयास कर रहा हैं।"

## कोटा में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नहीं मिला है। ऐसे में परिजनों के आने के बाद पूरे मामले की पड़ताल होगी।

# हम जो वादा करते हैं उसको पूरा भी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, सीकर की संभागीय आयुक्त, आई.जी. सत्येन्द्र सिंह कलैक्टर चिन्मयी गोपाल व अन्य प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में राशि को 1 हजार रूपए से बढ़ाकर 1150 रूपए किया है और इसमें चरणबद्ध रूप से वृद्धि की जाएगी। संकल्प पत्र के हर एक वादे को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा " हम पजो वादा करते हैं उसको पूरा भी करते हैं।" उन्होंने कहा कि, 88 लाख से अधिक पैंशनरों के बैंक खातों में 1037 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि, इन पैंशन योजनाओं में डिजिटल प्रक्रिया अपनाई जा रही है। जिससे आज पैंशनर्स को बिना किसी परेशानी के योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो रहा है। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लाभार्थियों से संवाद भी किया। लाभार्थियों ने योजना के तहत राशि बढ़ाए जाने पर मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। बीकानेर से मुख्यमंत्री एकल नारी पेंशन योजना की लाभार्थी कौशल्या ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि, पैंशन में की गई राशि बढ़ोतरी से हमें आर्थिक संबल मिला है। ब्यावर से मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना के लाभार्थी रामरत्न ने कहा कि "पैंशन री राशि बढ़ावा वास्ते घण्णा हेत सूं.., घण्णा कोड सूं.., घण्णा मान सूं... आपरो आभार।"

जिले के प्रभारी मंत्री एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत ने सभा की तैयारियों का जायजा आधी रात को लिया।

कार्यक्रम में सीकर संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, आई.जी. सत्येंद्र सिंह, कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, एस.पी राजर्षि राज वर्मा, ए.एस.पी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, एडीएम रामरतन सौंकरिया, सीईओ अम्बालाल मीणा, अजमेर डिस्कॉम एस.ई महेश टीबड़ा, एस.डी.एम सुमन सोनल झुंझुनूं, बृजेश कुमार चिड़ावा, नगर परिषद आयुक्त अनिता खीचड़, सी.एम.एच.ओ. डॉ. छोटेलाल गुर्जर, बी.डी.के. अस्पताल पी.एम.ओ डॉ. संदीप पचार, डी.एस.ओ. कपिल झाझड़िया, मुख्यमंत्री सुरक्षा ए.एस.पी. राजेश गुप्ता, चिड़ावा डी.एस.पी. विकास धींधवाल, सिटी झुंझुनूं डी.एस.पी वीरेंद्र शर्मा, ग्रामीण झुंझुनूं डी.एस.पी. हरिसिंह धायल, बुहाना डी.एस.पी. नोपाराम भाकर, शहर कोतवाल पवन चौबे आदि मौजूद थे।

# स्पीकर ओम बिड़ला के बाद ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संविधान ने हर चुनौती और हर परीक्षा को पास किया है।"

उन्होंने कहा, यहां तक कि संविधान निर्मित हो रहा था तब विश्व में कई ताकते थी जो भारत की विफलता की कामना कर रही थी। संवधिान के क्रियान्वयन के बाद भी इस पर कई बार हमला हुआ।"

उन्होंने कहा, "आज 27 जून है। वर्ष 1975 में 25 जून को आपातकाल लगा था जो कि संविधान पर प्रत्यक्ष हमले का सबसे बड़ा और डरावना उदाहरण है। तब पूरा देश इस पर नाराज़ था।"

राष्ट्रपति ने कहा गत चार दशकों में हमने कश्मीर में हड़तालों व शटडाउन के बीच कम वोटर टर्न आउट देखा था। भारत के शत्रु दुनिया भर में दुष्प्रचार कर रहे थे और इसे जम्मु कश्मीर का जनमत बताते थे पर इस बार कश्मीर की जनता ने देश के भीतर और बाहर के तत्वों को माकूल जवाब दिया है। उन्होंने 2024 के चुनाव नतीजों को एन.डी.ए. सरकार के सेवा व सुशासन पर जनता की मोहर बताया।

राष्ट्रपति ने विरोधात्मक सोच आर क्षूद्र स्वार्थों की निंदा की ओर कहा कि यह प्रवृत्तियाँ लोकतंत्र की मूल भावना को कमज़ोर करती है।"

उन्होंने कहा, संसदीय व्यवस्था इससे प्रभावित होती है। साथ ही देश की विकास यात्रा पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। अस्थिर सरकारों का दौर देश के कई वर्षों तक रहा है। कई सरकारें चाह कर भी ना तो सुधार कर पाईं और ना ही महत्वपूर्ण फैसले कर पाईं। भारत की जनता ने अपने निर्णायक जनादेश से यह स्थित बदल दी है।

उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व लोकतंत्र के जनक का सम्मान करता है।" भारत के लोगों ने हमेशा लोकतंत्र में पूर्ण आस्था का प्रदर्शन किया है। और चुनावी प्रक्रिया में उनका पूर्ण यकीन है। हमारे लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए हमें इस यकीन को बनाए रखना होगा। हमें समझना होगा कि लोकतांत्रिक संस्थान और चुनाव प्रक्रिया को आहत करने का अर्थ है कि जिस शाखा पर हम बैठे है उसी को काट देना हमारे लोकतंत्र की साख को कमज़ोर करने की हरेक कोशिश का हमें मिल कर विरोध करना होगा।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि ये ताकते देश में भी हैं और देश के बाहर से भी काम कर रही हैं ये ताकतें जनता को गुमराह करती हैं और गलत जानकारी फैलाती हैं। इस स्थिति अनियंत्रित नहीं छोड़ा जा सकता है। आज जब टैक्नॉलजी बहुत आगे बढ़ गई है। इसका दुरुपयोग मानवता के लिए घातक है। भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी यह चिंता जाहिर की है और इसके लिए ग्लोबल फ्रेम वर्क का समर्थन किया है।" उन्होंने कहा, यह सदी भारत की सदी है।

# कर्नाटक में उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मुख्यमंत्री बनने के जोड़-तोड़ फिर शुरु किए

## मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री शिवकुमार अपना-अपना पक्ष रखने दिल्ली आए

- कर्नाटक में कांग्रेस के सत्ता संघर्ष में उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार का पलड़ा भारी लग रहा है। इसे बैलेंस करने के लिए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया गुट के लोगों ने और ज्यादा डिप्टी सी.एम. बनाने की मांग तेज कर दी है।
- ज्ञातव्य है कि, शिवकुमार ने इसी शर्त पर सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ किया था कि, उपमुख्यमंत्री पद पर वो खुद अकेले ही काबिज रहेंगे।
- कर्नाटक कांग्रेस के सत्ता संघर्ष को उस समय और हवा मिली जब वोक्किलगा समुदाय के एक संत ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मौजूदगी में कहा कि, वे पद से हट जाएं और डी.के. शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनने का मौका दें।
- इसी बीच कर्नाटक भाजपा ने कांग्रेस की इस फूट का लाभ उठाने की कोशिशें शुरु कर दी हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार जल्द ही गिर जाएगी।

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 27 जून। कर्नाटक कांग्रेस में नेतृत्व की कशमकश एक बार फिर शुरु हो गई है। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने के पक्ष में पूरा माहौल बन रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया के निष्ठावान नेता भी उपमुख्यमंत्री पद लेने की फिर से मांग कर रहे हैं।

कर्नाटक कांग्रेस में, लोकसभा चुनावों के तुरन्त बाद सत्ता को लेकर आंतरिक संघर्ष पुनः शुरु हो गया है। यह कुछ ऐसा है जिसके लिए कांग्रेस हाईकमान को कुछ ना कुछ जरूर करना होगा और वह भी ऐसे समय में जबकि वह पूरे देश में पार्टी को पुर्नजीवित करने के लिए अपनी रणनीति में बदलाव की कोशिश कर रही है और खासतौर पर हिंदी भाषी प्रदेशों में उत्तर प्रदेश में लोकसभा की कुछ सीटें जीतने से प्रोत्साहित होकर।

सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, दोनों ही पार्टी हाईकमान को अपना-अपना पक्ष समझाने के लिए दिल्ली जाने वाले हैं। स्थिति यहाँ तक पहुँच गई है कि, डी.के. शिवकुमार के इस सुझाव को नामंजूर करते हुए और उपमुख्यमंत्री बनाये जाने की मांग की है और यह बात उनके शुरुआत रूख के विपरीत है। शुरु में जब उन्होंने सिद्धारमैया के पक्ष में मुख्यमंत्री ना बनना स्वीकार किया था पर उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि वे ही एक मात्र उपमुख्यमंत्री होंगे।

यह माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के नज़दीकी मंत्री अपनी पदोन्नति की कोशिश कर रहे हैं, इसके बावजूद कि नेतृत्व में परिवर्तन की मांग शिवकुमार की तरफ से की जा रही है। वोक्कालिगा समुदाय के एक संत ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से अनुरोध किया है कि वे अपनी कुर्सी छोड़कर डी.के. शिवकुमार को राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनने का मौका दे। एक कार्यक्रम, जिसमें मुख्यमंत्री भी उपस्थित थे, वोक्कालिगा संत चन्द्रशेखर स्वामी जी ने कहा कि हर कोई मुख्यमंत्री बनकर सत्ता सुख भोग चुका है, लेकिन हमारे डी.के. शिवकुमार अब तक मुख्यमंत्री नहीं बने हैं। उन्होंने कहा था कि सिद्धारमैया पहले भी सत्ता में रहे हैं और उन्हें शिवकुमार के लिए स्थान खाली करना चाहिए।

इस बीच भाजपा ने कांग्रेस की अटपटी स्थिति से फायदा उठाने की कोशिश की। भाजपा विधायक अश्वत्थनारायण ने कहा कि "कांग्रेस में सत्ता संघर्ष चल रहा है। सुशासन नाम की कोई चीज़ नहीं है। भाजपा के अन्य नेता ने टिप्पणी की कि "ऐसे वक्त में जब राज्य आवश्यक वस्तुओं में महंगाई की मार से त्रस्त है, कांग्रेस आंतरिक संघर्ष में उलझी हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं कि कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल पूर्ण नहीं कर पाएगी और जल्दी ही गिर जाएगी।

तथापि, ना तो सिद्धारमैया और ना ही शिवकुमार ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन संबंधी किसी बातचीत से इन्कार किया है, लेकिन साथ ही यह भी कहा है कि "कोई कुछ भी कह सकता है, लेकिन अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान को ही लेना है।" इस बयान से यह समझा गया कि कोई आपसी समझ बन चुकी है और डी.के. शिवकुमार को ढाई साल बाद मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा, लेकिन सिद्धारमैया के नज़दीकी मंत्री पुरजोर इन्कार करते है। दिल्ली में कांग्रेस के कुछ सीनियर नेताओं ने भी इसकी पुष्टि की है।

राज्य के मंत्री एम.बी. पाटिल ने यह घोषणा कर इस मुद्दे पर विराम दिया कि सिद्धारमैया अगले पांच वर्षों तक मुख्यमंत्री रहेंगे और दोनों नेताओं के बच सत्ता शेयरिंग को लेकर कोई समझौता प्रस्ताव नहीं है। "ए.आई.सी.सी. सचिव के.सी. वेणुगोपाल ने दिल्ली में आयोजित एक प्रैस मीट के दौरान सत्ता शेयरिंग को लेकर कुछ नहीं कहा। हालांकि उन्होंने कहा था कि सिद्धारमैया अपने पद पर बने रहेंगे और पाँच साल का अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे।

## 'क्या ओ.एम.आर. शीट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अधिकार तो जनता में निहित होते हैं न कि प्राइवेट संस्था में।

बैंच ने कोचिंग सैन्टर से कहा कि कोचिंग समाप्त होने के बाद उसका कोई लेना-देना नहीं रह जाता है, बैंच ने टिप्पणी में कहा "एक कोचिंग सैन्टर की तरफ से यह याचिका आर्टिकल 32 के तहत है। आपके कौनसे मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है? उनकी मुश्किल से ही कोई इसमें भूमिका है। आपकी सेवाएं यानि कोचिंग जब खत्म हो जाती हैं तो उसके बाद आपकी जिम्मेदारी व ड्यूटी पूरी हो जाती है।

वरिष्ठ वकील बसंत ने अवकाशकालीन बैंच से कहा कि कोचिंग सैन्टर के अतिरिक्त, याचिकाकर्ता सं. 2, 3, 4 और 5 अभ्यर्थी भी हैं जो नीट-यू.जी. 2024 में उपस्थित हुए थे। कोचिंग सैन्टर की भूमिका के बारे में वरिष्ठ वकील ने कहा कि "इन कारणों में से एक कारण कोचिंग सैन्टर का नैतिक दायित्व भी है।"

जस्टिस भट्टी ने तुरन्त कहा कि जो कोई काम केन्द्र सरकार करेगी, कोचिंग सैन्टर द्वारा भी उसका ध्यान रखा जाएगा।"

वरिष्ठ वकील बसंत ने कोर्ट से कहा कि याचिकाकर्ता विद्यार्थी (2 से 5 तक) जो कोर्ट के समक्ष हैं वो भी ओ.एम.आर. शीट्स प्राप्त करने वालों से है जो नीट-यू.जी. 2024 की परीक्षा में उपस्थित हुए थे परन्तु उन्हें अभी तक ओ.एम.आर. शीट्स उपलब्ध नहीं कराई गई है।

नीट-यू.जी. 2024 के परीक्षा परिणाम का रद्द करने की मांग को लेकर अनेक याचिकाकर्ताओं ने शीर्ष अदालत में याचिकाएं दाखिल की हैं और 5 मई को आयोजित उक्त परीक्षा का पेपर लीक होने तथा परीक्षा में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए दुबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग की है।

शीर्ष अदालत नीट-यू.जी. 2024 प्रवेश परीक्षा की काउन्सलिंग पर रोक लगाने की मांग को पहले ही अस्वीकार कर चुकी है जो कार्यक्रमानुसार 6 जुलाई 2024 से शुरु होने वाली है।

## अठारहवीं ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पास धरने पर बैठेंगे।

इण्डिया पार्टियों के नेता संसद भवन परिसर में, कथित राजनीतिक प्रतिशोध, विपक्ष के विरुद्ध सी.बी.आई. व ई.डी. के दुरूपयोग आदि मुद्दों को लेकर गाँधी प्रतिमा के पास धरना देंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा मंत्रियों की गिरफ्तारी, हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और पश्चिम बंगाल में तीन मंत्रियों की गिरफ्तारी को भी धरने का मुद्दा बनाया जाएगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908